* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

04 दिसंबर, 2022
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 46

पद्म भूषण से सम्मानित हुए सुंदर पिचाई : बोले- भारत मेरा एक हिस्सा है। मैं जहां भी जाता हूं, इसे अपने साथ ले जाता हूं।



SURJABASHA

M.Sc. Nursing 2 Years
FLORENCE
Group Of Institutions
A Unit Haji Abdur Razzaque Educational Society
Direct Admission Open - 2023-24
PARAMEDICAL
◆ DMLT/ECG/X-RAY
◆ DRESSERS
◆ OPHTHALMIC ASST.
◆ OT ASSISTANT
Courses Offered:
GNM ANM
B.SC. Nursing
Post Basic
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
Mob. No. : 9031231082
6205145470, 9334645053
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
fsnirba@gmail.com
www.florencinstirba.com

ट्रेड फ्रेण्ड्स
एनएच-33 (चकला ओरमांझी)
BMW शोरूम के नजदीक, रांची
मो. : 9204951600
गोंदा टाउन, कांके रोड, रिलायंस मार्ट, रांची
मो. : 7360027795
मुर्गा छाप
कोरोनेशन छाप
लगन के रंग-बिरंगे पटाखों का विशाल संग्रह
40 वर्षों का विश्वास
खुशियां पटाखों से पटाखे हमसे....

समस्या है तो.... समाधान भी है
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न, गोल्ड मेडलिस्ट, एम.ए. (ज्योति विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (Ph.D) रांची विश्वविद्यालय, रांची
8210075897, 9031249105
विवाह, व्यापार, परिवार, करियर आदि ऊपरी बाधा संबंधी किसी भी समस्या से परेशान हैं तो शीघ्र समाधान के लिए संपर्क करें।
प्रधान कार्यालय - कृष्णा ज्वेलर्स सोनार गली, ऊपर बाजार, रांची
आवास- आचार्यकुलम बहाबीर नगर, अरगोड़ा, रांची

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI
No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION
2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
BUS FACILITY AVAILABLE.
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301

## परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद वीर अल्बर्ट एक्का को दी श्रद्धांजलि



राज्यपाल रमेश बैस और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद वीर अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि दिवस पर महात्मा गांधी मार्ग (अल्बर्ट एक्का चौक) स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के बारे में हर दिन खुल रहे नये राज, इडी का दावा

# अमित से नजदीकी ने पूजा को दिलाया था खनन सचिव का पद

● बैंक ऑफ बड़ौदा के अकाउंट के बारे में बोला गया पूजा सिंघल का झूठ पकड़ा गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशलय (इडी) की हिरासत में निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के बारे में हर दिन नये राज खुल रहे हैं। अब पूजा के बारे में दो और नये खुलासे हुए हैं। इडी ने झारखंड हाइकोर्ट में दावा किया है कि अमित अग्रवाल की नजदीकियों के कारण पूजा सिंघल को खनन विभाग का सचिव बनाया गया था। उधर, पूजा सिंघल का बैंक ऑफ बड़ौदा के अकाउंट के बारे में दिये गये बयान का सच भी सामने आया है। इडी ने पूजा के दावे को गलत पाया है।

**सच्चाई लोगों के सामने आनी चाहिए :** झारखंड हाइकोर्ट में इडी ने दावा किया है कि अमित अग्रवाल की नजदीकियों के कारण पूजा सिंघल को खनन विभाग का सचिव बनाया गया था। इतना ही नहीं, प्रेम प्रकाश को संथाल परगना इलाके से माइनिंग से होने वाली कमाई भी अमित अग्रवाल के पास जमा करने का निर्देश दिया गया था। झारखंड हाइकोर्ट ने अपने आदेश में कहा





है कि अधिवक्ता राजीव कुमार को कैश के साथ पकड़वाने वाले कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल ने न्यायालय, सरकारी अधिकारियों और इडी को बदनाम करने की कोशिश की। कोलकाता में हुई एफआइआर भी अमित अग्रवाल के आवासीय क्षेत्र से बाहर है। यह दिखाता है कि पूरा घटनाक्रम एक षड्यंत्र है। इसलिए इसकी सच्चाई आम लोगों तक आनी चाहिए। गौरतलब है कि हाइकोर्ट ने कैश कांड मामले कीजांच सीबीआइ को करने का आदेश दिया है। हाइकोर्ट ने सीबीआइ के डायरेक्टर को आदेश दिया है कि इस पूरी घटना की जांच के दौरान 15 दिनों में आये तथ्यों के आधार पर कानून सम्मत कार्रवाई करें।

**खाते में जमा हुए था 12 लाख से ज्यादा :** उधर, पूजा सिंघल ने पूछताछ में बताया था कि बैंक ऑफ बड़ौदा का अकाउंट उनके नाम से खोला गया है, लेकिन इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। पूजा सिंघल के इस दावे की पोल इडी की जांच में खुल गयी। पूजा सिंघल ने इस खाते के लिए अप्रत्यक्ष तौर पर सीए सुमन कुमार सिंह पर आरोप लगाया था, जबकि हकीकत यह है कि बैंक ऑफ बड़ौदा में पूजा सिंघल के नाम का अकाउंट (41110100002602) था। इस खाते में कई तरह के लेन-देन हुए, जिसका पूरा ब्योरा इडी के पास मौजूद हैं। इडी ने अपनी जांच में पाया है कि राधेश्याम एक्सप्लोसिव और संतोष क्रशर के खातों में कुल 12.61 लाख रुपये ट्रांसफर किये गये थे। बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते में पूजा द्वारा बीमा पॉलिसी को भुनाने से मिली रकम भी जमा हुई थी।

## पंकज मिश्रा ने इडी के सहायक डायरेक्टर देवदत्त झा पर किया केस

रांची (आजाद सिपाही)। पंकज मिश्रा ने रांची इडी के सहायक डायरेक्टर देवदत्त झा के खिलाफ ही कंप्लेन केस दर्ज करा दिया है। यह केस इडी के विशेष कोर्ट में न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में कराया गया है। कोर्ट को दिये गये आवेदन में देवदत्त झा के खिलाफ तथ्यों को छुपाने का आरोप लगाया गया है, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया है। आवेदन में कहा गया है कि जिस मामले को आधार बना कर मनी लांड्रिंग मामले में इडी ने केस किया है, वह मामला बरहड़वा थाना कांड संख्या 85/20 है, जिसमें पुलिस ने मुकदमा को खत्म कर दिया था। इडी ने तथ्य छुपाकर पीसी दाखिल की है। इस मामले में पंकज मिश्रा के अलावा मंत्री आलमगीर आलम को निर्दोष पाया गया था और न्यायालय ने भी पंकज मिश्रा के खिलाफ संज्ञान नहीं लिया था।

## विजय हांसदा के शपथ पत्र का सत्यापन करने वाले वकील से इडी पूछताछ करेगी

साहिबगंज। अवैध खनन और मनी लांड्रिंग मामले की जांच कर रही इडी अब पंकज मिश्रा के खिलाफ की गयी शिकायतों को पुलिस द्वारा बंद किये जाने के पीछे की कहानी जानने में जुट गयी है। इस मामले में इडी का गवाह और आर्म्स एक्ट में साहिबगंज जेल में बंद विजय हांसदा अहम कड़ी साबित हो रहा है। इडी अधिकारियों ने शुक्रवार को विजय हांसदा से करीब ढाई घंटे तक पूछताछ की। विजय हांसदा ने बताया कि पुलिसकर्मियों ने उससे सादे कागज पर हस्ताक्षर कराया, जबकि रिकार्ड के अनुसार उसने शपथपत्र के माध्यम से अपनी बातें कही हैं। शपथपत्र अधिवक्ता तैयार करते हैं और नोटरी पब्लिक उस पर मुहर लगाते हैं। शपथकर्ता की मौजूदगी में ही यह प्रक्रिया पूरी होती है। इस मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए इडी संबंधित अधिवक्ता व नोटरी पब्लिक से भी पूछताछ की तैयारी में है। उधर, इडी ने साहिबगंज एसडीओ आफिस के पास स्थित स्वीटी पैलेस की उपरी मंजिल को सील कर दिया है। राजमहल पहुंची इडी की टीम ने वहां के सब रजिस्ट्रार से मुलाकात की और कुछ कागजात पर हस्ताक्षर कराया।

## लोहरदगा में ईंट कारोबारी की पत्नी की गोली मार कर हत्या

● घटनास्थल से पुलिस ने बरामद किया दो खोखा

**सत्यकाम**

**लोहरदगा।** लोहरदा जिला के चंदकोपा गांव में शनिवार को पूर्वाह्न लगभग साढ़े दस बजे घात लगाकर महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। मृतक महिला की पहचान उज्ज्वला देवी (40) के रूप में हुई है। उसके पति का नाम प्रमोद प्रसाद उर्फ बबलू है। घटना के समय महिला घर में अकेली थी। उसके दो पुत्र सौरभ और शौर्य कोचिंग करने के लिए लोहरदगा शहरी क्षेत्र गये थे। पति प्रमोद साहू भी किसी कार्य से घर से बाहर गये थे। घटनास्थल से पुलिस ने दो गोली का खोखा बरामद किया है। सेन्हा थाना में हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस कार्रवाई कर रही है। सदर अस्पताल में महिला के पोस्टमार्टम के दौरान मुख्यालय डीएसपी परमेश्वर प्रसाद और सदर थानेदार पंकज शर्मा भी पहुंचे। उन्होंने हत्याकांड के सभी संदेहास्पद पहलुओं पर पड़ताल शुरू किया। मामले की जांच के लिए पुलिस ने मृतका के मायके पक्ष के लोगों को बुलाया है।

घटना की सूचना पर सेन्हा थाना के पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार घटनास्थल चंदकोपा गांव पहुंचकर जांच पड़ताल किया। मौके से दो गोली के खोखा जप्त किया। दीवार पर मृतिका के खून के छींटे पड़े थे। मृतिका के सिर व हाथ में गोली लगने के निशान मौजूद है। बताया कि घर पर अकेले महिला पर घात होने के दौरान चीख पुकार सुन पड़ोस की महिला पहुंची थी। तब तक अज्ञात हत्यारे फरार हो गये थे। मौके पर महिला की मौत हो गयी थी।

बताया जा रहा है कि मृतिका के पति प्रमोद साहू ईट भट्ठा संचालक है। वह शराब के अवैध कारोबार भी संचालित करता है। शराब तस्करी के आरोप में वह जेल में था चंद दिनों पूर्व जमानत पर वह बाहर निकला है।

## हजारीबाग में भाजपा की कार्यकर्ता की हत्या का प्रयास

● गला रेत कर मारने की हुई कोशिश

**दीपक सिंह**

**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी की महिला कार्यकर्ता की गला रेतकर हत्या करने की कोशिश की गयी। घायल महिला भाजपा कार्यकर्ता को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना हजारीबाग के कटकमसांडी थाना क्षेत्र के कंडसार गांव की है। यहां की निवासी संजू देवी (30 वर्ष) की गला रेत कर हत्या करने का प्रयास किया गया। घटना शुक्रवार की देर रात की है। जानकारी के मुताबिक घायल महिला देर रात को शौच के लिए घर के बगल के खेत में गयी थी। कुछ देर बाद हो हल्ला सुनकर आसपास के लोग निकले तो देखा कि महिला के गले से खून बह रहा है और उसके कपड़े खून से लथपथ हैं। उसके गर्दन के हिस्से में धारदार हथियार से रेतने के निशान हैं।

**बात करने की स्थिति में नहीं है महिला :** संजू देवी बोलने की स्थिति में नहीं थी। उनके एक हाथ की उंगली भी कटी हुई थी। स्थानीय लोग घटना के बाद महिला को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल हजारीबाग ले गये। वहां इसका इलाज चल रहा है। पुलिस महिला बोलने की स्थिति में आने इंतजार कर रही है, ताकि घटना की जानकारी ले सके। डॉक्टरों ने इजाल के बाद महिला को खतरे से बाहर बताया है। संजू देवी के पति प्रवेश राम रोजगार के लिए दूसरे राज्य गये हैं।

**भाजपा महिला विंग की सक्रिय कार्यकर्ता :** घायल संजू देवी भाजपा कटकमसांडी पूर्वी मंडल की महिला विंग की सक्रिय कार्यकर्ता है। इधर घटना की जानकारी सदर विधायक मनीष जायसवाल को मिलने पर उन्होंने तत्काल अपने मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को अस्पताल भेज कर इलाज में मदद का निर्देश दिया।

## बंगाल में टीएमसी बूथ अध्यक्ष के घर में धमाका, दो की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्बा मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर इलाके में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बूथ अध्यक्ष राजकुमार मन्ना के घर पर ब्लास्ट हुआ। शुक्रवार रात हुए इस ब्लास्ट में दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। यह हादसा भूपतिनगर में जहां हुआ, वहां से 1.5 किमी दूर कोंटाई नगर में टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी शनिवार को लोगों को संबोधित करने वाले थे। बम का धमाका इतना भीषण था कि खपरैल की छत वाला मिट्टी का घर तहस-नहस हो गया।

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN
PLACEMENT Assistance
Scholarship Facility Available
NURSING
ANM GNM
POST | BASIC | B.SC.
BASIC | B.SC. | M.SC.
PARAMEDICAL
DRESSERS | DMLT | ECG
X-RAY | OPHTHALMIC
ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY
D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

### गुमला ट्रेजरी में रखे कलश को भूल चुका है झारखंड का प्रशासन

# परमवीर की 'कब्र की मिट्टी' को अब भी है रहनुमा का इंतजार

**आफताब अंजुम**

**गुमला।** वर्ष 2015 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास सरकार द्वारा परमवीर अल्बर्ट एक्का के समाधि स्थल से मंगायी गयी मिट्टी से भरा कलश आज भी गुमला ट्रेजरी में सिसकियां भर रहा है। इस कलश को लाने में जितना सरकारी तामझाम हुआ था, वह सब झारखंड का प्रशासन भूल चुका है। लेकिन लोगों को याद है कि झारखंड के इकलौते परमवीर चक्र विजेता के समाधि स्थल से लायी गयी मिट्टी से भरे कलश को लेकर तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वयं परमवीर के गांव में स्थापित करने के लिए निकले थे। जिन रास्तों से वह काफिला गुजरा था, स्कूली बच्चों ने राष्ट्रीय गान और राष्ट्रीय गीत के साथ उसका स्वागत किया था। व्यवस्था इतनी चुस्त-दुरुस्त थी कि लंबी मानव श्रृंखला सड़क के दोनों ओर परमवीर के समाधि स्थल की मिट्टी का स्वागत कर रही थी। केवल स्कूली बच्चे ही नहीं, आम लोगों ने भी पूरे सम्मान के साथ काफिले का स्वागत किया था। पूरे क्षेत्र में राष्ट्रीयता और देशभक्ति का वातावरण दिखाई दे रहा था, लेकिन जैसे ही काफिला परमवीर के गांव जारी पहुंचा, परमवीर की पत्नी बलमदीना एक्का ने तत्कालीन मुख्यमंत्री से मिलने से इंकार कर दिया था। प्रशासनिक पदाधिकारियों के काफी समझाने-बुझाने के बाद बलमदीना ने रघुवर दास से मुलाकात तो की, लेकिन वह उस मिट्टी को परमवीर के समाधि स्थल की मिट्टी होने से इनकार कर दिया। साथ ही यह भी कहा कि इस मिट्टी को परमवीर के यादगार के तौर पर जारी में स्थापित होने नहीं देना चाहती हैं।

बलमदीना ने उस समय रघुवर दास से कहा था कि अगर उनके पति के समाधि स्थल से मिट्टी लानी थी, तो उन्हें साथ क्यों नहीं ले जाया गया। काफी समझाने के बावजूद बलमदीना ने रघुवर दास की बात नहीं मानी थी। अंततः तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को वह मिट्टी जारी से वापस लेकर गुमला जिला मुख्यालय तक बैरंग लौटना पड़ा। मिट्टी भरे कलश को गुमला की ट्रेजरी में सुरक्षित रखा गया। उसके बाद परमवीर की समाधि स्थल से मिट्टी लाने के लिए परमवीर अल्बर्ट एक्का फाउंडेशन नामक एक समिति का गठन किया गया और आठ जनवरी 2016 को पुनः परमवीर के समाधि स्थल से मिट्टी लायी गयी और उस कलश की स्थापना जारी में की गयी। उस टीम का नेतृत्व झारखंड आंदोलनकारी रतन तिर्की कर रहे थे। टीम में बलमदीना भी शामिल थीं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
No 1 Channel
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 04 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# हल नहीं हुआ बिजली संकट, तो रुक जायेगी झारखंड के विकास की गाड़ी

## ▪ अधिकारियों की लापरवाही के कारण समस्या हो रही गंभीर ▪ अब तो उद्योग-धंधों के बंद होने का मंडराने लगा खतरा

**आजाद सिपाही विशेष**


**झारखंड का यह दुर्भाग्य ही है कि जो प्रदेश पूरे देश के बिजली घरों को कोयला सप्लाई करता है, वही प्रदेश बिजली के भयानक संकट से जूझ रहा है। 22 साल के हो चुके इस राज्य की यह ऐसी समस्या है, जिसके निदान की जितनी भी कोशिश की जाती है, वह संकट और विकराल होने लगता है। इस संकट का आलम यह है कि अब उद्योग-धंधों के बंद होने का खतरा मंडराने लगा है। बिजली के इस संकट को यदि तत्काल हल नहीं किया गया, तो यह राज्य के विकास की रफ्तार को रोक देगा। कोरोना की मार से बेहाल अर्थव्यस्था की गाड़ी अब बिजली संकट की मार नहीं झेल सकती है और यह बात राज्य में बिजली उत्पादन और वितरण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को अच्छी तरह समझ लेनी चाहिए। लेकिन सबसे अधिक दुखद यह है कि इस संकट के निदान के बारे में कोई अधिकारी सोच भी नहीं रहा है, जबकि सारा कुछ इस नौकरशाही पर ही निर्भर है। बिजली की सप्लाई करने के बाद उपभोक्ताओं से उसकी कीमत समय पर वसूल करना और फिर उस पैसे को बिजली उत्पादन या खरीदने में खर्च करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। यदि वे इस जिम्मेदारी को पूरा नहीं कर पा रहे हैं, तो उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। नौकरशाहों की लापरवाही का खामियाजा पूरा प्रदेश भुगत रहा है और बदनामी राजनीतिक नेतृत्व या सरकार की हो रही है। इसलिए इस गंभीर संकट की तरफ तत्काल ध्यान देना जरूरी है, अन्यथा इसकी बड़ी कीमत झारखंड को चुकानी पड़ेगी। झारखंड में बिजली संकट के असर का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड में पिछले करीब डेढ़ महीने से बिजली का भयानक संकट लगातार जारी है। इसमें सुधार की कोई कोशिश होती नहीं दिख रही है। ऐसा लगता है कि राज्य में बिजली आपूर्ति, संचरण और वितरण की जिम्मेदारी संभालनेवाले अधिकारियों को इस संकट से कोई अंतर ही नहीं पड़ रहा है। ग्रामीण इलाकों की तो बात छोड़ दें, शहरों में भी आठ से दस घंटे की बिजली कटौती हो रही है। इसका सीधा असर राज्य के उद्योग-धंधों पर पड़ने लगा है। जानकारों का कहना है कि अगर यही हालात रहे, अगले दो-तीन महीनों में भी इसमें सुधार नहीं हुआ, तो अप्रैल 2023 के बाद यहां के कई उद्योग बंद होने लगेंगे। उद्यमियों-व्यापारियों का कहना है कि रोजगार और व्यापार को लेकर बिजली विभाग के अधिकारी गंभीर नहीं हैं। बिजली से कई तरह के व्यापार चलते हैं। इसी तरह बार- बार कटौती होती रही, तो संकट बढ़ने लगेगा। शहरी इलाकों में हर दिन लगभग आठ से दस घंटे की बिजली कटौती हो रही है। ग्रामीण इलाकों की हालत तो और भी खराब है। बिजली की स्थिति सुधर नहीं रही है। बिजली की कटौती से व्यापारियों के लिए समय पर ऑर्डर पूरा करना मुश्किल होगा। झारखंड में 50 हजार से अधिक छोटी-बड़ी लघु और मध्यम दर्जे की औद्योगिक इकाइयां हैं।

### क्यों है राज्य में बिजली संकट

राज्य में बिजली कटौती के पीछे कई वजहें हैं। उत्पादन की कमी और केंद्र सरकार के नये नियम के अनुसार बकाया होने पर राज्य की बिजली में कटौती, बड़ी वजह में शामिल हैं। 15 अक्टूबर से ही झारखंड को पीक आवर में अतिरिक्त बिजली खरीदने पर रोक लगा दी गयी है। इस कारण झारखंड को प्रतिदिन चार सौ से पांच सौ मेगावाट कम बिजली आपूर्ति हो रही है। कटौती के पीछे यह एक बड़ी वजह है।





### कितनी बिजली मिल रही है

राज्य में शहरों की स्थिति से ज्यादा खराब गांवों की स्थिति है। ग्रामीण इलाकों में 10 से 12 घंटे बिजली की कटौती हो रही है। राज्य को फिलहाल तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड से 360 मेगावाट, एनटीपीसी से 500 मेगावाट, इनलैंड से 50 मेगावाट और अन्य स्रोत से कुल मिला कर 1200 से 1400 मेगावाट बिजली मिलती है, जबकि शाम के समय बिजली की मांग बढ़ कर 1700 से 1800 मेगावाट पहुंच जाती है। झारखंड में अभी पावर एक्सचेंज से बिजली खरीदने पर रोक लगी हुई है। ऐसे में 500 मेगावाट की लोड शेडिंग करनी पड़ रही है। डीवीसी कमांड एरिया में भी बिजली कटौती कर 400 मेगावाट ही बिजली दी जा रही है।

इसके अलावा बिजली संकट के तीन बड़े कारण भी हैं। पहला कारण यह है कि झारखंड की बिजली राजस्थान की गर्मी पर निर्भर है। झारखंड को राजस्थान के सौर ऊर्जा प्लांट से 300 से 350 मेगावाट बिजली मिलती है। दिन के 10 बजे से शाम पांच बजे तक वहां की गर्मी से बिजली तो मिल जाती है। लेकिन शाम पांच बजे के बाद सूर्यास्त होते ही बिजली आपूर्ति बंद हो जाती है, जबकि शाम में बिजली की मांग 500 मेगावाट तक बढ़ जाती है और इसी समय बिजली आपूर्ति भी कम हो जाती है।

दूसरा कारण यह है कि रांची के सिकिदिरी हाइडल में पानी बंद कर दिया गया है। इसकी वजह यह है कि रुक्का डैम में जलस्तर 1960 फीट ही रह गया है। गर्मी में पेयजल आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए सिकिदिरी हाइडल को बंद कर दिया गया है। अंतिम बार 15 नवंबर को स्थापना दिवस के दिन सिकिदिरी हाइडल से उत्पादन हुआ। इसके बाद से 130 मेगावाट बिजली की कमी हो गयी है। झारखंड में बिजली संकट का तीसरा कारण यह है कि नये नियम के तहत बकाया रहने पर बिजली खरीद पर रोक लगा दी गयी है। इलेक्ट्रिसिटी रूल्स-2022 के तहत केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने झारखंड बिजली वितरण निगम को पीक आवर में अतिरिक्त बिजली खरीदने पर रोक लगा दी है। वहीं, चालू बिल के 205 करोड़ रुपये का बकाया होने के कारण डीवीसी को भी 10 प्रतिशत बिजली कटौती का निर्देश दिया गया है। इधर, इस बार जेबीवीएनएल को 330 करोड़ रुपये ही राजस्व प्राप्त हुआ है, जबकि जरूरत 400 करोड़ की है।

### 22 साल में 50 हजार करोड़ का घाटा

झारखंड में बिजली के लिए जिम्मेदार कंपनी झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) ने झारखंड के 22 साल में लगभग 50 हजार करोड़ रुपये का घाटा दिखाया है। यह घाटा क्यों हुआ, यदि इसकी तह में जाया जाये, तो पता चलता है कि यह अधिकारियों की लापरवाही और जिम्मेदारी को पूरा नहीं करने की उनकी आदत के कारण हुआ है। बिजली की खपत के बाद उपभोक्ताओं से पैसा वसूल करने की जिम्मेदारी भी उनकी ही है। इस काम में इतने सारे प्रयोग किये गये और इतनी लापरवाही बरती गयी कि राजस्व संग्रहण का काम ही धीमा पड़ गया। इसलिए अब सवाल यह उठने लगा है कि आखिर ऐसी कंपनी और ऐसे अधिकारियों को मोटी तनख्वाह पर रखने का क्या औचित्य है। बिजली व्यवस्था को क्यों नहीं पेशेवरों के हाथों में सौंप दिया जाये। अगर अधिकारियों के पास बिजली की व्यवस्था को ठीक करने का कोई रास्ता नहीं है, तो जाहिर है कि भविष्य में भी बिजली की व्यवस्था ठीक होने का कोई रास्ता नहीं है। ऐसे में तो संकट और बढ़ेगा।

अधिकारियों को समझना होगा कि कोरोना की मार से कराह रही अर्थव्यवस्था की गाड़ी के लिए बिजली संकट कोढ़ में खाज के समान साबित हो रहा है। इसके समाधान के लिए युद्धस्तर पर काम करना होगा, अन्यथा झारखंड को बहुत बड़ा नुकसान झेलना होगा।

---

# 5 दिसंबर तक सर्टिफिकेट का सत्यापन नहीं कराने वाले सहायक शिक्षकों को कार्यमुक्त करेगी सरकार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक एवं शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्णता के सर्टिफिकेट्स का सत्यापन कार्य अभी जारी है**

**रांची।** राज्य सरकार ने ऐसे सहायक शिक्षकों को कार्यमुक्त करने की तैयारी की है जो अपने सर्टिफिकेट का सत्यापन करने में सहयोग नहीं कर रहे। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद्, झारखंड ने इस संबंध में सूचना भी जारी कर दी है। परिषद् की राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने कहा है कि समग्र शिक्षा के अंतर्गत राज्य में अभी कई सहायक शिक्षक कार्यरत हैं। सहायक अध्यापक सेवा शर्त नियमावली 2021 के आलोक में उनके शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक एवं शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्णता के सर्टिफिकेट्स का सत्यापन कार्य अभी जारी है। शिक्षकों को 5 दिसंबर तक अपने सभी सर्टिफिकेट का सत्यापन करने को अपने जिला के जिला परियोजना कार्यालय में संपर्क करने को कहा गया है। इस डेट का पालन नहीं करने वाले शिक्षकों को 31 दिसंबर 2022 तक कार्यमुक्त कर दिया जायेगा।

### सत्यापन जरूरी

परियोजना निदेशक के मुताबिक 5 दिसंबर तक हर हाल में सहायक शिक्षकों को संबंधित जिला परियोजना कार्यालय में अपने जरूरी सर्टिफिकेट जमा करने हैं। ऐसा नहीं करने पर माना जायेगा कि उनका शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक और शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्णता सर्टिफिकेट अनियमित है। वैध अहर्ता उनके पास नहीं है। ऐसे में 5 दिसंबर के बाद उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जायेगी। इसी साल के अंत तक उनके खिलाफ एक्शन लेते उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जायेगा। इसके बाद वे अपनी सेवा नहीं दे सकेंगे। साथ ही उनके मानदेय का भुगतान जनवरी 2023 के प्रभाव से नहीं किया जायेगा।

# 'महापुरुषों के व्यक्तित्व को जीवन में आत्मसात करें'

**कांग्रेस ने प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद, खुदीराम बोस व परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का को याद किया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शनिवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ.राजेंद्र प्रसाद एवं क्रांतिकारी नेता खुदीराम बोस की जयंती तथा परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन, रांची में मनायी गयी। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद का साधारण परिवार से राष्ट्रपति पद प्राप्त करना कठिन तपस्या का प्रतिफल था। वक्ताओं ने कहा कि हमारी निष्ठापूर्ण श्रद्धांजलि तभी पूर्ण होगी जब हम कांग्रेसजन एवं झारखंड की जनता इस महान व्यक्तित्व को आदर्श मानकर इनके बताये हुए पदचिह्नों पर चलें।

पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस का बलिदान हम देश वासियों को देश के प्रति प्रेम, सर्मपण, त्याग की प्रेरणा देता है। हम देशवासी आजादी की लड़ाई में खुदीराम बोस की बलिदान के सदा ऋणी हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने कहा कि परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद अल्बर्ट एक्का की शहादत हम झारखंड वासियों को सदा गौरवान्वित करता है। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, आभा सिन्हा, राकेश सिन्हा,धर्मेंद्र सिंह, प्रभात कुमार, जितेंद्र सिंह, चैतु उरांव, नरेंद्र लाल गोपी, सेवियर खेस्स, आनंद जालान, कृष्णा राम, अजय सिंह, अजय कुमार, महावीर एवं रामानंद केशरी सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल थे।

## नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में कार्यक्रम : अधिवक्ता दिवस पर बोले हाइकोर्ट के जज

# वर्तमान कानून को आम नागरिक के लिए सुलभ और सरल बनाने की जरूरत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अधिवक्ताओं के उत्तरदायित्व एवं सदाचार नामक गोष्ठी का होगा आयोजन**

**रांची।** संविधान दिवस और अधिवक्ता दिवस का आयोजन रांची के कांके स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में किया गया। जिसमें झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी भी शामिल हुईं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जस्टिस राजेश कुमार ने कहा कि वर्तमान कानून एक सामान्य नागरिक के समझ से परे है, इसलिए कानून को ऐसा सुलभ और सरल बनाना चाहिए कि यह सामान्य नागरिक को पूरी तरह से समझ में आये। क्योंकि देश का हर नागरिक कानून व्यवस्था के अंतर्गत ही जीवन-यापन करता है।

कार्यक्रम में लेखक और सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मी नारायण भाला, अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के क्षेत्रीय मंत्री सुनील कुमार, झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्णा, बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य प्रशांत कुमार सिंह, झारखंड हाइकोर्ट के वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार कश्यप विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अधिवक्ता परिषद से मिली जानकारी के मुताबिक अधिवक्ता परिषद द्वारा आयोजित मूट कोर्ट के विजेताओं के बीच पुरस्कार वितरण के अलावा जल्द ही अधिवक्ताओं के उत्तरदायित्व एवं सदाचार नामक गोष्ठी आयोजित की जायेगी। इस कार्यक्रम में झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस आनंदा सेन और जस्टिस दीपक रौशन मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि होंगे।

# चतरा डीसी से एजी ने मांगी 5 करोड़ की तीन पेयजल योजनाओं की रिपोर्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अकाउंटेंट जनरल (ऑडिट) ने चतरा के उपायुक्त से जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) फंड से स्वीकृत पेयजल विभाग की 5 करोड़ की योजनाओं का ब्योरा मांगा है। 28 अप्रैल 2017 को चतरा में डीएमएफटी काउंसिल की बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की पांच करोड़ से अधिक की तीन योजनों को स्वीकृति दी गयी थी। इनमें 17668.99 लाख की टंडवा संपूर्ण कवरेज ब्लॉक ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना, 671.97 लाख की तेलियाडीह ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना और 845.34 करोड़ की टंडवा ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना शामिल है।

### डिजाइन-ड्राइंग से संबंधित पेपर्स भी मांगे गये

डीसी से इन तीनों योजनाओं का डीपीआर/पीएफआर, परामर्शी कंपनी का नियुक्त पत्र और विभाग और परामर्शी के बीच हुए एमओयू की प्रति लेखा परीक्षक को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा योजना के लिए पेयजल विभाग के मुख्य अभियंता से मिली तकनीकी स्वीकृति और योजना के डिजाइन-ड्राइंग से संबंधित पेपर्स भी मांगे गये हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.8 °c | 12.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.16 बजे |



### वार्ता में कहा- देश के 20 करोड़ लोग प्रभावित होंगे

# वन संरक्षण नियम 2022 कानून से प्रभावित होंगे आदिवासी- मूलवासी : सुप्रियो भट्टाचार्य

**कहा- एयरपोर्ट, ट्रेन, बैंक बेचने वाले लोगों ने प्रकृति को भी बेचने की तैयारी कर ली है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने केंद्र की मोदी सरकार पर जनजातीय समुदाय के अधिकारों का अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है। इसके लिए पार्टी ने हाल के दिनों में लाये वन संरक्षण नियम 2022 (फॉरेस्ट कंजर्वेशन रूल - 2022) को आधार बनाया है।



पार्टी के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि यह रूल अगर संसद से पारित होकर कानून बनता है, तो झारखंड के आदिवासी- मूलवासी जो जंगल पर पूरी तरह से आश्रित हैं, सहित देश के 20 करोड़ लोग सीधे-सीधे इससे प्रभावित होंगे। झामुमो मांग करता है कि इन 20 करोड़ लोगों को केंद्र सरकार एक साथ इच्छामुत्यु की अनुमति भी दे दे। सुप्रियो ने कहा कि पहले के वन अधिकार कानून 2006 में जंगल से जुड़ी हर बातों पर ग्राम सभा की अनुमति लेनी पड़ती थी। लेकिन नये कानून में ग्राम सभा की अनुमति सहित राज्यों पर जंगल के अधिकार को केवल औपचारिकता बना दिया गया है। झामुमो नेता ने नये वन संरक्षण कानून के आने के बाद सात तरह के प्रभाव पर ध्यान केंद्रित किया है। सुप्रियो ने कहा कि झारखंड के लगभग 32 जनजातीय सहित 18 मूलवासी जंगल पर आश्रित हैं। केंद्र की भाजपा सरकार जंगल पर आश्रित इन लोगों को कॉरपोरेट घरानों पर निर्भर बनाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जंगल प्राकृतिक है। इसे बनाया नहीं जा सकता। साफ है कि एयरपोर्ट, ट्रेन, बैंक बेचने वाले लोगों ने प्रकृति को भी बेचने की तैयारी कर ली है। सुप्रियो ने कहा है कि यह मुद्दा केवल झारखंड का नहीं बल्कि जनजातीय और जंगल बहुल वाले राज्यों (छत्तीसगढ, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र) से जुड़ा है। झामुमो आगामी दिनों में इस मुद्दे पर एक व्यापक विचार-विमर्श करने का काम करेगा।

बता दें कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख कर वन संरक्षण नियम 2022 के बारे में अपनी आपत्तियां जतायी थीं। उन्होंने इसमें बदलाव लाने का आग्रह किया था। हेमंत सोरेन ने देश के वनों में रहने वाले आदिवासी समुदायों के अधिकारों की रक्षा करने संबंधी व्यवस्थाओं की बातें की थीं।

# राज्य सरकार दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर : जोबा मांझी

**राज्य सरकार ने सर्वजन पेंशन योजना में दिव्यांगजनों को भी शामिल किया है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की महिला एवं बाल विकास मंत्री जोबा मांझी ने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर है। उनके विकास एवं उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं। राज्य सरकार ने सर्वजन पेंशन योजना में दिव्यांगजनों को भी शामिल किया है, उन्हें प्रतिमाह 1000 रुपये की राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि पूरे राज्य में एक शिविर लगाकर दिव्यांगजनों को चिह्नित किया जाये, ताकि उन्हें भी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। मंत्री शनिवार को विश्व दिव्यांगता दिवस पर राज्य निःशक्तता आयुक्त कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं।




उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास के साथ उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने एवं बेहतर भविष्य देने में राज्य सरकार का महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग पूरी तन्मयता के साथ काम कर रहा है और हम उन्हें एक बेहतर भविष्य देने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

राज्य निःशक्तता आयुक्त सह समाज कल्याण निदेशक छवि रंजन ने कहा कि दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास के बिना राज्य, समाज एवं देश के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। हमें आज इनके सर्वांगीण विकास के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। इन्हें सशक्त बनाने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। समान सुविधाएं उपलब्ध कराना होगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के सामाजिक उत्थान, सुरक्षा एवं शिक्षा, सामाजिक समानता, आर्थिक स्वतंत्रता को मजबूत बनाने पर ध्यान देना होगा।

इस अवसर पर मंत्री जोबा मांझी ने राजकीय नेत्रहीन एवं मूक-बधिर विद्यालय के बच्चों के बीच वॉटर बॉटल, लंच बॉक्स एवं पेंसिल बॉक्स का वितरण किया। साथ ही राजकीय नेत्रहीन एवं मूक-बधिर विद्यालय में आयोजित निबंध, चित्रकला, संगीत प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों के बीच प्रशस्ति पत्र का वितरण किया। नेत्रहीन एवं मूक-बधिर बच्चों को उपकरण दिया गया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | लोकप्रियता का विस्तार, अधूरा कार्य पूरा होगा, उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति। |
| वृष | जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा, आर्थिक लाभ। |
| मिथुन | गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा। |
| कर्क | भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा। |
| सिंह | धैर्य और साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। |
| कन्या | आपके धैर्य, गंभीरता एवं सहनशीलता से परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा। |
| तुला | आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे, पारिवारिक दायित्व में खर्च अधिक करेंगे। |
| वृश्चिक | रोजी-रोजगार में शुभ परिवर्तन, आर्थिक लाभ, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी। |
| धनु | किसी बृहद योजना को साकार करने में कई लोगों का साथ मिलेगा। |
| मकर | साहसिक कार्य में सफलता, विरोधियों पर विजय, सामाजिक-राजनीतिक संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा |
| कुंभ | परिस्थितियों में सुधार,व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे। |
| मीन | स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण। |

# 2000 निजी स्कूलों के शिक्षक आज वित्त मंत्री के हाथों होंगे सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**कार्यशाला में कई विद्वान भी अपनी बात रखेंगे**

**रांची।** 4 दिसंबर रविवार को मोरहाबादी के प्रतिष्ठित स्थल दीक्षांत मंडप में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव राज्य के 2 हजार से अधिक प्रतिभावान शिक्षकों को सम्मानित करेंगे। ये जानकारी प्राइवेट स्कूल साइंस चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद और झारखंड प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने संवाददाता सम्मेलन में दी है।

उन्होंने कहा कि पासवा 2011 से अभी तक देश भर के एक लाख से ज्यादा शिक्षकों को सम्मानित करने का काम किया है। जब भारत सरकार और देश की विभिन्न सरकारें विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मान करती थीं तो हमारे निजी विद्यालयों के शिक्षक कितने भी बड़े विद्यालय के ही क्यों न हों, उन्हें कोई सम्मान नहीं मिलता था, एसोसिएशन ने राष्ट्रीय स्तर पर यह फैसला लिया कि हम भी अपने निजी विद्यालय के शिक्षकों को उनके योग्यता और कर्मठता के लिए सम्मानित करेंगे। उन्होंने कहा इसी कड़ी में आज झारखंड में मुझे आने का मौका मिला है। इसके साथ उन्होंने बताया कि इस दौरान कार्यशाला में कई विद्वान भी अपनी बात रखेंगे। जिसमें मुख्य रूप से रिनपास के निदेशक डॉ जोयती सिमलई, आर्य ज्ञान प्रचार समिति के निदेशक व डीएवी ग्रुप के पूर्व निदेशक एलआर सैनी, संत जेवियर कॉलेज के प्राचार्य नाबोर लकड़ा, पद्मभूषण मुकुंद नायक सहित कई शिक्षाविद् एवं प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर उपस्थित रहेंगे। वहीं संवाददाता सम्मेलन में लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, अरविंद कुमार, आलोक बिपीन टोप्पो, अनीश अहमद, संजय प्रसाद, अभिषेक साहू, मुजाहिद इस्लाम, राशीद अंसारी, मेहुल कृष्णा, अल्ताफ अंसारी, राजन कुमार, अमीन अंसारी, माजिद अंसारी, मो. जिन्ना मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# रांची विवि के नये परीक्षा नियंत्रक बने डॉ आरके शर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सह कुलाधिपति रमेश बैस ने शनिवार को रांची विश्वविद्यालय के नये परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति कर दी। इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गयी है। रांची विवि में छात्र कल्याण के डीन सह अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक डॉ राजकुमार शर्मा को परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है।

## डीएसडब्ल्यू और कला संकाय के डीन भी नियुक्त

इधर रांची विवि के कुलपति ने अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर डॉ जीएस झा को छात्र कल्याण का डीन और संस्कृत विभाग की प्रोफेसर डॉ अर्चना कुमारी दुबे को कला संकाय का डीन नियुक्त किया है।

## डॉ सुप्रिया बनीं अंग्रेजी की विभागाध्यक्ष

कुलपति ने रांची वीमेंस कॉलेज की अंग्रेजी की सह-प्राध्यापक डॉ सुप्रिया को विवि के पीजी विभाग में स्थानांतरित करते हुए उन्हें विभागाध्यक्ष नियुक्त किया है।

## नाबार्ड के नाम पर जालसाजों ने निकाला फर्जी नियुक्ति विज्ञापन, रहें सावधान

**रांची (आजाद सिपाही)। नाबार्ड झारखंड ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा है कि कुछ जालसाज अज्ञात व्यक्तियों द्वारा नाबार्ड के नाम का इस्तेमाल कर फर्जी नियुक्ति विज्ञापन निकाल कर लोगों से पैसा मांगा जा रहा है। यह पूरी तरह गलत है। आम लोगों को सूचना दी जाती है कि नाबार्ड द्वारा इस प्रकार का कोई भी नियुक्ति विज्ञापन नहीं निकाला गया है। नाबार्ड लोगों को सावधान करना चाहता है कि वह किसी भी प्रकार का नियुक्ति हेतु आवेदन केवल आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही लेता है। नाबार्ड लोगों से सतर्क रहने और नाबार्ड के कर्मचारियों/ एजेंटों के रूप धर जालसाजी करने वाले व्यक्तियों द्वारा की गयी ऐसी धोखाधड़ी का शिकार न होने का आग्रह करता है।**

# पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जस्टिन केरकेट्टा का निधन, शोक

**विश्व कप सहित कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियगिताओं में कर चुके हैं भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला के कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत अघरमा के रहने वाले पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जस्टिन केरकेट्टा अब हमारे बीच नहीं रहे। हार्ट अटैक से शनिवार को उनका निधन हो गया। उनका जन्म 1947 में हुआ था। वे 1978 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने के साथ-साथ कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वे बिहार रेजिमेंट में भारतीय सेना में नौकरी करते थे। वहां से सेवानिवृत्त होने के बाद वे 1982 से 1998 तक मेकॉन में हॉकी खिलाड़ियों को कोचिंग भी देते थे। इसके बाद वह कोलेबिरा प्रखंड मुख्यालय में मकान बनाकर रहने लगे। मगर हॉकी से उनका लगाव कम नहीं हुआ। वह हर छोटे-बड़े हॉकी प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहे। कोलेबिरा के बरवाडीह विद्यालय में हर वर्ष होने वाले हॉकी प्रतियोगिता में भी वह बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता देते थे। उनके निधन की फैली खबर से खेल जगत में शोक की लहर है। हॉकी झारखंड, हॉकी सिमडेगा सहित कई खेल प्रेमियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोला नाथ सिंह ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके जाने से हॉकी जगत को बहुत बड़ी क्षति हुई है। मैं जब भी सिमडेगा जाता था, कोलेबिरा में रुक कर उनसे मिलकर ही जाया करता था और उनसे कई मार्गदर्शन भी लिया करता था। हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि जस्टिन केरकेट्टा के निधन से हम लोगों ने हॉकी के एक अभिभावक खो दिया है। जब भी हम लोग उन्हें आमंत्रित करते थे तो वे निश्चित ही समय देते थे और कहा करते थे कि आप लोगों के कार्य से मुझे काफी खुशी होती है। निरंतर आप लोग इसी तरह का आयोजन करते रहें। उनके निधन पर हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोला नाथ सिंह, विजय शंकर सिंह, रजनीश कुमार, मनोज कोनबेगी, माइकल लाल, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी असुंता लकड़ा सहित हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त किया है।



जस्टिन केरकेट्टा। *फाइल फोटो*

### कार्यक्रम : इक्फाई विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 139 छात्रों को मिली डिग्री

# कठिन परिश्रम और सकारात्मक सोच से मिलती है मंजिल : रमेश बैस

**सात को मिली पीएचडी की उपाधि, 9 छात्रों को गोल्ड एवं 9 को सिल्वर मेडल से किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कठिन परिश्रम और सकारात्मक सोच रखते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन प्रतिबद्धता के साथ करते रहें, तो मंजिलें आसान हो जाती हैं। सही दृष्टि, सही राह और समय की कीमत समझने वाले छात्र अपना लक्ष्य हासिल करने में सफल होते हैं। उक्त बातें राज्यपाल रमेश बैस ने शनिवार को आर्यभट्ट सभागार में आयोजित इक्फाई विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कहीं। उन्होंने यूजीसी और सरकार के मापदंडों के अनुरूप इक्फाई विश्वविद्यालय द्वारा गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने की दिशा में किये जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रबंधन से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को अंगीकार करते हुए छात्रों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने की भी अपील की।



छात्रों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उनके कैरियर निर्माण के प्रति माता-पिता और शिक्षकों का अमूल्य योगदान होता है। इसे कदापि न भूलें। उन्होंने देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। साथ ही कहा कि देशरत्न के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर विषम परिस्थितियों में भी सफलता की ओर अग्रसर रहें।

श्री बैस ने डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों को जीवन के हर कदम पर कामयाबी हासिल करने की शुभकामनाएं दी।

मौके पर विशिष्ट अतिथि जस्टिस रोंगन मुखोपाध्याय, सिटिंग जज (झारखंड उच्च न्यायालय) ने कहा कि गुणवत्तायुक्त और संस्कारयुक्त शिक्षा राष्ट्र के नवनिर्माण में सहायक होती है। इस दिशा में इक्फाई विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा प्रयास सराहनीय है। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

इस अवसर पर वर्ष 2022 में स्नातक करने वाले 139 छात्रों को डिग्री प्रदान की गयी, जिसमें 7 पीएचडी डिग्री शामिल हैं। इसके अलावा 9 स्वर्ण पदक और 9 रजत पदक विभिन्न कार्यक्रमों के क्रमशः शीर्ष रैंक और दूसरे रैंकर्स को प्रदान किये गये।

दीक्षांत समारोह में स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.ओआरएस राव ने कहा कि कोविड-19 महामारी के बावजूद हमारे विश्वविद्यालय ने यह सुनिश्चित किया है कि सभी स्नातक छात्रों को डिजिटल लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, स्वाध्याय का उपयोग करके बिना किसी रुकावट के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि योग्य स्नातक छात्रों का शतप्रतिशत प्लेसमेंट हो गया। पूर्ववर्ती छात्रों ने भारत के अलावा विदेशों में भी अपनी पहचान बनायी है। उनमें से कई प्रतिष्ठित संस्थानों में काम कर रहे हैं। कुछ छात्र आइआइटी, आइआइएम जैसे प्रमुख संस्थानों में उच्च अध्ययन के लिए गये हैं।

## उद्यमिता विकास को बनायें लक्ष्य: डॉ टीआरके राव

**दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ.टीआरके राव ने कहा कि अपने कैरियर निर्माण के साथ-साथ उद्यमिता विकास पर भी बल दें। उन्होंने उद्योग में कुछ समय के लिए काम करने के बाद भी सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने और उद्यमी बनने की सलाह दी। वहीं, न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय ने कहा कि धैर्य, दृढ़ता और जुनून सफलता की कुंजी है। समारोह में राज्यपाल ने युनिवर्सिटी ऑफ ससेक्स, यूके में अध्ययन करने के लिए झारखंड सरकार द्वारा मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ओवरसीज स्कॉलरशिप प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय की छात्रा संगीता कच्छप को भी बधाई दी। उन्होंने इक्फाई विश्वविद्यालय को झारखंड के निजी विश्वविद्यालयों के लिए एक रोल मॉडल बनने की सलाह दी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो.अरविंद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर इक्फाई विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण, छात्र एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।**

### पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर हमला मामला

# एनआइए की रिमांड पर आरोपी तिवारी बांकीरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**दो अंगरक्षकों की हत्या कर दी थी नक्सलियों ने**

**रांची।** पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर हमला मामले की जांच एनआइए कर रही है। इस मामले में बीते एक दिसंबर को एनआइए ने शाका उर्फ तिवारी बांकीरा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने के बाद एनआइए उसे सात दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। बता दें कि चार जनवरी 2022 की शाम को पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र स्थित झीलरुंआ स्कूल मैदान में पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर नक्सली हमला हुआ था। नक्सलियों ने दो अंगरक्षकों शंकर नायक व ठाकुर हेंब्रम की हत्या कर दी थी। एनआइए को जांच में पता चला कि आरोपी शाका माओवादी का एक कैडर था, जो साजिश में शामिल था। आरोपी घटना के दिन रेकी कर रहा था। सुरक्षाकर्मियों की आवाजाही पर नजर रख उसकी जानकारी संगठन के लोगों को देता था।

## चार जनवरी को हुआ था पूर्व विधायक पर हमला

घटना के दिन चार जनवरी की शाम झीलरुआं मैदान में आयोजित खेलकूद समारोह में शामिल पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर नक्सलियों ने हमला कर दिया था। उन्होंने भीड़ में शामिल होकर अपनी जान बचायी थी। नक्सलियों ने मैदान में मौजूद पूर्व विधायक के तीनों अंगरक्षकों को घेर लिया था। अंगरक्षक नक्सलियों से उलझ गये, लेकिन उनकी संख्या अधिक थी, जिससे वे हथियार लूटने में सफल रहे। नक्सलियों ने दो अंगरक्षकों शंकर नायक व ठाकुर हेंब्रम की हत्या कर दी थी। एक अंगरक्षक ने घायल अवस्था में भागकर अपनी जान बचायी थी।

## रामगढ़ में निकली भारत जोड़ो यात्रा, प्रदेश अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री हुए शामिल

# देश तोड़ने की साजिश को रोकने के लिए निकल रही भारत जोड़ो यात्रा : राजेश ठाकुर

बीरु कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** देश को तोड़ने की साजिश रची जा रही है। जिस तरीके से हमारे समाज में जहर घोला जा रहा है उससे देश बंटता जा रहा है। सरकार की गलत नीतियों की वजह से महंगाई भी चरम पर है। उन सभी साजिशों को खत्म करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा निकाली जा रही है। उक्त बातें शनिवार को रामगढ़ में निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कही। उन्होंने विधायक ममता देवी और सैकड़ों समर्थकों के साथ मिलकर यह यात्रा निकाली। यात्रा पटेल चौक से आरम्भ होकर टायर मोड़, ब्लॉक, बिजुलिया, शुभाष चौक, गांधी चौक, झंडा चौक, चट्टी बाजार होते हुए बाजार टांड़ स्थित सिद्धो कान्हो मैदान पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव भी शामिल हुए।




### यात्रा में ये थे शामिल

वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, जोनल कोऑर्डिनेटर केशव महतो कमलेश, जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान, बलजीत सिंह बेदी, मुकेश यादव, विनय सिन्हा दीपू, सीपी संतन, जय शंकर पाठक, बजरंग महतो, पंकज तिवारी, सागर महतो, दिगंबर गुप्ता, प्रकाश करमाली, संतोष सोनी, सुजीत पटेल, मो सलीम, दिनेश मुंडा, रूपेंद्र महतो, अनिल मुंडा, टिंकू खान, आजाद सिंह, राजेन्द्र नाथ चौधरी, लक्ष्मण महतो, लुमनाथ महतो, सशिकान्त सिंह, मोहन शुक्ला, प्रो के के शर्मा, संजीव सिंह, अमर यादव, सकलदेव सिंह, मो सरफराज, शमीमा बानो, सहजाद खान, संजय साव, अजित करमाली, भरत महतो, विकाश महतो, छोटन महतो, इनाम अंसारी, कुमुद्दीन अंसारी, राजू महतो सहित कई नेता व कार्यकर्ता शामिल थे।

### आपसी मनमुटाव खत्म कर यात्रा को सफल बनाएं

राजेश ठाकुर ने कहा कि पूरे देश में राहुल गांधी इस यात्रा को चला रहे हैं। झारखंड में अब तक 13 जिलों में यह यात्रा निकाली जा चुकी है। इस यात्रा का उद्देश्य यह है कि लोग आपसी मनमुटाव खत्म करें और पार्टी की इस यात्रा को सफल बनाएं। इसका दूसरा उद्देश्य यह है कि इस समाज को एकजुट कर देश को मजबूत बनाना है। जब तक जनता जागृत नहीं होगी तब तक यह संभव नहीं होगा। आज हर विषय पर लोगों को विचार करना होगा। किस तरह से देश में बढ़ती महंगाई और समस्याओं का बढ़ता पहाड़ को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी का आलम यह है कि युवा वर्ग परेशान है सरकार को ना तो उनकी सुध है और ना ही रोजगार देने के क्षेत्र में कोई कार्य किया जा रहा है। यहां लोगों को बरगला कर समाज को तोड़ने का काम किया जा रहा है।

### कांग्रेस पार्टी जनता की हर समस्या के साथ है खड़ी

राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी इन सभी मुद्दों पर सीधे लोगों से जुड़ रहे हैं। लोगों का जनसमर्थन भी उन्हें मिल रहा है। जिन जिन स्थानों पर खुद राहुल गांधी नहीं पहुंच पा रहे हैं, वहां पर प्रदेश और जिले के नेता, विधायक और सांसद इस यात्रा को जनता के बीच लेकर जा रहे हैं। पूरे देश में यह संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है कि कांग्रेस पार्टी हर समस्या पर जनता के साथ खड़ी है।

### देश की एकता और अखंडता का संदेश है भारत जोड़ो यात्रा : ममता

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ममता देवी ने कहा कि देश की एकता और अखंडता का संदेश है भारत जोड़ो यात्रा। उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी लंबी दूरी की यात्रा के माध्यम देश के लोगों को संदेश दे रहे है कि जो नफरत फैलाने की राजनीतिक कर रहे है उसे मिटाना है। इसे लेकर झारखंड के विभिन्न जिलों में भारत जोड़ो यात्रा निकाली जा रही। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा भारत जोड़ो यात्रा शामिल होकर एकता का परिचय दे।

## आत्मा कर्मियों को 10 माह से नहीं मिल रहा मानदेय

**रांची (आजाद सिपाही)।** आत्मा कर्मियों को फरवरी से मानदेय नहीं मिला है। सभी आत्मा कर्मी अपने घर से बाहर रहते हैं। इन लोगों का परिवार कैसे चल रहा है, इसका सुद-बुध लेने वाला कोई नहीं है। कोई इलाज के अभाव में मर रहा है, तो कोई बच्चा का स्कूल फीस नहीं भर पा रहा है। कृषि निदेशक और समेति निदेशक रांची मौन हैं। इनकी कार्यप्रणाली पर प्रश्नवाचक चिन्ह है। आत्मा कर्मी को दस महीने से मानदेय नहीं मिला है। एक तरफ डायरेक्टर एग्रीकल्चर मैडम कहती हैं कि जिला में जाकर अपनी सैलरी निकलवा लीजिए, दूसरे तरफ एक पत्र निकालती हैं। राज्यदेश में संशोधन होने के बाद ही निकासी करना सुनिश्चित करेंगे। केवल लोगों को गुमराह किया जा रहा है। बता दें कि भारत सरकार 60% और झारखंड सरकार को 40% मानदेय देना है। भारत सरकार अपनी राशि जून में ही दे चुकी है।

## आरक्षण बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा भूपेश बघेल सरकार को बधाई दी

**रांची (आजाद सिपाही)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में ओबीसी का आरक्षण 14% से बढ़ा कर 27% किया है, जिसके लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा भूपेश बघेल सरकार को बधाई देता है। उपरोक्त बात शनिवार को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहीं। उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार ने ओबीसी समुदाय का आरक्षण बढ़ाने के साथ अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और अगड़ी जातियों का भी आरक्षण बढ़ा कर एक ऐतिहासिक काम किया है, जो छत्तीसगढ़ के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। बघेल सरकार ने ओबीसी सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है, जिसके लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा भूपेश सरकार को अभिनंदन करता है। यह आरक्षण मध्य प्रदेश से अलग होने के साथ ही 27% हो जाना चाहिए था, क्योंकि 1993 में 9 जजों की बेंच ने ओबीसी समुदायों को 27% आरक्षण देने का ऐतिहासिक फैसला किया था।

## सरस्वती एकेडमी बोड़या में बच्चों ने ली संविधान प्रस्तावना की शपथ



**रांची (आजाद सिपाही)।** सरस्वती एकेडमी बोड़या रांची के बच्चों द्वारा संविधान पखवाड़ा के तहत स्कूल प्रांगण में बच्चों द्वारा संविधान की महत्ता को बताते हुए संविधान का प्रस्तावना की शपथ ली। इस अवसर पर स्कूल के पूर्ववर्ती छात्र रहे नितेश गाड़ी ने कहा कि शिक्षा के महत्व को समझते हुए हमें अच्छी शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए। इस अवसर पर स्कूल के कोऑर्डिनेटर रविंद्र कुमार ने कहा कि हमारे देश का संविधान सर्वोपरि है। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थी आयुष टोप्पो, सुमित टोप्पो, यश केसरी, लोकेश कुमार, वैश्णवी कुमारी, अश्विनी कुमार, दीपा कुमारी, प्रतिज्ञा, मधु कुमारी, आकांक्षा, प्रियंका कुमारी, मनीष कुमार, ज्योति, सोनाक्षी ने प्रस्तावना की शपथ ली। मौके पर प्रधानाध्यापिका रईसा जमाल, आशा देवी, खुशबू कुमारी, रिया कुमारी उपस्थित थीं।

## देशरत्न का व्यक्तित्व हमेशा सभी को प्रेरणा देता रहेगा : प्रमोद कुमार सिन्हा

**रांची (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता सेनानी और देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ.राजेंद्र प्रसाद की 138 वी जयंती के अवसर पर शनिवार को राजधानी के राजेंद्र चौक पर उनकी प्रतिमा के समक्ष झारखण्ड चित्रांश विचार मंच के द्वारा समारोह पूर्वक फूल माला अर्पित कर देशरत्न की जयंती मनाई गयी। इस अवसर पर बोलते हुए अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद का व्यक्तित्व सभी को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा और हम सभी को उनसे सीख लेकर अपने कर्तव्य के मार्ग पर आगे बढ़ते रहने की जरूरत है। कार्यक्रम में प्रमोद कुमार सिन्हा, अमरेश कुमार श्रीवास्तव, साकेत बिहारी शरण, राजीव सहाय अमरीश कुमार श्रीवास्तव, राजीव सहाय, डॉ रविशंकर, अशोक प्रसाद, मनीष विनोद सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

## लड़कीवाले बाराती का स्वागत और जयमाला की रश्म में व्यस्त

# 20 लाख के गहने और रुपये भरा बैग लेकर महिला फरार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मोरहाबादी इलाके एक मैरेज हाल में महिला चोरनी ने लाखों का जेवर चोरी कर फरार हो गयी है। बताया जाता है कि एक परिवार के लोगों की शादी खुशी उस वक्त सदमे में बदल गयी, जब शादी समारोह के दौरान बेटी के 20 लाख रुपये के गहने और नकद चोरी हो गयी। हालांकि, महिला चोर की करतूत सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गयी है। पुलिस सीसीटीवी की मदद लेकर महिला चोर की पहचान कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



बताया जा रहा है कि बेटी की शादी में आये बारातियों का भव्य स्वागत किया गया। इसके साथ ही अनोखे अंदाज में जयमाला की रश्म पूरा किया गया, लेकिन जयमाला के बाद जब परिवार के लोग कमरे में पहुंचे, तो उनके पांव तले जमीन खिसक गयी। इसका कारण था कि गहने से भरा बैग ही गायब हो गया। हालांकि, शादी नहीं रुकी। बेटी की विदाई बगैर गहने के कर दी गयी।

इधर सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि एक लाल रंग की सूट पहनी महिला कमरे में जाती है और सात-आठ सेकेंड रुकती है और फिर लौटती है। लौटते समय बैग अपने दुपटा से छिपा कर चली जाती है। सीसीटीवी मे दो महिला चोर दिख रही है। पुलिस ने बताया कि बड़े शातिराना तरीके से इस घटना को अंजाम दिया है। सीसीटीवी फुटेज में दो महिलाओं की तस्वीरें सामने आयी है। प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

इस संबंध में विनोद कुमार ने लालपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस का कहना है कि शुक्रवार की रात मोरहाबादी स्थित मान्या पैलेस में विनोद कुमार की बेटी की शादी थी। शादी के दौरान एक युवती समारोह में पहुंची। वह काफी देर तक समारोह में मौजूद रही। खाना खाने के बाद युवती ने जयमाला का इंतजार कर रही थी। जयमाला जैसे होने लगा तो युवती दुल्हन के कमरे में गयी और जेवरात और पैसा से भरा बैग लेकर फरार हो गयी।

## डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनायी गयी



**रांची (आजाद सिपाही)।** परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की शहादत दिवस एवं देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जन्म जयंती पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी संगठन सशक्तिकरण अभियान के संयोजक आलोक कुमार दूबे ने दोनों महान विभूतियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके कृतियों को याद करते हुए नमन किया। पूर्वाह्न 11:30 बजे सर्वप्रथम कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे राजेंद्र प्रसाद की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा डॉ राजेंद्र प्रसाद अग्रणी स्वतंत्रता सेनानियों में एक थे। इसके बाद अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचकर आलोक दूबे ने परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का को उनकी शहादत पर नमन किया। उन्होंने कहा कि देश को लांश नायक की शहादत पर नाज है। इस मौके पर कांग्रेस नेता चैतू उरांव, महेंद्र प्रसाद, राहुल गोसाईं, दिलीप सिंह, रीतेश कुमार और रोहित कुमार आदि उपस्थित थे।

## सैयद शमायल अहमद का हुआ स्वागत



**रांची (आजाद सिपाही)।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा के शिक्षक सम्मान समारोह व कार्यशाला में शामिल होने के लिए पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद शनिवार को रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद के आगमन पर पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे एवं उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव के नेतृत्व में पासवा पदाधिकारियों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। पासवा प्रदेश अध्यक्ष आलोक दूबे ने कहा सम्मान समारोह को लेकर शिक्षकों में काफी उत्साह है। शिक्षक सम्मान समारोह को दीक्षांत मंडप को भी सजाने संवारने का काम अंतिम चरण में है। शिक्षक सम्मान समारोह की सफलता को लेकर निजी विद्यालय के संचालकों की लगातार बैठकें एवं संपर्क हो रही हैं। स्वागत करने वालों में महेन्द्र प्रसाद, राहुल गोसाईं, मेंहुल कृष्णा, विशाल सिंह, रीतेश कुमार, रोहित कुमार मुख्य रूप से शामिल थे।

# डाइबिटीज से बचने के लिए बदलें लाइफ स्टाइल : डॉ विनय

**श्री अग्रसेन स्कूल में लगा मधुमेह जांच शिविर**

**विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रोटरी क्लब रांची के तत्वावधान में शनिवार को श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में मधुमेह और रक्तचाप जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रख्यात चिकित्सक डॉ विनय कुमार ढांढनिया, रोटरी रांची के अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव, क्लब के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण राजगढ़िया, सेवानिवृत्त सीसीएल सीजीएम (पर्सनल) रेखा सिंह, रोटेरियन अतुल अग्रवाल, मुख्तार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में 62 लोगों की मधुमेह और रक्तचाप की निःशुल्क जांच की गई। जांचोपरांत डॉ ढांढनिया ने मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया।



इससे पूर्व बच्चों के लिए आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में डॉ ढांढनिया ने मधुमेह की रोकथाम और इसकी जटिलताएं, मधुमेह जांच, मोटापा, किशोरावस्था और गर्भावस्था में मधुमेह के कारणों के अलावा मोटापा और माहवारी से जुड़ी बातों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी उत्तर दिया।

डॉ ढांढनिया ने कहा कि डाइबिटीज से बचने के लिए लाइफ स्टाइल को बदलना जरूरी है। लेकिन दुर्भाग्य है कि हमलोग पौष्टिक भोजन न लेकर दिखावे की ओर जाते हैं। जंक फूड का सेवन करते हैं। जिसकी वजह से डायबिटिज की ओर अग्रसर हो रहे हैं। यदि हमलोग पूरी नींद लेने के साथ-साथ समय पर भोजन और नियमित व्यायाम करें, तो अपने शरीर में मेटाबॉलिज्म को बढ़ाकर डायबिटिज से बच सकते हैं। डॉ ढांढनिया ने बच्चों से पढ़ाई को तनाव के रूप में नहीं लेने की बात कही। कहा कि तनाव और शारीरिक मेहनत नहीं करने से भी डायबिटीज होता है। शिविर को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षकों के अलावा मेडिकल टीम के दिलीप कुमार, सुधीर कुमार, महेंद्र कुमार आदि का योगदान रहा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## जागरूकता सह संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन




**रांची (आजाद सिपाही)।** महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस हर साल 25 नवंबर को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। शनिवार को इस अवसर को मनाने के लिए, केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान रांची ने संस्थान के विभिन्न संकायों, सीनियर रेजिडेंट्स, जूनियर रेजिडेंट्स, छात्रों और नर्सिंग कर्मचारियों के लिए लिंग आधारित हिंसा का सामना करने वाली महिलाओं के लिए विधायी उपाय विषय पर जागरूकता सह संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। सीआइपी परिसर के टीचिंग ब्लॉक में प्रोफेसर बासुदेब दास (निदेशक सीआइपी रांची) ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई और महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस के आयोजन के बारे में एक व्यावहारिक जानकारी प्रदान की और समाज पर इसके विभिन्न प्रभावों पर भी चर्चा की। इसके बाद ' झालसा' के उप-सचिव मनीष कुमार मिश्रा द्वारा लिंग आधारित हिंसा का सामना करने वाली महिलाओं के लिए विधायी उपायों पर एक विचारशील व्याख्यान दिया गया, जो इस अवसर के लिए आमंत्रित विशेषज्ञ वक्ता भी थे। उन्होंने लिंग आधारित हिंसा का सामना करने वाली महिलाओं के व्यावहारिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने भारत में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के विरुद्ध विभिन्न कानूनों, झारखंड में वन स्टॉप सेंटर और यह कैसे काम करता है, झारखंड में पीड़ित महिलाओं के लिए आश्रय गृह, झारखंड में पीड़ित महिला को उपलब्ध सेवाएं आदि के बारे में बहुमूल्य जानकारी दी। विकलांगता कल्याण विवरणिका का विमोचन किया गया समापन टिप्पणी संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी डॉ अविनाश शर्मा ने दी।

## संत माइकल्स प्ले स्कूल, पंडरा में कला प्रदर्शनी



**रांची (आजाद सिपाही)।** संत माइकल्स प्ले स्कूल, पंडरा के प्रांगण में शनिवार को कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। पूरे विद्यालय प्रांगण को छात्रों और शिक्षिकाओं ने मिलकर बनायें गये क्राफ्ट से बड़े ही खूबसूरत अंदाज में सजाया। बच्चों ने तरह के समान से रंगीन क्राफ्ट बनाये थे। छोटे बच्चों द्वारा उनके हाथों के प्रिंट से सेब और हाथ धोने की विशेषता दिखायी गयी। थर्माकॉल प्लेट से बने जानवर, पक्षी, कॉफी कप से बने जलीय जीव, पुराने पानी के बोतलों से बने कीड़े मकौड़े रेड इंडियन, सांता क्लॉज और आइस्क्रीम स्टीक की मदद से क्रिसमस पेड़ सजाये गये थे। कक्षा प्रीकेजी के बच्चों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आकर्षक कोलाज बनाया। फलों और सब्जियों के महत्व को बताते हुए ज्ञानवर्धक बातें बतायी। कक्षा केजी के नन्हें हाथों से आकर्षक कोलार्ज आकृतियों एवं पेपर का सुदंर प्रयोग किया। रंगीन तितलियों से प्रागंन सुंदर प्रतित हो रहा था। बच्चों ने जलीय जीव और कीड़े मकौड़ों के बारे से ज्ञान वर्धक बातें भी बताई। कक्षा प्रेप के बच्चों ने जंगली जानवरों और पक्षीयों से कक्षा की सजावट की और उनके बारें तरह की जानकारी भी दी। कला प्रदर्शनी को अभिभावकों एवं मेहमानों ने खूब सराहा। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वंदना बहल ने अपनें अनुभव से छात्रों एवं शिक्षिकाओं का मार्गदर्शन किया, पूरे आयोजन की सराहना की। अपने विचारों से सबका उत्साह बढ़ाया।

## महिला स्वास्थ्य क्लिनिक का उद्घाटन




**रांची (आजाद सिपाही)।** खिजरी नयाटोली गैस गोदाम रोड, नामकुम में महिला स्वास्थ्य क्लिनिक का उद्घाटन शनिवार को पीएन मुरमू के कर कमलों के द्वारा रिबन काट कर किया गया। क्लिनिक की संचालिका स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अनुपमा महली के अनुसार इस क्षेत्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ की अति आवश्यकता थी। क्लिनिक में स्त्री रोग से संबंधित सभी रोगों का निवारण, जांच एवं उचित परामर्श दिया जायेगा। समारोह में सह संचालक डॉ रवि मुरमू, राज अस्पताल के डॉक्टर्स, बाघवार एकेडमी के निदेशक अशोक बाघवार, प्राचार्य अरुण बाघवार, प्रदीप बाघवार, दिलीप बाघवार, मनोहर महली उपस्थित थे।

## अनिल कुमार ने जेपी नड्डा को बधाई दी



**रांची (आजाद सिपाही)।** अनिल कुमार प्रदेश मीडिया प्रभारी, अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा झारखंड ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनके जन्मदिवस पर मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

# गलत है चीन

उत्तराखंड के औली में चल रहे भारत-अमेरिका संयुक्त युद्धाभ्यास पर चीन ने जो आपत्ति जतायी, उस पर भारत ने बिलकुल माकूल जवाब दिया है। अमेरिका के साथ भारत का युद्धाभ्यास पहले भी होता रहा है और यह वाला इसका 18वां संस्करण है। पिछला युद्धाभ्यास अक्टूबर 2021 में अमेरिका के अलास्का में हुआ था। तब तो चीन कुछ नहीं बोला था, मगर इस बार उसने आरोप लगाया कि भारत ने इसके जरिए 1993 और 1996 के समझौतों का उल्लंघन किया है। दरअसल दोनों देशों के बीच तब हुए इन समझौतों का मुख्य उद्देश्य विश्वास बढ़ाना था। इसके तहत नौ बिंदुओं पर सहमति बनी थी। तय हुआ था कि कोई पक्ष बल या सेना प्रयोग नहीं करेगा। 1996 वाले समझौते में यह भी तय हुआ था कि एलएसी के दो किलोमीटर के क्षेत्र में कोई फायर नहीं होगा, कोई आग नहीं लगायेगा, विस्फोट नहीं करेगा और ना ही खतरनाक रसायनों का उपयोग करेगा। एलएसी पर दोनों पक्ष सेना के इस्तेमाल की धमकी भी नहीं देंगे। इस समझौते की रोशनी में अगर गलवान से लेकर डोकलाम तक एलएसी के हालात देखें तो यह बात शीशे की तरह साफ है कि चीन खुद अपनी कही बात पर कायम नहीं है। इसीलिए चीन के इस आरोप पर भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि चीन खुद ही इस समझौते का उल्लंघन कर रहा है। भारत ने इस मसले पर किसी तीसरे देश को वीटो नहीं दिया कि वो आकर इसमें दखल दे। दरअसल, वैश्विक पटल पर भारत के बढ़ते हुए कद और अमेरिका के प्रगाढ़ होते रिश्तों को लेकर चीन काफी असहज है। क्वॉड से लेकर जी-20 तक जिस तरह से भारत, अमेरिका सहित दुनिया के बड़े देशों के साथ मिल कर लीडरशिप की पोजिशन में आ रहा है, उससे चीन बेचैन हो उठा है। इसे लेकर वह अमेरिका को भी धमका रहा है कि वह भारत और चीन के रिश्तों में दखलंदाजी ना करे। मंगलवार को अमेरिका के पेंटागन ने अपनी सालाना रिपोर्ट में यह जानकारी दी। पेंटागन का कहना है कि चीन चाहता है कि भारत अमेरिका के ज्यादा करीब ना जाये। चीन की तल्खी कितनी बढ़ चुकी है, इसका अंदाजा इसी रिपोर्ट से मिलता है। इसमें कहा है कि चीन ने हिंद महासागर के नजदीक अमेरिकी ड्रोंस और सैटेलाइट को अंधा करने के लिए जमीन पर लेजर तक लगा दिये हैं। पेंटागन ने अपनी रिपोर्ट में एक और महत्वपूर्ण बात का जिक्र किया है कि एलएसी पर चीनी सेना ने 2021 में अपनी मौजूदगी बनाये रखी और वहां बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने का काम जारी रखा है। भीषण सर्दी में भी पूर्वी लद्दाख में दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने तैनात हैं। अच्छा होगा कि इस तरह के बेतुके बयान देने के बजाय चीन पूर्वी लद्दाख में गलवान से पहले की स्थिति में जाने की भारत की मांग मान ले।

**चीन की तल्खी कितनी बढ़ चुकी है, इसका अंदाजा इसी रिपोर्ट से मिलता है। इसमें कहा है कि चीन ने हिंद महासागर के नजदीक अमेरिकी ड्रोंस और सैटेलाइट को अंधा करने के लिए जमीन पर लेजर तक लगा दिये हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**राज्य में औसतन 2100 मेगावाट बिजली की जरूरत है। गर्मी में पीक ऑवर (सुबह 6 से 10 और शाम में 5 बजे से 10 बजे तक) में डिमांड बढ़ कर 2400 से 2500 मेगावाट तक पहुंच जाती है, मगर अभी राज्य में केवल मुश्किल से 1800 से 1900 मेगावाट बिजली ही उपलब्ध हो पाती है। वर्तमान में कम डिमांड में भी राज्य करीब 500 मेगावाट की दैनिक औसत कमी से जूझ रहा है।**

# झारखंड में बिजली संकट का असर

मृत्युंजय शर्मा



**वर्तमान में हेमंत सोरेन की सरकार बिजली संबंधित बुनियादी ढांचे को विकसित करने में काफी पिछड़ी नजर आ रही है। राज्य में नॉर्थ कर्णपुरा पावर प्लांट, जिससे जेबीवीएनएल को 800 मेगवाट बिजली मिलनी है, का काम पूरा हो चुका है। मगर ट्रांसमिशन नेटवर्क नहीं रहने के कारण इससे बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है।**

पिछले कुछ महीनों से झारखंड बिजली की समस्या से लगातार जुझ रहा है। दिन में कई बार होने वाली बिजली कटौती और लोड शेडिंग से सामान्य जन जीवन अस्त व्यस्त हो रहा है। राजधानी रांची में प्रतिदन औसतन 6-8 घंटे बिजली काटी जा रही है। यहां फीडरों में मरम्मत के नाम पर भी घंटों बिजली गुल रहती है `कोकर, बिरसा चौक, हटिया और नामकुम फीडर से लोड शेडिंग की जा रही है। जमशेदपुर शहर में लगभग 4 घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है। धनबाद शहर में लगभग 4-5 घंटे बिजली कट रही है। वहीं आसपास के इलाकों में 12 घंटे तक बिजली गुल रहती है। पीक ऑवर में शाम पांच बजे से रात नौ बजे तक बिजली की कमी अत्यंत दयनीय हो चुकी है।

राज्य के लगभग 18 हजार उद्योग धंधे जो पूर्णतः बिजली पर निर्भर हैं, उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। बिजली के अभाव में जेनेरेटर के उपयोग से इन उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ रही है और बाजार में इनके उत्पाद की मांग में लगातार कमी आ रही है।

**वर्तमान में कम डिमांड में भी राज्य करीब 500 मेगावाट की दैनिक औसत कमी से जूझ रहा है।**

राज्य में औसतन 2100 मेगावाट बिजली की जरूरत है। गर्मी में पीक ऑवर (सुबह 6 से 10 और शाम में 5 बजे से 10 बजे तक) में डिमांड बढ़ कर 2400 से 2500 मेगावाट तक पहुंच जाती है, मगर अभी राज्य में केवल मुश्किल से 1800 से 1900 मेगावाट बिजली ही उपलब्ध हो पाती है। वर्तमान में कम डिमांड में भी राज्य करीब 500 मेगावाट की दैनिक औसत कमी से जूझ रहा है। झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) अपनी बिजली की आपूर्ति दामोदर घाटी निगम, एनटीपीसी, टीवीएनएल, आधुनिक पावर, इन लैंड पावर, पवन ऊर्जा सहित अन्य स्त्रोतों से करता है। उक्त कंपनियों का झारखंड के ऊपर बढ़ते बकाए के परिणामस्वरूप ये कंपनियां झारखंड को पर्याप्त मात्रा में बिजली न देकर दूसरे राज्यों को बिजली बेच रही हैं।

राज्य में कोयले का भरपुर भंडार होने और यहां के पावर प्लांटों मे पर्याप्त बिजली उत्पादन होने के बावजूद झारखंड के हिस्से में काफी कम बिजली आ रही है। इच्छाशक्ति की कमी के कारण राज्य सरकार बिजली संबंधित मुद्दों को ठंडे बस्ते में डाल दे रही है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने डीवीसी समेत अन्य केंद्रीय बिजली कंपनियों के बकाया भुगतान लंबित होने के मद्देनजर 22 जून 2022 से एक नयी नीति 'लेट पेमेंट सरचार्ज एंड रिलेटेड मैटर्स रूल्स' लागू किया। इस नीति के तहत कोई भी राज्य सरकार या राज्य की बिजली वितरण कंपनी यदि बकाया बिल का भुगतान 45 दिन में नहीं करती है, तो उसे अतिरिक्त बिजली नहीं दी जायेगी। वर्तमान में बकाया भुगतान नहीं करने के कारण झारखंड, पीक आवर में भी बिजली खरीदने के लिए अपात्र है।

हालांकि वर्तमान के बिजली संकट के लिए सिर्फ बकाया भुगतान एकमात्र कारण नहीं है। झारखंड में ट्रांसमिसन नेटवर्क की खस्ता हालत इस समस्या को और जटिल बना रही है। रघुवर दास की पिछली सरकार में साल 2016 से 2019 तक कुल 621.86 किलोमीटर की 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन बिछायी गयी। इसी कार्यकाल में रांची में भूमिगत केबल बिछाने का काम भी शुरू हुआ। इन प्रयासों से बिजली के ट्रांसमिशन के लिए जरूरी आधारभूत संरचना खड़ी करने एवं ट्रांसमिसन लॉस रोकने में काफी मदद मिली।

वर्तमान में हेमंत सोरेन की सरकार बिजली संबंधित बुनियादी ढांचे को विकसित करने में काफी पिछड़ी नजर आ रही है। राज्य में नॉर्थ कर्णपुरा पावर प्लांट, जिससे जेबीवीएनएल को 800 मेगवाट बिजली मिलनी है, का काम पूरा हो चुका है। मगर ट्रांसमिशन नेटवर्क नहीं रहने के कारण इससे बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

झारखंड में बार बार उत्पन्न हो रही बिजली समस्या को सुलझाने के लिए सरकार को तत्काल उपायों के साथ साथ कुछ दीर्घकालिक कदम उठाने होंगे।

राज्य के सभी फीडर 100 फीसदी क्षमता के साथ संचालित नहीं हो पा रहे हैं। संसाधनों की कमी को दूर कर एवं मैनपावर बढ़ा कर बिजली की कमी से निजात पायी जा सकती है। आम उपभोक्ताओं से बकाया वसूलने में भी जेबीवीएनएल फिसड्डी साबित हो रही है। प्रीपेड मीटर लगा कर बिजली चोरी और खपत को कम किया जा सकता है। इससे राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। फिलहाल रांची, जमशेदपुर और धनबाद में प्रीपेड मीटर लगाने की तैयारी है। इसे जल्द पूरा कर राज्य के अन्य हिस्सों में लागू करने होगा। फॉल्ट के कारण बिजली की आपूर्ति में लगातार आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए भूमिगत केबल का नेटवर्क तैयार करना होगा।

दीर्घकालिक सुधारों में कोयले पर अत्यधिक निर्भरता को कम करना होगा। सीसीएल में हुई कोयला संकट के कारण कुछ महीनों पहले ही राज्य में ब्लैक आउट की नौबत आ गयी थी। जेबीवीएनएल ने अक्षय ऊर्जा के माध्यम से 1200 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है, इस पर यदि गंभीरता पूर्वक प्रयास हो तो झारखंड बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बन सकता है। इस प्रयास को बल देने के लिए केंद्र सरकार ने राज्य में 4 सोलर पार्क लगाने का प्रस्ताव भेजा है। 80 मेगावाट के ये सोलर पार्क झारखंड के सिमडेगा, देवघर, पलामू और गढ़वा में लगाये जाने हैं, लेकिन राज्य सरकार की उदासीनता के कारण अब तक इसके लिए जमीन उपलब्ध नहीं करायी जा सकी है।

**(लेखक : झारखंड भाजपा के चुनाव प्रबंधन प्रमुख हैं)**

## जमशेदपुर की खबरें

## जिला प्रशासन ने सेंट्रल पीस कमेटी के साथ की बैठक

# युवा मतदाताओं के निबंधन, वोटर कार्ड से आधार लिंक एवं स्वच्छ मतदाता सूची निर्माण में मांगा सहयोग


आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन ने शहरी क्षेत्र में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सेंट्रल पीस कमेटी के साथ बैठक की। शनिवार को उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में एडीएम एनके लाल और एसडीओ पीयूष कुमार शामिल हुए। उन्होंने ने सेंट्रल पीस कमेटी के साथ बैठक के दौरान युवा मतदाताओं के निबंधन, वोटर कार्ड को आधार से लिंक करने व स्वच्छ मतदाता सूची के निर्माण में जिला प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर मौजूद उप निर्वाचन अधिकारी कानूराम नाग ने मौके पर मौजूद सभी सदस्यों को फार्म 6, 7 और फार्म 8 की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने मतदाताओं का निबंधन कराने एवं सभी वोटर कार्ड को आधार के लिंक से जोड़ने की जानकारी दी। बैठक के दौरान एडीएम एन के लाल ने बताया वोटर कार्ड को आधार से लिंक कराने में ग्रामीण मतदाता काफी आगे हैं। उन्होंने बताया पूर्वी सिंहभूम जिले के ग्रामीण मतदाता जागरूकता का परिचय दे रहे हैं। लेकिन शहरी मतदाता इस काम में काफी पीछे हैं। उन्होंने बताया ग्रामीण क्षेत्रों के सभी चार विधानसभा में 80 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने वोटर कार्ड को आधार से लिंक करा लिया है। लेकिन शहरी क्षेत्र में यह आंकड़ा 40 से 50 फीसद के बीच में है। बैठक के दौरान उन्होंने 8 दिसंबर तक मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सभी मतदाता को वोटर कार्ड आधार से लिंक कराने के लिए अपील की। एडीएम नंद किशोर लाल ने कहा शहरी क्षेत्र में अपने स्तर पर आसपड़ोस व अपने स्वजनों के बीच 9 नवंबर से 8 दिसंबर तक चलाये जा रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी पहुंचायें, ताकि स्वच्छ मतदाता सूची का निर्माण किया जा सके। एसडीओ पीयूष कुमार ने बताया 17 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा मतदाता कैसे बन सकते हैं, एक से दूसरे विधानसभा में स्थान परिवर्तन होने पर मतदाता के वोटर कार्ड में आवश्यक संशोधन,नाम पता में त्रुटि होने पर संशोधन,एक विधानसभा क्षेत्र में ही स्थान परिवर्तन करने पर आवश्यक सुधार तथा वोटर कार्ड से आधार लिंक कराने की प्रक्रिया के संबंधित जानकारी दी।

# लॉयर डिफेंस की कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद, एंबुलेंस देने पर जतायी सहमति

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** साकची स्थित धालभूम क्लब में लॉयर डिफेंस की ओर से अधिवक्ताओं के उत्थान के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लॉयर डिफेंस के मुख्य संरक्षक झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता संजय कुमार पांडे के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विद्युत वरण महतो, विशिष्ट अतिथि झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन राजेश कुमार शुक्ला, सम्मानित अथिति तदर्थ समिति के चेयरमैन लाला अजित कुमार अंबस्त, अधिवक्ता देवेंद्र सिंह, ललित महतो, बलाई पंडा, पवन कुमार तिवारी, योगेश शर्मा शामिल हुए। सभी मंचासीन अतिथियों को लोएस डिफेंस के मुख्य संरक्षक व झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता संजय कुमार पांडे ने शॉल उड़ाकर सम्मानित किया। मौके पर मुख्य अतिथि सांसद बिद्युत वरण महतो ने सभी अधिवक्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा अधिवक्ता समाज का एक अभिन्न अंग है। सांसद ने अधिवक्ताओं का कल्याण के लिए एक एंबुलेंस देने की बात कही। उन्होंने कहा एंबुलेंस का देखरेख जिला बार संघ जमशेदपुर के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बीते दिनों दिवंगत अधिवक्ता राकेश रोशन को अस्पताल पहुंचाने के लिए टेंपो चालक रफीक अहमद को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही नवनियुक्त जिला मजिस्ट्रेट अधिवक्ता उत्तम कुमार को सवाल उठा कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन राजेश कुमार शुक्ला ने अधिवक्ताओं के बीच आशीर्वचन दिया। वही अधिवक्ता संजय कुमार पांडे ने डिफरेंस टीम के सभी सदस्य को आशीर्वाद दिया।अंत में सभी अधिवक्ताओं ने दिवंगत अधिवक्ता को श्रद्धांजलि दी। साथ ही 2 मिनिट का मौन रख कर उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# सरायकेला खरसावां में मेगा स्वास्थ्य शिविर आज

**अबुआ बुगिन स्वास्थ्य (हमारा बेहतर स्वास्थ्य) की क्षेत्र में गूंज**

**जनजातीय समुदाय के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला खरसवां।** केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय ने हमारे जनजातीय समुदायों के उनके अपने पारंपरिक तरीकों को सुरक्षित एवं प्रोत्साहित करते हुए उनके स्वास्थ्य के अधिकार को सुनिश्चित करने का प्रयास किया है। इस क्रम में झारखंड के सरायकेला-खरसावां में एक मेगा स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था की जा रही है। इस शिविर का लक्ष्य है अपने जनजातीय भाइयों और बहनों को उनके अपने स्वास्थ्य की स्थिति तय करने में सक्रिय रूप से संलग्न करना। साथ ही, चिकित्सा करने के उनके पारंपरिक तरीकों को इसमें शामिल किया गया है तथा खुद को स्वस्थ रखने के उनके उपायों को कायम रखना भी इसके दायरे में है। जनजातीय भाइयों-बहनों को बेहतरीन शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का समान अधिकार भी देने का लक्ष्य है।

पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मंत्रालय ने बेहतर भविष्य के लिए बेहतर स्वास्थ्य का आह्वान किया है। मेगा स्वास्थ्य शिविर प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की धरती झारखंड के सरायकेला-खरसवां में स्थित काशी शाहू कॉलेज (केएससी) में चार दिसंबर को आयोजित किया जायेगा। यह स्वास्थ्य शिविर अबुआ बुगिन स्वास्थ्य, यानी हमारा बेहतर स्वास्थ्य विषयक विस्तृत कार्यक्रम का हिस्सा है। अन्य बातों के साथ इस कार्यक्रम का लक्ष्य है देश भर के अनुसूचित जनजाति के लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य जांच सेवा प्रदान करके और मुफ्त चिकित्सा उपकरण वितरित करके उनके लिये बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करना। इस कार्य में जनजातीय कार्य मंत्रालय, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आयुष मंत्रालय, टाटा स्टील फाउंडेशन और जिला प्रशासन के प्रयास शामिल हैं। इसके जरिये अपोलो, फोर्टिस, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, एम्स आदि जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ डॉक्टर सुदूर जनजातीय इलाकों में जायेंगे तथा भिन्न-भिन्न प्रकार के रोगों की जांच व निदान करेंगे तथा उनका समुचित समाधान निकालेंगे। इस शिविर को सफल बनाने के लिये ट्राइफेड, एनएसटीएफडीसी और ईएमआरएस का भी सहयोग लिया जा रहा है।

**शिविर में मिलने वाली अन्य सुविधाएं**

**दवाओं, कृत्रिम अंगों और सहायक यंत्रों व उपकरणों का निःशुल्क वितरण।**
**नेत्र जांच शिविर का आयोजन।**
**चश्मों का निशुल्क वितरण।**
**वृद्धों की सेवा-सुश्रुषा।**
**खून की जांच।**
**आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड को सुगम बनाने की व्यवस्था।**

इस एकदिवसीय स्वास्थ्य शिविर के जरिये लगभग 40 से 50 हजार जनजातीय लोगों की सेवा होगी। यह शिविर भी पिछले शिविर की तरह ही सफल होगा। पिछला शिविर 26 जून, 2022 को खूंटी जिले में लगाया गया था। इस स्वास्थ्य शिविर का केंद्रीय उद्देश्य है, उन तीन प्रकार की बीमारियों के बोझ से मुक्ति दिलाना जो हमारे जनजातीय समुदाय के लोगों के स्वास्थ्य को पंगु कर देती हैं। इनमें पहली श्रेणी है टीबी, कुष्ठ, एचआइवी, हेपेटाइटिस आदि जैसे संचारी रोग; दूसरी श्रेणी में हैं स्तन और गर्भाशय का कैंसर, सिकिल सेल विकार, हृदय रोग, चर्म रोग, स्नायु रोग, दंत चिकित्सा; और तीसरी श्रेणी में मातृ-बाल स्वास्थ्य पोषण (एमसीएचएन+ए) सहित कुपोषण तथा किशोर स्वास्थ्य शामिल हैं। इन रोगों की जांच और उनके निदान व रोकथाम के उपाय स्वास्थ्य शिविर में किये जायेंगे।

आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड के लिये स्वास्थ्य शिविरों में आने वाली जनजातीय समुदाय के लोगों से आग्रह किया गया है कि वे अपने आधार कार्ड और राशन कार्ड साथ लायें। आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड से उन्हें किसी भी सरकारी या मान्यताप्राप्त निजी अस्पताल में हर वर्ष पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार मिलता है।

जनजातीय कार्य मंत्रालय ने मुख्य रूप से इस स्वास्थ्य शिविर का दायित्व इसलिए उठाया है ताकि एक विशेष कार्य-योजना के जरिये जनजातीय समुदाय के लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार आये। यह कार्य सबके लिये स्वास्थ्य के लक्ष्य को ध्यान में रखकर किया जा रहा है, खासतौर से हमारी अत्यंत संवेदनशील व कमजोर जनजातीय आबादी के लिये। आजादी के अमृत महोत्सव के क्रम में इस स्वास्थ्य शिविर का लक्ष्य है हमारे जनजातीय समुदायों के लिये बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करते हुए भारत को स्वस्थ्य एवं मजबूत बनाने की दिशा में आगे कदम बढ़ाना।

# विधायक ने पार्टी नेता के भाई के श्राद्ध में किया सहयोग

# पार्टी कार्यकर्ता की मां के निधन पर दुख जताने भी पहुंचे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गालूडीह।** घाटशिला विधायक रामदास सोरेन ने शनिवार को गालूडीह के पूर्व प्रखंड झामुमो सचिव स्व प्रभाकर महतो के छोटे भाई रतन महतो के श्राद्ध कर्म में सहयोग किया. श्री सोरेन ने मृतक के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए उनके संबंधियों को सांत्वना दी एवं उन्हें खाद्य सामग्रियों के साथ ही आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। श्री सोरेन इसके अलावा घाटशिला प्रखंड अंतर्गत फूलपाल गांव निवासी पार्टी सदस्य सह उत्तरी मउभंडार के पंसस रफीक आलम की छोटी मां के आकस्मिक निधन की सूचना पर उनके घर भी पहुंचे तथा उनके शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की। इस दौरान उनके साथ कालीपद गोराई, प्रखंड अध्यक्ष वकील हेंब्रम, निर्मल चक्रवर्ती, दुर्गाचरण मुर्मू, शिपू शर्मा, भादो हांसदा आदि भी मौजूद थे।

## जीपीएफ खाता खोलने का कार्य अत्यंत सराहनीय : सुशील कुमार



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन (एनएमओपीएस) जिला इकाई गढ़वा के जिला संयोजक सुशील कुमार ने अपने मीडिया प्रभारी डॉ कृष्ण कुमार यादव के साथ आज सामान्य भविष्य निधि कार्यालय गढ़वा जाकर एनएमओपीएस जिला इकाई गढ़वा की तरफ से कार्यालय कर्मियों को निर्विवाद एवं निर्विघ्न रूप से जिला के समस्त कार्यालय कर्मियों/शिक्षकों/पुलिसकर्मियों/स्वास्थ्य कर्मियो एवं अन्य विभाग के कर्मियों को 'सामान्य भविष्य निधि खाता नंबर' उपलब्ध कराने एवं पूरे राज्य में पांचवे स्थान पर पहुंचने की खुशी में मुंह मीठा कराया। इस बाबत जिला संयोजक सुशील कुमार ने बताया कि गढ़वा जिला में कुल तीन हजार पांच सौ अठाइस नयी पेंशन योजना के अन्तर्गत कर्मी कार्यरत हैं, जिनका सितंबर 2022 से 'पुरानी पेंशन योजना' स्वीकृत होने के पश्चात राज्य के सभी सामान्य भविष्य निधि कार्यालयों में सभी एनपीएस कर्मियों का सामान्य भविष्य निधि खाते को ओपेन करने का कार्य किया जा रहा है। अभी तक लगभग दो हजार कर्मियों का खाता खुल चुका है। उम्मीद है कि निर्धारित समय सीमा से पूर्व ही उक्त कार्य को कार्यालय के द्वय कर्मठ कर्मियों के द्वारा पूर्णाहूत कर लिया जायेगा।

## एचपीएल किक्रेट टूर्नामेंट का शानदार आगाज, 16 टीमें ले रही भाग

**मेराल (आजाद सिपाही)।** हासनदाग के जेपीएस ग्राउंड में आयोजित पंचायत स्तरीय एचपीएल किक्रेट टूर्नामेंट का शानदार आगाज शनिवार को हुआ। स्थानीय विधायक सह पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रतिनिधियों द्वारा क्रिकेट मैच का उद्घाटन दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा बाल को हिट कर किया गया। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही है। उद्घाटन मुकाबला में पहला मैच हरैया और कोटा के बीच खेला गया, जिसमें कोटा ने हरैया टीम को 23 रनों से पराजित कर मैच को एकतरफा जीत लिया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले टीम के विकास कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। वहीं दूसरा मैच में टिसाटेटुका पंचायत के स्मार्ट लुक बनाम कोरवाडीह पंचायत के लगमा के बीच खेला गया। जिसमें स्मार्ट लुक की टीम ने 25 रनों से लगमा की टीम को पराजित कर मैच को जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार टीम के भास्कर को दिया गया। टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए ज्ञान रंजन मिश्र, मुखिया पति हरेंद्र चौधरी, अभिषेक मेहता, चीकू जायसवाल, आयोजन समिति के अध्यक्ष मुना कुमार चौबे, उपाध्यक्ष विजय चौधरी, सचिव आनंद विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष कुंदन कुमार चौधरी ने कहा कि इस ग्राउंड में प्रत्येक वर्ष पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता रहा है, जिसमें मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का सहयोग सराहनीय रहा है। ज्ञान रंजन मिश्र ने कहा कि गढ़वा के युवाओं को खेल में आगे लाने के लिए मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर प्रयासरत हैं। वे खिलाड़ियों के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। मैच में अंपायर की भूमिका अनिल चौधरी और अमित चौबे के द्वारा किया गया जबकि कमेंट्री हरेंद्र चौधरी तथा स्कोरर की भूमिका ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर शिवदत्त चौधरी के द्वारा किया गया।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**कांडी (आजाद सिपाही)।** कांडी प्रखंड के हरिहरपुर हाई स्कूल के मैदान में शनिवार को प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें खरौंधा पंचायत के टीम ने गाढ़ा पंचायत टीम को एक गोल से हराया। जबकि दूसरी पारी में कांडी व खुटहेरीया पंचायत के टिम के बीच मैंच खेलना था परंतु कांडी पंचायत के खिलाड़ी नहीं आ सके। इस संबंध में कांडी पंचायत के मुखिया के द्वारा दुरभाष से जानकारी दी गई कि हमारी टीम अन्य जगह खेलने गया है। इसके आलोक में मैदान में उपस्थित खुटहेरीया पंचायत के टीम को कमेटी द्वारा जीत घोषित कर दिया गया। मौके उपस्थित खेल के प्रभारी विकास कुमार सिंह ने बताया कि यह मैच का शेड्यूल और टाइमिंग पूर्व में बनायी गयी थी दोनों टिम के बीच पर कांडी पंचायत के टीम नहीं आ सकी। मौके पर उपस्थित रेफरी दुर्गा राम, अजित कुमार सिंह, संजय चंद्रवंशी, मोनू शुक्ला, आलोक कुमार सिंह, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## झामुमो जिला कमिटी की बैठक हुई



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमिटि का बैठक मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में दिनांक 08/12/2022 को मुख्यमंत्री का कार्यक्रम खतियानी जोहार यात्रा का शुभारंभ जो गढ़वा जिला से होने जा रहा हैं। इस कार्यक्रम में लाखो-लाख की संख्या में लोग भाग लेंगें। झंडा, पोस्टर, बैनर, प्रचार-प्रसार कर जिला में आम जनता को जागरूक किया जायेगा साथ ही साथ हजारो लोग पार्टी की नीति से प्रभावित होकर पार्टी का दामन थामेंगे। सभी तरह का तैयारी आज से शुरू कर दिया जाय। मुख्यमंत्री जी का गढ़वा में कार्यक्रम से पार्टी काफी उत्साहित है और कार्यक्रम के प्रति सभी सम्मानित साथियों को आज से ही तैयारी में लग जाना है। आज के बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, जिला सचिव मनोज ठाकुर, नीतेश सिंह, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष, मो. ताहिर अंसारी, मेदिनी खान, जिला परिषद अध्यक्षा शांति देवी, सत्यनारायण यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष, पिंकी केशरी, नीरज तिवारी, विनोद चन्द्रवंशी, फुजैल अहमद, कंचन साहू, शरीफ अंसारी, अरविंद यादव, दिनेश गुप्ता, राज किशोर यादव, इरफान असारी, कामेश्वर चौधरी, आलमगीर अंसारी, रेखा चौबे, अनीता दत्त, आराधना सिंह, चन्दा देवी, कबूतरी देवी, पाली रानी, नेहा कुमारी, शोभा देवी, मंजू देवी, मासूम खान, लल्लू राम, जानकी सिंह, निर्मल पासवान, गुप्तेश्वर पाण्डेय, अर्जुन मिंज, हरिदास तिर्की, चंदन पासवान, अमर राम, नागेन्द्र, मुन्ना ठाकुर, सुरेन्द्र, विकास सिंह कुशवाहा, छोटू सिंह, दशरथ प्रसाद, राजेश कुमार बैठा, राजेश कुमार, दीपक कुमार सोनी, धीरेंद्र यादव, जय गोपाल यादव, अहमद अली, शंभु सिंह खरवार, आशुतोष कुमार पाण्डेय, राजा सिंह, विवके सिंह, अमित सिंह, चंदन पासवान, भोलू, सूरज चंद्रवंशी नवीन तिवारी एवं सैकड़ों कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## कांग्रेस कमेटी ने भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन किया

# देश में गरीबों, पीड़ितों और शोषितों की सुनने वाला कोई नहीं: श्रीकांत

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में भारत जोड़ो यात्रा के जिला प्रभारी श्रीकांत तिवारी जी के निर्देश पर डंडा प्रखंड अंतर्गत भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन किया गया। मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अरविंद तूफानी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन भारत के तमाम नागरिकों को जोड़ने के लिए किया गया है। जिसमें भारत विरोधी ताकत जो भारत को कमजोर करने में लगा हुआ है उस तानाशाही से देश को मुक्त करना हमारा उद्देश्य है। भारत जोड़ो यात्रा के प्रभारी श्री कांत तिवारी के मार्गदर्शन में यह यात्रा संपूर्ण जिला में आयोजित कर लोगों को जोड़ने का काम किया जायेगा। भारत जोड़ो यात्रा के प्रभारी सह प्रदेश प्रतिनिधि श्रीकांत तिवारी ने कहा कि आज देश में गरीब पीड़ित शोषित वंचित का सुनने वाला कोई नहीं है गरीब और गरीब होते जा रहा है और अमीर और अमीर होते जा रहा है। युवा बेरोजगारी की दलदल में समाता जा रहा है, 2 करोड़ नौकरी का जुमला दे कर युवाओं को गुमराह कर सत्ता प्राप्त कर वर्तमान भाजपा सरकार हर स्तर पर जनता का शोषण करने में लगा हुआ है। महंगाई आसमान छू रही है लोगों को घर चालान मुस्कील होते जा रहा है। इन तमाम जन समस्याओं से जनता को बाहर निकालने के लिए भारत जोड़ो यात्रा हमारे नेता राहुल गांधी के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा किया जा रहा है। उसी क्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में संपूर्ण झारखंड में यह यात्रा किया जा रहा है। वैसे ही गढ़वा जिले की जवाबदेही पार्टी ने मुझे सौंपी है। जिसे मैं निष्ठापूर्वक संपूर्ण जिला में कर जनता से जुड़ कर नफरत, बेरोजगारी, महंगाई से निजात पाने के लिए भारत जोड़ो यात्रा किया जायेगा।



### 30 जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किया

**मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि सुरेंद्र नाथ तिवारी, प्रदेश प्रतिनिधि अलख चौबे, यूवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजित कमल, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष उगेंद्र चौबे, डंडा प्रखंड अध्यक्ष जवाहर चौधरी, सिपुजन मेहता, पूर्व कामगार सेल जिला अध्यक्ष उमेश त्रिपाठी। उपस्थित थे। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि सह भारत जोड़ो यात्रा के प्रभारी श्री कांत तिवारी द्वारा ठंड को देखते हुए 30 जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किया गया और लोगों को कांग्रेस पार्टी के सेवा भाव से अवगत कराया गया।**

## बैठक सह धरना कार्यक्रम का आयोजन किया

# अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस नहीं मनाने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** अनुमंडलीय दिव्यांग संघ श्री बंशीधर नगर की ओर से शनिवार को अपने कार्यालय परिसर में बैठक सह धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक में दिव्यांगों ने सर्वसम्मति से आज के दिन अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस नहीं मनाने का निर्णय लिया। क्योंकि रांची में राज्यपाल भवन के सामने झारखंड राज्य के सभी दिव्यांगों का धरना पिछले माह 26 नवंबर से चल रहा है। जिसमें झारखंड सरकार द्वारा दिव्यांगों की मांगों पर कोई विचार नहीं किया गया है। नतीजा धरना जारी है। अनुमंडलीय दिव्यांग संघ श्री बंशीधर नगर इकाई के लोगों ने एक दिवसीय धरना के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से 21 सूत्री मांगों को लेकर राजभवन पर धरना पर बैठे दिव्यांगों की मांगों पर विचार करते हुये यथाशीघ्र पूरा करने का अनुरोध किया है।

### क्या है दिव्यांग संघ की मांग

दिव्यांग संघ की ओर से पेंशन 25 सौ रुपये किये जाने, राज्य में खाली पड़े निशक्तता आयुक्त को नियमित किये जाने, आरपीडब्ल्यूडी की धारा 33 34 खाली रिक्त पदों पर दिव्यांगों को बहाल किये जाने, सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी प्रकार के कार्यों के लिये दिव्यांगों को 5% आरक्षण दिये जाने, झारखंड में दिव्यांग सलाहकार समिति एवं बोर्ड का गठन किये जाने, अंतराष्ट्रीय खेलों में दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों को नियुक्त किये जाने, महिला आयोग, अल्पसंख्यक आयोग, पिछड़ा आयोग की तरह दिव्यांग आयोग का गठन झारखंड में किये जाने की मांग शामिल हैं। साथ ही सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में योग्यता के अनुसार नौकरी में दिव्यांगों को 5% आरक्षण दिये जाने, सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को निःशुल्क शिक्षा दिये जाने, दिव्यांग जनों को बस किराया में 50% की छूट दिये जाने, दिव्यांगों को दी जाने वाली उपकरण को गुणवत्तापूर्ण दिये जाने, राज्य के सभी दिव्यांगों को दो सौ यूनिट बिजली दिये जाने, बैठक एवं धरना की अध्यक्षता संघ के कोषाध्यक्ष मोतीलाल गुप्ता ने की। बैठक में कमलेश बिहारी, उमेश पासवान, वचन राम, मुरली राम, जितेंद्र उरांव, मनोज राम, रियासत, जमीर उल्लाह खान, लोकल राम, विजय राम, संजू देवी, माया कुमारी, अफसाना खातून, संजय मेहता, किशोर पासवान, रमेश राम, सुदामा प्रसाद, जय प्रसाद, मदन राम, ओम प्रकाश मेहता, अशोक पाल, वकील बैठा, रामप्रीत सिंह, खुशहाल चंद्र शेखर श्रीवास्तव, सुरेश विश्वकर्मा, लालाराम समेत कई दिव्यांग मौजूद थे।

**युवक को धक्का मारकर किया घायलः कांडी(आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मझिआंव सुंडीपुर मुख्य सड़क स्थित राणाडीह गांव में बाइक सवारों ने एक पैदल चल रहे युवक को पीछे से धक्का मारकर घायल कर दिया। घटना शुक्रवार शाम 6:45 बजे की है। इस घटना में दोनों बाईक सवार भी घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक नंबर जेएच 14 एच 6303 से दो युवक तेज गति से सुण्डीपुर की ओर जा रहे थे, तभी राणाडीह गांव में पैदल अपने चाचा के साथ घर जा रहे युवक को पीछे से धक्का मारते हुए बाईक सहित गिर गये।

## अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ा

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र हरिहरपुर के मझिगांवा गांव के मुख्य सड़क कांडी कवलदाग भवनाथपुर सड़क पर भेलवा खाड़ी टोला के पास से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को शनिवार के अहले सुबह चार बजे परिवहन करते हुए पकड़ा गया है। इस संबंध मे ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात टेक्टर मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गईं है। कांडी अंचलाधिकारी अजय कुमार दास के द्वारा औचक निरीक्षण के क्रम में अबैध रुप से बालू लदे हुए टेक्टर को जातें हुए देखा गया। इस क्रम में टेक्टर के चालक के द्वारा अंधेरे का फायदा उठाते हुए तेज रफ्तार से भागने का प्रयास किया गया। लेकिन हरिहरपुर ओपी के पुलिसबल के द्वारा पिछाकर बालू लदे एक गाड़ी को पकड़ा गया। टैक्टर को हरिहरपुर ओपी को सौंप दिया गया है। चालक गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहा। क्षेत्र में बालू माफिया के द्वारा लगातार अबैध रूप से बालू का उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। जिससे सरकार को आर्थिक क्षति हो रहा है। जिसके विरूद्ध प्रशासन के द्वारा लगातार छापामारी अभियान जारी रहेगा।

## बस में बाराती की हुई संदेहास्पद मौत, जांच में जुटी पुलिस, बस जब्त



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** रक्सा गांव में शनिवार की सुबह बाराती बस में एक बाराती का शव संदेहास्पद स्थिति में पाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच शव सहित बस को कब्जे में कर थाना ले आयी। थाने से शव को अंत्य परीक्षण के लिए पुलिस ने सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार रक्सा गांव निवासी भरत प्रसाद साहू की लड़की की शादी का बारात छत्तीसगढ़ जिला बलरामपुर थाना बसंतपुर की बरती कला गांव निवासी रामअवध गुप्ता के घर से आयी थी। रामअवध गुप्ता के पुत्र की शादी भरत प्रसाद साहू की पुत्री के साथ हुई। सुबह बाराती बस का उपचालक जब बस की सफाई करने लगा तो देखा कि बाराती 55 वर्षीय गुलाब पनिका पिता स्वर्गीय मोहन पनिका बरती कला थाना बसंतपुर जिला बलरामपुर छत्तीसगढ़ मृत पड़ा हुआ है। उपचालक ने इसकी सूचना बारातियों को दिया। बस का चालक बस पर शव लेकर वापस जाने से मना कर दिया। इसकी सूचना पुलिस को मिली। पुलिस मौके पर पहुंच शव सहित बस को कब्जे में कर थाना ले आयी। बारातियों के अनुसार मृतक गुलाब पनिका काफी अधिक शराब का सेवन किया था तथा गिरकर घायल भी हो गया था। घायलावस्था में उसे कुछ बारातियों ने उठाकर बस के सीट पर सुलाया था। जहां वह सुबह मृत पाया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने कहा कि शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया गया है। साथ ही स्वजनों को भी सूचना दे दी गई है। स्वजनों एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## ऑटो पलटने से पांच लोग गंभीर रूप से घायल




**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर श्रीबंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर नेपाल खोह के समीप एक ऑटो पलटने से उस पर सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उसी समय रास्ते से गुजर रहे क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने घायलो को तड़पते देख अपनी वाहन से उतरे तथा तत्काल इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी। मौके पर पहुंचे पुलिस निरीक्षक चंदन सिंह व थाना प्रभारी सतीश महतो ने विधायक भानु प्रताप शाही के सहयोग उन सभी घायलो को एंबुलेंस पर लादकर इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायलों में मकरी के धीरज कुमार रजक 17 वर्ष, माया देवी, अरसली दक्षिणी निवासी गुपुत चेरो 15 वर्ष,धीर बघमनवा निवासी चिंता देवी 40 वर्ष, छतरपुर निवासी अर्चना देवी का नाम शामिल है। उक्त सभी घायलों को स्थानीय सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल धीरज कुमार रजक और चिंता देवी को सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार उक्त सभी लोग टेम्पो पर सवार होकर नगर उंटारी से भवनाथपुर आ रहे थे, तभी मुख्य मार्ग पर नेपाल खोह के समीप टेम्पो एक मवेशी से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे उस पर सवार पांचो लोग घायल हो गये। उसी समय भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय के भाई के शादी समारोह में शिरकत करने जा रहे भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही की नजर उन घायलो पर पड़ी तो उन्होंने मानवता की परिचय देते हुए अपनी गाड़ी रोक तत्काल इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने विधायक भानु और समर्थको के सहयोग से उन सभी घायलो को एम्बुलेंस से लाकर इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।


झारखण्ड सरकार

पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,हजारीबाग

ई-प्रोक्योरमेंट सूचना

ई-निविदा प्रसंग सं० :- RCD/HAZARIBAG/1068/2022-23

दिनांक :-02.12.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत "चरही (NH-33) से धाटो पथ (कुल लम्बाई 5.20 कि.मी.) के राइडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य। वर्ष 2022-23 |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू० 4,59,17,000.00 (चार करोड़ उनसठ लाख सत्रह हजार रूपये मात्र) |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 03 (तीन) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 23.12.2022 10:30 बजे पूर्वह्न |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 31.12.2022 12:00 बजे दिन तक |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 9431326172 |
| 8. | ई-प्रोक्योरमेट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651-2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :- http://jharkhandtenders.gov.in

E-mail ID : eercdhazari-jhr@nic.in

Tel. No.-06546-225818

कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,हजारीबाग

PR 284134 Road(22-23)*D


## डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती डीएवी मॉडल स्कूल में धूमधाम से मनायी गयी

# राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती डीएवी मॉडल स्कूल में धूमधाम से मनाई गई .इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सुशील केसरी एवं प्राचार्य गुलाम सरवर तथा शिक्षक अंजनी कुमार सिंह ओम प्रकाश शर्मा मदन मोहन द्विवेदी, वीरेंद्र कुमार, खुशबू दुबे, आरती देवी, कोमल कुमारी, शिवानी कुमारी, चांदनी कुमारी तथा स्कूल के बच्चे बच्चों ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। निदेशक सुशील केसरी ने बच्चों को बताया कि डॉ राजेंद्र प्रसाद का जन्म 3 दिसंबर अट्ठारह सौ चौरासी को सिवान जिले के जीरादेई नामक गांव में हुआ था. इनके पिता महादेव सहाय और माता कमलेश्वरी देवी थी। 12 वर्ष की उम्र में उनका विवाह राजवंशी देवी से हुआ था। डॉ राजेंद्र प्रसाद काफी प्रतिभावान थे। अपने जीवन में कभी द्वितीय नहीं हुए। प्रारंभ से ही इन्हें 30 का स्कॉलरशिप मिलता था बाद में पटना और आगे चलकर कोलकाता विश्वविद्यालय से बैरिस्टर की पढ़ाई किये और कोलकाता हाईकोर्ट में वकील बने। पटना हाई कोर्ट की स्थापना के बाद यह पटना में आ गये। स्वतंत्रता संग्राम में इनका अभूतपूर्व योगदान था। गांधीजी के चंपारण आंदोलन से उनका साथ प्रारंभ हुआ और असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह तथा भारत छोड़ो आंदोलन में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के कारण इन्हें जेल भी जाना पड़ा। संविधान सभा के गठन के बाद इन्हें संविधान सभा का अध्यक्ष चुना गया और यह भारत के प्रथम राष्ट्रपति भी बने। इन्होंने 2 जनवरी 1954 को भारत रत्न देने की प्रथा चलाई और 1962 तक भारत के राष्ट्रपति रहे 1962 में इन्हें भारत रत्न की उपाधि दी गई। अंततः 18 फरवरी 1963 को पटना के सदाकद आश्रम में इनका निधन हुआ। इन्होंने मेरी आत्मकथा, महात्मा गांधी की देन, बापू के कदम, भारतीय शिक्षा, जैसे विषय पर पुस्तकें भी लिखी। वास्तव में राजेंद्र प्रसाद बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। सादा जीवन और उच्च विचार इनके अंदर भरा हुआ था। यही कारण है कि हर किसी का प्यार इनके साथ विद्यमान रहता था। आज बच्चों ने भी उनके जीवनी पर प्रकाश डाला।

### डॉ राजेंद्र प्रसाद के विषय में अपने वक्तव्य दिए

**इस संदर्भ में प्रज्ञा राज, भारती कुमारी, निर्मला कुमारी, संजना शर्मा, नंदनी कुमारी, कृष्णा कुमार, सिद्धार्थ कुमार, हर्षित राज आदि ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के विषय में अपने वक्तव्य दिए। इस अवसर पर श्वेता, रिया, नीता और खुशी ने एक बहुत ही सुंदर गीत प्रस्तुत किये हम होंगे कामयाब हम होंगे। कामयाब एक दिन और इसी के साथ आज का यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।**


रांची समाहरणालय, रांची

(समाज कल्याण शाखा)

अति अल्पकालीन निविदा सूचना।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य योजनान्तर्गत आँगनवाड़ी केन्द्रों के 03 से 06 वर्ष के बच्चों के लिए गर्म पोषाक (Winter Uniform) अपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक प्रतिष्ठान मुहरबंद लिफाफे में निविदा (तकनिकी एवं वित्तीय बिड अलग-अलग) जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रांची के कार्यालय में दिनांक **13.12.2022** अपराह्न **12:00** बजें तक निविदा सामग्रियों के हर नमूने के साथ जमा करेगें। प्राप्त निविदाओं को दिनांक **13.12.2022** अपराह्ण **03:00** बजे क्रय समिति की बैठक में खोला जायेगा, निविदा खोलने के समय निविदादाता या उसके प्रतिनिधि उपस्थित रहेगें।

| क्र० | सामग्री का नाम | Facts | Requirement | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 01. | गर्म पोषाक (Winter Uniform) | Sweater | Unisex | |
| | | Color | Maroon | |
| | | Material (Blend Composition) | Acrylic-100% (± 2%) | |
| | | Yarn | High Bulk Yarn | |
| | | Neck Type | V-Neck | |
| | | Sleeve | Full Regular Sleeve | |

निविदा की शेष शर्तें जिला समाज कल्याण कार्यालय, राँची के सूचनापट एवं www.ranchi.nic.in देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, राँची। उप विकास आयुक्त, राँची। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची।

PR 284158 (Social Welfare,Women and Child Development) 22-23 (D)

## राहे ओपी में लगा भूमि विवाद समाधान शिविर



राहे (आजाद सिपाही)। अंचल में भूमि विवाद को खत्म करने के लक्ष्य को लेकर शनिवार को राहे ओपी परिसर में शिविर लगाया गया। जिसमें भूमि विवाद के दो मामले आये। दोनों पक्ष की दलीलें सुनने के बाद फैसला दिया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विधायक ने भी भूमि विवाद की समस्या को खत्म करने के लिये शिविर लगाने की हामी भरी थी। इसी के आलोक में प्रत्येक शनिवार को ओपी परिसर में भूमि विवाद समाधान शिविर लगाया जायेगा। सीओ महेंद्र छोटन उरांव ने कहा कि भूमि विवाद को लेकर प्रत्येक शनिवार को शिविर लगाया जाएगा और विवाद के अनुसार समाधान दिया जाएगा। इस मौके पर ओपी प्रभारी रामरेखा पासवान, सीआई जेत सिंह टोप्पो आदि उपस्थित थे।

## अड़की से पिकअप वैन चोरी, जांच में जुटी पुलिस



अड़की (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के खूंटी-तमाड़ पथ पर सिंदरी गांव के पास शुक्रवार की रात एक मैक्स पिक आप वैन चोरी हो गई। गाड़ी पुरनानगर निवासी गौतम साहू की बतायी जा रही है। उक्त गाडी सिंदरी गांव के मुकेश व घलटु साहू चलवाते थे। इस संबंध में अड़की थाना में एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में बसंतपुर पंचायत का कब्जा

राहे (आजाद सिपाही)। डोमनडीह स्कूल मैदान में आयोजित दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल मैच में बालक टीम का मुकाबला बसंतपुर बनाम होटलो पंचायत के बीच हुआ। जिसमें बसंतपुर पंचायत एक गोल से विजयी रहा। वहीं, बालिका टीम का फाइनल मुकाबला बसंतपुर और सताकी पंचायत के बीच हुआ। ट्राईब्रेकर में बसंतपुर पंचायत विजयी रहा। विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मौके पर बीडीओ हारून रशीद, प्रमुख लीलमनी देवी, उपप्रमुख उमेश महतो, मुखिया श्याम सिंह मुंडा, पांडु मुंडा, गिरिबाला देवी, सुभाष महतो, रमेश महतो, बीएसओ विष्णु खंडित और रामनाथ लोहरा आदि उपस्थित थे।

## रूगड़ी आदर्श उच्च विद्यालय में आयोजित शिविर में 453 छात्रों के स्वास्थ्य की हुई जांच



तमाड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के आदर्श उच्च विद्यालय रूगडी में राष्ट्रीय स्वस्थ मिशन झारखंड सरकार के अधीन राष्ट्रीय बाल स्वस्थ्य कार्यक्रम के विशेष स्कूल स्वास्थ्य जांच अभियान के तहत 453 छात्रों का स्वस्थ्य जांच किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ अकमल राजा, चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा जांच के बाद नि:शुल्क दवाईयां भी दी गई।

## ग्राम सभा सचिवालय का उद्घाटन

कर्रा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बमरजा पंचायत अंतर्गत खरतंगा गांव में शनिवार को ग्राम सभा सचिवालय का उद्घाटन बमरजा मुखिया अनूप कुजूर ने किया। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवालय पर अब बैठकर ग्रामीण रोजगार के बारे में विस्तार पूर्वक बात कर सकते हैं। संपूर्ण डाटा सचिवालय में रखा जाएगा। इस दौरान उन्होंने विलेज प्रोफाइल बनाने पर जोर दिया। लगे हाथ मनरेगा के बारे में विस्तार पूर्वक ग्रामीणों को जानकारी दी। साथ ही पंचायत स्तरीय युवा सम्मेलन में भाग लेने के लिए युवाओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर डब्ल्यूएचएच प्रोजेक्ट के शकील अहमद, रानी हंसा, एलिस होरो, ग्राम प्रधान फूलचंद लोहरा आदि उपस्थित थे।

## पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी : मंजू देवी



कर्रा (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के खेल विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने के लिए 18 से 40 आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के लिए प्रखंड के सभी पंचायत में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को आरसी बालक मध्य विद्यालय कर्रा मैदान में भी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला परिषद् उपाध्यक्ष मंजू देवी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को कीक मारकर खेल का शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ते हुए खेल को खेल की भावना से खेलने की सलाह दी। कहा कि पढ़ाई के साथ ही खेल भी जरूरी है। वहीं, फुटबॉल प्रतियोगिता के दौरान आरसी बालक मध्य विद्यालय के वरीय शिक्षक स्टीफन बारला ने सभी खिलाड़ियों के लिए खाने का प्रबंध किया। इस मैच का प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन साहू के नेतृत्व में किया गया है जिसमें मंच का संचालन रवि प्रकाश सोनी ने किया।

## छात्र-छात्राओं को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



खूंटी (आजाद सिपाही)। मुरहू श्योर सक्सेस कोचिंग के छात्र-छात्राओं को शनिवार को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इसमें राजकीय संग्रहालय, खेलगांव और बिरसा जीव उद्यान का भ्रमण शामिल है। इस भ्रमण में संस्थान के कुल 86 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस दौरान ज्ञान-विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारियां उपलब्ध कराई गई। कोचिंग के शिक्षक व निदेशक सकलदीप भगत ने बताया कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण से संस्थान के छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास की वृद्धि होती है। बच्चे ग्रामीण परिवेश के है। ऐसे बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से ज्ञान विज्ञान से रूबरू कराना उनकी उत्सुकता एवं जिज्ञासाओं की जानकारी कराना ही दूर का उद्देश्य रहा। साथ ही उन्हें बाहर की देश दुनिया से रूबरू होने का मौका मिलता है। श्योर सक्सेस कोचिंग समय-समय पर इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण का निरंतर आयोजन करता रहेगा। राजकीय संग्रहालय में विभिन्न स्थापत्य कला, चित्रकला एवं मूर्तिकला, सिक्कों एवं अस्त्रों एवं शस्त्रों आदि ऐतिहासिक वस्तुओं से भी संग्रहालय में प्रत्यक्ष दिखाकर बच्चों को अपने राज्य इतिहास से परिचित करवाया गया। इस दौरान शिक्षक प्रकाश, शिक्षिका अंजलि, रिया एवं सावित्री मौजूद थे।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर खूंटी एवं तोरपा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

# दिव्यांगों को किसी से भी कमजोर न समझें: प्रधान जिला न्यायाधीश

**दिव्यांगों के बीच ट्राई साईकिल, श्रवण यंत्र, दिव्यांग यंत्र व कंबल वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** नालसा एवं झालसा के निर्देशन पर शनिवार को विश्व दिव्यांग दिवस पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में खूंटी और तोरपा प्रखंड में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अपने संबोधन में डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि आज विकलांग नहीं, बल्कि दिव्यांग दिवस है। हमें दिव्यांगों को किसी से कमजोर नहीं समझना चाहिए। दिव्यांगों को सभी अधिकार मौजूद हैं। उन्हें अपने हक के लिए आगे बढ़ना है। खूंटी एवं तोरपा प्रखंड के बीडीओ ने भी दिव्यांगों को मिलने वाली योजनाओं के बारे में बताया। इस दौरान 25 से अधिक दिव्यांगों के बीच ट्राई साईकिल, श्रवण यंत्र, दिव्यांग यंत्र एवं कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर पीएलए सदस्य दीपक विद्यार्थी, प्रमुख, उप प्रमुख, एसडीपीओ, सीडीपीओ और अधिवक्ता ममता सिंह आदि उपस्थित थे।



विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग की मदद करते गणमान्य।

## कृषि आधुनिक मशीन की प्रदर्शनी

कर्रा (आजाद सिपाही)। मनरेगा पार्क सह किसान पाठशाला में शनिवार को झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन समिति जेएसएलपीएस के अंतर्गत संचालित जोहर परियोजना की ओर से कृषि यांत्रिकरण केंद्र और सरजोंबा एफपीसी के संयुक्त तत्वाधान में नई कृषि आधुनिक मशीन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनकर्ता के रूप में स्वराज कंपनी के प्रबंधक उपस्थित थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छोटे किसान खास कर ग्रामीण महिलाओं को खेती के क्षेत्र में बढ़ावा देना है जिससे ग्रामीण महिलाओं स्वतः अपना खेत तैयार कर सके। इस मौके पर सरजोम्बा एफपीसी के निर्देशक मंडली हीरामनी होरो, सलोमी होरो, आश्रिता होरो आदि थे।

## मुरी से देसी पिस्तौल के साथ दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुरी।** मुरी पुलिस ने शुक्रवार की रात गस्ती के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर बाइक सवार दो युवक को पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। वे लोग किसी बड़ी अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए मुरी-गोला रोड में घूम रहे हैं। मुरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दी। बताया कि देर रात 1.45 बजे सत्यापन एवं आवश्यक करवाई में गस्ती पदाधिकारी सहायक अवर निरीक्षक मुन्ना कुमार सिंह अपनी गश्ती दल के साथ मुरी गोला रोड की तरफ बढ़ रहे थे। तभी मुरी टुगरी पार्क पहुंचने पर देखा कि एक बाइक रोड के किनारे खड़ा है। पुलिस को देख वे लोग वहां से भागने लगे। तभी पुलिस ने दोनों को खदेड़ कर पकड़ लिया। उनकी पहचान अशोक उर्फ आकाश कुमार (23) और विशाल कुमार (30) के रूप में हुई है। आकाश हजारीबाग जिले के बरही थाना क्षेत्र के बरही वारा टांड़ का रहने वाला है। जबकि विशाल कोडरमा के झुमरी तिलैया स्थित नरेशनगर ग्राम के वार्ड नंबर एक का रहने वाला है। उनके पास से 3.15 बोर का देसी लोडेड पिस्तौल, एक लोहे का रॉड, दो मोबाइल फोन और बाइक जब्त की गई है। उनकी गिरफ्तारी में पुलिस अवर निरीक्षक बबलू कुमार, सौरव शर्मा, सहायक अवर निरीक्षक मुन्ना कुमार सिंह, हवलदार( 224) जनार्दन मंडल, आरक्षी फनी मुकुट सिंह मुंडा, अर्जुन उराव, निर्मल बेदिया, रिजर्व गार्ड और सुरेंद्र कुमार वर्मा आदि शामिल थे।



## झारखंड सरकार कर रही महतो समाज की उपेक्षा: अजीत महतो

**2023 से गांव-गांव से शुरू होगा हक के लिए आंदोलन**

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कुर्मी आदिवासी ही हैं। राज्य सरकार ने साजिश के तहत इसे पिछड़ा वर्ग में रखा है। उक्त बातें पश्चिम बंगाल राज्य आदिवासी कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत कुमार महतो ने कही। वह शनिवार को बुंडू स्थित यूनिक आईटीआई प्रशिक्षण केंद्र भवन एनएच-33 में कुर्मी समाज के एक दिवसीय चिंतन बैठक में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य की लड़ाई में महतो समुदाय का अहम योगदान रहा है। लेकिन इसी राज्य में महतो समुदाय सरकारी उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। 2023 में गांव-गांव से लड़ाई शुरू कर प्रखंड, जिला के बाद विधानसभा और सांसद का घेराव कर अपना हक लेकर दम लेंगे। रेल रोको आंदोलन के तहत खनिज नाकेबंदी आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर निरंजन महतो, पूर्व प्राचार्य लोहरा महतो, योगेश्वर महतो, लालचंद महतो, छोटे लाल महतो, आनंद कुमार महतो, बंशीधर महतो, परीक्षित महतो, संतोष कटिहार, राजू महतो, अधिवक्ता छोटेलाल और पदमालोचन प्रधान आदि थे।

## पिपरवार के विकास के लिए जन प्रतिनिधि व समाजसेवियों की बैठक



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बचरा पंचवटी सभागार में शनिवार की शाम क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और समाजसेवी की संयुक्त बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता राय पंचायत की मुखिया शीला देवी और संचालन बहेरा पंचायत की मुखिया रेखा देवी ने की। बैठक में पिपरवार क्षेत्र के विकास और समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में सीएसआर और डीएमएफटी फंड से ग्रामीण इलाकों में होने वाले कार्यो पर चर्चा करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने, स्थानीय ग्रामीणों को प्राथमिकता के आधार पर चयनित योजनाओं में कार्य देने, संबंधित कार्य को समय पर बेहतर गुणवत्ता के साथ करने सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में कल्याणपुर के मुखिया महेश मुंडा, समाजसेवी विजय पाहन, रमेश मुंडा, किचटो मुखिया प्रतिनिधि अंगद महतो आदि थे।

## एक जनवरी से भाड़ा वृद्धि का लिया गया निर्णय

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बचरा आशियाना गेस्ट हाउस में लोडर ऑनर एसोसिएशन और लिफ्टर संघ की संयुक्त बैठक हुई। बजिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश प्रसाद और संचालन मोहम्मद ताज ने किया। बैठक में बढ़ती महंगाई को देखते हुए लोडर लोडिगं भाड़ा वृद्धि करने, बकाया भाड़ा का भुगतान करने, कोयला आवांटन बढ़ाने सहित कई बिंदुओ पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने पर भी चर्चा की गी। घंटों चले इस बैठक में लोडिंग का भाड़ा 40 से बढ़ाकर 50 रुपए प्रतिटन करने का निर्णय लिया गया। बढ़े भाड़े का भुगतान एक जनवरी 2023 से लागू होगा। वहीं वर्तमान में चल रहे कुल 84 लोडरो की संख्या को पूर्व की तरह जारी रखने पर सहमति बनी। बैठक में इकबाल हुसैन, महेश प्रसाद, मोहम्मद ताज, जानकी महतो, फहीम रजा, उमेश कुमार आदि थे।

### खलारी की जनवितरण प्रणाली दुकान में जागरूकता को लेकर लगाये गये बैनर

# उपभोक्ताओं को अब ई-पॉस मशीन से मिलेगी पर्ची

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखण्ड सरकार द्वारा जारी किए गए दो अलग-अलग बैनर प्रखंड के सभी जनवितरण प्रणाली दुकानों में लगाए जाएंगे। इस संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रामपुकार प्रजापति ने बताया कि प्रखंड के 62 जनवितरण प्रणाली दुकानदारों को बैनर दिया गया। पहला बैनर में लोगों को जागरूक करने के लिए नियमावली अंकित किया गया है। जिसमें कोई उपभोक्ता किसी के बहकावे में न आएं। बिना उचित राशन के अंगूठा ना लगाएं। अपना अंगूठा राशन तौलने के बाद लगाएं। राशन उठाने की पर्ची लेना जरूरी है, ताकि राशन की प्रक्रिया पारदर्शी हो। अपने राशन कार्ड पर मिलने वाले राशन की सही मात्रा की जांच करने के लिए ई-पॉस मशीन से निकलने वाली पर्ची को अवश्य ले एवं राशन की मात्रा और पर्ची में दर्ज मात्रा का मिलान के बाद भुगतान करें। वहीं दूसरा बैनर में बताया गया है कि फोर्टिफाइड चावल सम्पूर्ण पोषणयुक्त चावल है। इस फोर्टिफाईड चावल का एनएफएसए के अन्तर्गत सभी जनवितरण प्रणाली दुकानों में वितरण किया जा रहा है। इसके अलावा आंगनबाड़ी केन्द्रों और विद्यालयों में भी पोषाहार के लिए फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया जा रहा है।




जनवितरण प्रणाली दुकान में लगाया गया जागरूकता बैनर।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## पीएसीसी उच्च विद्यालय में मनायी गयी भारत रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती



खलारी (आजाद सिपाही)। पीएसीसी उच्च विद्यालय में शनिवार को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी द्वारा डॉ राजेंद्र प्रसाद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया। जिसके बाद विद्यालय के बच्चों द्वारा गीत संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी गयी। साथ ही कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के जीवन पर अपने-अपने विचार रखे। प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी ने भी बच्चों को डॉ राजेंद्र प्रसाद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों को बताया। वहीं बच्चों ने उनके जीवन से सीख लेते हुए उनके जैसा कर्तव्यनिष्ठ एवं ईमानदार बनने का प्रण लिया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र उपस्थित थे।

## अंबाटोंगरी में घर में खड़ा ट्रैक्टर चोरी

खलारी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के चुरी दक्षिणी पंचायत स्थित अम्बाटोंगरी में शुक्रवार की रात घर से ट्रैक्टर चोर होने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के संबंध में भुक्तभोगी सोहराई मुंडा ने बताया कि उन्होंने प्रतिदिन की तरह अपने घर में स्वराज 735 एफई ट्रैक्टर खड़ा किया था। जब शनिवार की सुबह उठे तो ट्रैक्टर गायब मिला। सोहराई मुंडा ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन ट्रैक्टर पर पता नहीं चला। इसके बाद खलारी थाना में वाहन चोरी होने का एक लिखित सन्हा दर्ज करवाया है। वहीं, पुलिस जांच कर रही है।

## करकट्टा कोलियरी कर्मचारी साख सहयोग समिति के प्रबंध समिति का चुनाव 20 को



खलारी (आजाद सिपाही)। करकट्टा कोलियरी कर्मचारी साख सहयोग समिति के प्रबंध समिति चुनाव की तिथि घोषित कर दी गई है। समिति के प्रबंधकारिणी का निर्वाचन विशेष आमसभा कर किया जाएगा। निर्वाचन पदाधिकारी अभय कुमार ने चुनाव को लेकर तिथि घोषित कर दी है। सात दिसंबर को नामांकन दाखिल व नामांकन पत्रों की जांच कर प्रदर्शित की जाएगी। आठ दिसंबर को नामांकन पर आपत्तियां, नौ को आपत्तियों का निष्पादन एवं विधि मान्य नामांकन की सूची का प्रदर्शन होगा। वहीं 10 को नामांकन वापसी की तारीख तय की गई है। 20 दिसंबर को प्रबंध समिति के लिए निर्वाचन सह विशेष आम सभा किया जाएगा। मतदान की स्थिति में सदस्यों को फोटोयुक्त पहचान पत्र साथ में लेकर जाना है।

## महावीर नगर उमवि में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा



खलारी (आजाद सिपाही)। उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर उपर टोला में शनिवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा इस वर्ष भी शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। परिक्षा को लेकर प्रधानाचार्य रंथु साहू ने बताया कि परीक्षा में कक्षा पांचवी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को भारतीय संस्कृति के तथ्यों से अवगत कराना और इसमें निहित महान तत्वों को आत्मसात कराना है। संस्कृति ज्ञान परीक्षा में मातृभूमि भारत, जीवन दृष्टि, संस्कारों की पावन परंपरा, हमारा गौरवशाली इतिहास, विज्ञान की उज्जवल परंपरा, सामान्य ज्ञान और हमारे राष्ट्र नायक से संबंधित विषय शामिल है। परीक्षा के सफल आयोजन में गायत्री शक्तिपीठ डकरा के पर्यवेक्षक राजकुमार यादव के साथ ही सहायक शिक्षक राजेश कुमार साहू और शिक्षिका अरुणा उरांव का सराहनीय योगदान रहा।

## बीसीकेयू ने निजी कंपनियों में कार्यरत चालक-खलासी के बोनस और सीएमपीएफ भुगतान को लेकर बैठक



खलारी (आजाद सिपाही)। बिहार कोलयरी कामगार यूनियन की बैठक शनिवार को रतिया गंझू की अध्यक्षता में डकरा में हुई। बैठक में निजी कंपनियों में कार्यरत चालक- खलासी का बोनस, सीएमपीएफ का भुगतान को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान यूनियन के जोनल अध्यक्ष रतिया गंझू ने बताया कि 500 के लगभग कामगारों में अभी तक 300 कामगारों का भुगतान हो चुका है। बाकि बचे कामगरों का भुगतान लंबित है। उन्होने कहा कि बचे हुए कामगारों के भुगतान को लेकर प्रबंधन सकारात्मक पहल नही कर रहा है। जिससे प्रबंधन के प्रति असंगठित मजदूरों में गुस्सा है। उन्होने बताया कि इस मुद्दे को लेकर प्रबंधन के साथ यूनियन की बैठक पांच दिसंबर को रखी गयी है। बैठक में अगर सकारात्मक निर्णय नहीं निकला तो छह दिसंबर से अनिश्चितकाल एनके एरिया को बंद करा दिया जायेगा। बैठक में यूनियन के जंगबहादुर राम, दिनेश भर, एनके एरिया अध्यक्ष इरफान खान के अलावे रामचंद्र शर्मा, रामप्रीत साहनी, कैलाश यादव, सलीम अंसारी, कृष्णा शर्मा, भानु यादव, वीरेंद्र सिंह, मनोज रजक, जगमोहन यादव, संतोष प्रजापति, संतोष मुंडा, भूषण यादव, बहादुर मुंडा, कमलेश विश्वकर्मा, सूरज प्रजापति, उदित चौहान, प्रहलाद यादव, संजीव कुमार, मोहननाथ प्रजापति, प्रकाश कुमार, महेंद्र मुंडा, शंकर गंझू, धर्मेंद्र कुमार साहू, अजय चैहान, विनय लोहरा सहित काफी संख्या में असंगठित मजदूर मौजूद थे।

## खूंटी गतका एसोसिएशन के गतका प्रशिक्षण में शामिल हुए क्षेत्र के खिलाड़ी

खूंटी (आजाद सिपाही)। बिरसा कॉलेज मैदान में शनिवार को गतका प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिरसा कॉलेज खूंटी के प्राचार्या जर्मन किड़ो और विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार उपस्थित थे। उपसचिव किशोर साहू द्वारा मंच संचालन किया गया। मैच का शुभारंभ अतिथियों द्वारा किया गया जिसमें खूंटी जिले के विभिन्न क्षेत्रों से खिलाड़ी शामिल हुए। प्राचार्य ने कहा कि हर खेल में खिलाड़ियों को भाग लेना चाहिए। खूंटी जिला के लिए नया खेल है। इसमें भाग लेने से शारीरिक और मानसिक रूप से लोग मजबूत होते हैं। वहीं, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने कहा कि सभी खेल को आगे बढ़ाना हम सभी का कर्तव्य है। वहीं, सचिव अमित कुमार महतो ने बताया कि गतका खेल को खेलो इंडिया में शामिल किया गया है। अच्छे खेल प्रदर्शन करने वालों को राष्ट्रीय और खेलो इंडिया में जाने का सुनहरा मौका मिलेगा।

## विधायक और डीसी ने बांटे उपकरण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** विश्व दिव्यांगता दिवस पर शनिवार को नामकुम प्रखंड कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप एवं उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने दिव्यांगजनों के बीच उपकरण वितरित किये। इस दौरान कार्यक्रम में सेल तथा एलिमको के सौजन्य से 58 दिव्यांगजनों के बीच सहायक उपकरण का वितरण किया गया। विधायक एवं उपायुक्त रांची द्वारा दिव्यांगजनों के बीच उपकरण वितरित किये गये। साथ ही पशुधन योजना के तहत 80 लाभुकों को बतख चूजा, लैम्प्स नामकुम द्वारा चना बीज तथा कंबल वितरण भी किया गया। उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा दिव्यांगजनों के लिये सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। **मतदाता सूची में निबंधन के लिए लगाया गया कैंप:** विश्व दिव्यांगता दिवस पर नामकुम प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगजनों का वोटर आईडी कार्ड बनाने के लिए कैंप भी लगाया गया। जिसमें दिव्यांगजनों से फॉर्म-6 प्राप्त किये गये। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल, अंचल अधिकारी विनोद प्रजापति, अंचल निरीक्षक श्रावण कुमार झा, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी कर्ण प्रसाद, सेल के कार्यपालक निदेशक निर्भीक बनर्जी, आशीष चक्रवर्ती, महाप्रबंधक माला हेंब्रम, उज्ज्वल भास्कर, प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, उप प्रमुख विना कुमारी, जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेट्टा, रीता होरो, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, माधो कच्छप, पंचू तिर्की, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक, मुखिया, पंसस के साथ वार्ड सदस्य सम्मिलित हुय। कार्यक्रम में सभी प्रखंड, अंचल, बाल विकास, जेएसएलपीएस कर्मी भी उपस्थित थे।

## लतरातू की टीम पहुंची सेमीफाइनल में



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता के दुसरे दिन छह टीमों के बीच खेल हुई जिसमें तिसरे राउंड में लतरातु पंचायत के टीम ने ककरिया पंचायत के टीम को पांच गोल मारकर सेमीफाइनल में पहुंची। वहीं पहले राउंड में ककरिया व देवगांव पंचायत के टीम के बीच खेल हुआ। जिसमें ककरिया टीम की जीत हुई। दूसरे राउंड में लतरातु एवं महुगांव के बीच खेल में लतरातु पंचायत को जीत हासिल हुई। जिसके बाद तीसरे राउंड में लतरातु एवं ककरिया पंचायत के बीच खेल में लतरातु पंचायत की टीम ने जीत हासिल करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनायी। मौके पर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए पंचायत के मुखिया बिरसमनी देवी, अलका तिर्की, बीडीओ इमानुएल जयविरस लकड़ा, खेल शिक्षक रंजित, कोच जोलेन होरो समेत कई लोग मौजूद रहें।

## सांझा चूल्हा और बूढ़ा महादेव दे रहे नयासराय मुड़मा के ग्रामीण आंदोलनकारियों को ताकत



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी नगरी थाना क्षेत्र के नयासराय के मुड़मा गांव के देवी, मंडप रोड़ में स्थित बुढ़ा महादेव, देवी मंडप और नयासराय मुड़मा का एक मात्र तालाब के मुख्य मार्ग यानी धार्मिक आस्था के केंद्र बने मार्ग को बचाने के लिए पिछले 13 दिनों से नयासराय,मुड़मा के दर्जनों ग्रामीण अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। शांति पूर्ण एकजुटता दिखाते हुए धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। सामाजिक समरसता का प्रतीक बने धरना में समाज के हर वर्ग हर समुदाय के लोग एक दूसरे का साथ दें रहें हैं हर घर से थोड़ा चावल, सब्जी ,दाल मांग कर भोजन तैयार साथ में सामुहिक भंडारा करते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक हमारी मांग नहीं मानी जाएगी तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। इन्होंने आगे कहा कि विस्थापित गांव नयासराय मुड़मा में बन रहें दर्जनों कंपनी के कार्यालयों का हम स्वागत कर रहें हैं। पर सरकार और इन कंपनी के अधिकारियों से आग्रह है कि कंपनी हमारी आस्था पर चोट ना पहुंचाए खुले मन से ग्रामीणों के मांग को समर्थन करें ताकि नयासराय मुड़मा के हजारों ग्रामीणों का आस्था सदैव बनी रहें बुढ़ा महादेव और नयासराय मुड़मा का एक मात्र तालाब हमारी जान है और इन तक पहुंचने के लिए एक मात्र मार्ग यही इसे हम किसी हाल में नहीं छोड़ेंगे। हमारी मांग पर सरकार और कंपनी विचार करें। मौके पर नयासराय गांव के वरीय समाजसेवी शंभु नाथ देवघारिया, उतरी टूंडूल के मुखिया ममता तिर्की, उप मुखिया जहाना परवीन, विस्थापित नेता कर्मा उरांव, समाज सेविका सह पूर्व पंसस श्वेता देवी, लक्ष्मी मिर्धा, पुष्पा देवी, सोमरी मुंडाइन, प्रभा देवी, कलावती देवी, लीलावती, देवी, राधा देवी, रूपन देवी, इलियास अंसारी, अमरदीप महतो, पंचम कुर्मी, ज्योति देवी, सीता देवी, गीता देवी राजू राजवार, मनोज महतो, धीरज महतो, सुधु मुंडा, देवनाथ महतो, लखन महतो, रामविजय महतो सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित हैं।

## अल्बर्ट एक्का को याद किया

**कांके (आजाद सिपाही)।** भूतपूर्व सैनिक वेल्फेयर ट्रस्ट एसोसिएशन रांची इकाई द्वारा परमवीर चक्र विजेता शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर इन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की व याद किया। इस मौके पर शहादत दिवस मनाया गया। इनकी वीरता को लेकर कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें आनरी कैप्टन दिलीप कुमार सिंह रिटायर्ड,आनंदी कैप्टन शंभू पांडेय, सूबेदार यादव, जिला उपाध्यक्ष संजय मुंडा, महसचिव मुकेश कुमार ,उपसचिव सतीश कुमार सिंह, महावीर मुंडा व दर्जनों भूतपूर्व सैनिक उपस्थित हुए।

### खुलासा: नगड़ी एफसीआइ गोदाम से पीडीएस का अनाज लेकर निकले दो ट्रक

# 40 दिन बाद पहुंचे रातू

- जनवितरण खाद्यान्न की करने वाले गिरोह का खुलासा
- दो ट्रक में लोड था एक हजार बैग गेंहु और चावल
- बीएसओ ने रातू थाने में पांच लोगों के खिलाफ करायी प्राथमिकी दर्ज

## बीएसओ ने करायी प्राथमिकी दर्ज

**रातू प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार ने राशन कालाबाजारी के आरोप में रातू थाने में खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं इकरारनामा की शर्तों का उल्लंघन करने के आरोप में पांच परिवहन अभिकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोपियों में राहुल कुमार प्रसाद, सत्येंद्र सिंह, उष्मान खान, रंजीत कुमार एवं राम प्रवेश कुमार शामिल है। पुलिस सभी आरोपियों की तलाश में जुट गई है।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** सरकार की लाख कोशिशों के बाद खाद्यान्नों की कालाबाजारी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। अधिकारी और बिचौलियों की साठ-गांठ से कालाबाजारी जारी है। नगड़ी एफसीआई गोदाम से विभिन्न प्रखंडों में पहुंचाई जाने के दौरान खाद्यान्न की कालाबरी करने वाले गिरोह का खुलासा हुआ है। यह गिरोह विभाग के ही परिवहन अभिकर्ता है। नगड़ी एफसीआई गोदाम में 21 अक्टूबर को ट्रक जेएच 05 ए क्यू - 3256 में 480 बैग गेंहू व 23 अक्टूबर को ट्रक जेएच 9 अद- 9335 में 472 बैग चावल लोड कर बेड़ो एफसीआइ गोदाम के लिए निकला था परंतु 40 दिन बीत जाने के बाद भी बेड़ो नही पहुंचा। आश्चर्य की बात है कि 40 दिन के बाद भी ट्रक गायब करने की भनक अधिकारियों को नहीं हुई। 24 नवंबर को मांडर में कालाबरी का खुलासा होते ही बिचौलियों ने फंसने के डर से 40 दिन बाद 28 नवंबर को आनन - फानन में कालाबाजरी की गई अनाज को ट्रक में लोड कर रातू एफसीआई गोदाम में उतार दिया। कालाबाजारी का खुलासा तब हुआ जब रातू एजीएम त्रिपाठी ने चालान चेक किया। फिलहाल चार सौ 80 क्विंटल अनाज रातू एफसीआइ गोदाम में सुरक्षित रख दिया गया है।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न, चचकोपी और नेहालू बने विजेता



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में शनिवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय विधायक प्रतिनिधि प्रो करमा उरांव जिप सदस्य बेरोनिका एक्का प्रखंड कृषि पदाधिकारी कलिंद्र साहू, नाजिर विजय यादव जेई सद्दाम हुसैन मुखिया बीरेंद्र भगत, महावीर उरांव कुंवारी खलखो व मुन्ना मलिक उपस्थित थे। मैच की शुरूआत जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि मुख्यमंत्री फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन होने से प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अपना खेल प्रदर्शन करने और प्रखंड से लेकर जिला व राज्य स्तर पर प्रतिनिधत्व करने का अवसर मिलता है। जिससे खिलाड़ी खेल में अपना भविष्य बना सकते है। फाइनल मैच पुरुष वर्ग में चचकोपी बनाम टेरो के बीच खेला गया जिसमें जिसमें चचकोपी की टीम विजेता बना। वही किशोरी वर्ग के फाइनल में नेहालु बनाम डोरंडा के बीच खेला गया जिसमें नेहालु की टीम विजेता बनी। आयोजन को सफल बनाने में डे बोर्डिंग के प्रशिक्षक अनमोल टोप्पो, सुशील कच्छप, प्रवीण बाजराय एवं मिरनाल खलखो, राखी कुमारी,अनामिका तिर्की एवं सुषमा टोप्पो ने सराहनीय योगदान दिया।

## परिसंपत्ति का किया वितरण

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में शनिवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत कल्याण विभाग के द्वारा बकरा विकास योजना के 7 लाभुकों के बीच बकरी का निःशुल्क वितरण किया गया। वितरण कल्याण पदाधिकारी वासुदेव बड़ाइक एवं कृषि पदाधिकारी कालिन्द्र साहु के देखरेख में लाभुक जुबा उरांव, दिलीप लोहरा, ज्योति कश्यप, राजेश लोहरा, सुनीला लकड़ा, सोहन लोहरा और रोशनी के बीच प्रति लाभुक चार बकरी, एक बकरा, बर्तन और दवा दिया गया। वितरक एजेंसी आइडियल फाउंडेशन के प्रोपराइटर इरफान अंसारी ने बताया कि यह बकरी ब्लैक बंगाल नस्ल का है, जो 6 माह में 2 से 3 बच्चा देती है। बकरा विकास योजना के वितरण के दौरान जिला परिषद सदस्य वेरोनिका एकका, जिला परिषद सदस्य पार्वती कुमारी, विधायक प्रतिनिधि प्रो.करमा उरांव, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, अंचल निरीक्षक भीखम कुमार, मुखिया सुशांति भगत, पंचायत सचिव करमु कंडैर सहित कई लोग उपस्थित थे।

## रांची डीइओ कमला सिंह हुए सेवानिवृत्त

## नये डीएससी को मिला डीइओ का प्रभार



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ रांची के तत्वावधान मे जिला शिक्षा पदाधिकारी कमला सिंह के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बीआरसी रांची मे आयोजित समारोह मे कमला सिंह को भावभीनी विदाई दी गई। वहीं जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार को डीइओ का प्रभार मिलने पर उनका स्वागत किया गया। समारोह मे क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक दक्षिणी छोटानागपूर प्रमंडल आरडीडीइ पुष्पा कुजूर, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी दीप्ती कुमारी, भारत स्काउट गाइड के राज्य सचिव मोहन सिंह, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के शिक्षक नेता समीर कु. चौधरी, डॉ चंद्र माधव सिंह, डॉ रितेश महतो, डॉ ओमप्रकाश तिवारी, विजय बहादूर सिंह, अमरनाथ झा, प्रेम साहू, आशीष चंद्र उरांव, नंद किशोर जायसवाल, वीणा लकड़ा, संगीता कुमारी, राजीव रंजन, संजय हजाम, बहादूर सिंह, राकेश यादव, दुलाल चंद्र, पंकज कुमार, अबरार अहमद, मजरूल हक सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## मातृ चिंतन ही संतान के विकास का आधार : डॉ किरण द्विवेदी




आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी कुदलोंग स्थित आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर किरण द्विवेदी ने कहा कि सपना देखकर छोड़ना नहीं है उस सपने के ऊपर निरंतर काम करना चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नगड़ी प्रखंड के जिला परिषद सदस्य पूनम देवी ने कहा कि माताओं के क्रियाकलाप के ऊपर ही बच्चों का भविष्य निर्भर करता है। विद्या विकास समिति झारखंड के प्रदेश सचिव अजय तिवारी के अध्यक्षीय भाषण देते हुए कहा कि माताओं का हृदय मक्खन से भी मुलायम अनुशासन चट्टान से भी कठोर होता है हम सभी को जीजाबाई की तरह बनकर शिवाजी के अनुरूप संतान का पालन पोषण करना है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य, दीदी एवं भैया बहनें और दर्जनों अभिभावक उपस्थित थे।

### एसिड अटैक पीड़िता को डालसा की पीएलवी अनिता एवं ज्योत्सना ने की मदद

# पीड़िता हिना परवीन पर पति मो आमीर ने डाला था तेजाब



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के मार्गदर्शन मे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची की सक्रिय पीएलवी अनिता देवी जो रिम्स मे कार्यरत है वहीं ज्योत्सना गोराई जो सदर अस्पताल रांची मे कार्यरत है ने शनिवार को एसिड अटैक पीड़िता को मदद पहुंचाई। घटना के संबंध मे अखबारों मे छपी खबर पर डालसा सचिव ने त्वरित कारवाई करते हुए पीएलवी टीम का गठन किया एवं कार्यरत पीएलवी को हर संभव मदद पहुंचाने का निर्देश दिया। विदित हो कि हिना परवीन मौलाना आजाद कॉलोनी कांटाटोली रांची की रहने वाली है। पीड़िता के पति मो आमीर ने विगत दिनों हिना परवीन के उपर तेजाब डालकर हमला कर दिया था जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

## पीएलवी तुरंत पीड़िता हिना परवीन से मिली और मामले की जानकारी ली

**विगत 27 नवंबर को उसे इलाज के लिए रिम्स मे भर्ती कराया गया था। इसकी सूचना रिम्स में कार्यरत पीएलवी अनिता देवी को दी गई। सूचना पाते हीं पीएलवी तुरंत पीड़िता हिना परवीन से मिली तथा मामले की जानकारी ली। मौके पर पीएलवी ने रिम्स के डिप्टी सुपरिटेंडेंट से मुलाकात कर हिना परवीन की बेहतर इलाज के लिए आग्रह किया। पीड़िता का इलाज डॉ राज शेखर शर्मा के युनिट में चल रहा है। सदर अस्पताल मे कार्यरत पीएलवी ज्योत्सना गोराई भी पीड़िता के देखरेख मे लगी हुई है। उन्होंने पीड़िता के परिजनों को पीड़ित मुआवजा प्राप्त करने के संबंध मे जानकारी भी दी।**

## उपमुखिया ने स्कूली बच्चों के बीच बांटी ड्रेस



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के घाघरा गांव स्थित राजकीय उत्क्रमित विद्यालय में शनिवार को पंचायत के उपमुखिया इरशाद अहमद ने बच्चों के बीच ड्रेस का वितरण किया। मौके पर उपमुखिया ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब मन लगा कर पढ़ाई कीजिये। आपको पढ़ने में जो भी समस्या उत्पन्न हो रही है उसको हमलोग मिलकर दूर करेंगे। उन्होंने बच्चों को भविष्य में अपना,अपने परिवार, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रौशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही बच्चों के माता पिता से अपील किया बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक सुग्रीव कुमार, मो. अशरफ, रेशद अंसारी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## होप अस्पताल में पथरी का हुआ सफल ऑपरेशन




**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के एनएच 75 मुख्य मार्ग के मदरसा चौक होप अस्पताल में पिछले दिन रांची से विशेष डॉक्टरों की टीम ने एक महिला की पथरी का सफल ऑपरेशन किया बताते चलें कि तबस्सुम आरा नाम की महिला का पूर्व में तीन बार बड़ा ऑपरेशन हो चुका था, जिससे महिला काफी डरी एवं सहमी थी कई डॉक्टरों ने ऑपरेशन ना करने की सलाह भी दी थी, परंतु अस्पताल में महिला का सफल ऑपरेशन हुआ। जिससे महिला के परिवार वालों ने डॉक्टर सहित अस्पताल संचालक को बधाई दी।

## सीआइटी के 17 विद्यार्थियों का कैंपस सेलेक्शन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** देश की प्रतिष्ठित अग्रणी व्यवसायिक समूह अदानी इंडस्ट्रीज ने अपने सीमेंट इकाइयों एसीसी एवं अंबुजा सीमेंट के लिए कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआइटी,आर) के कुल 17 विद्यार्थियों का कैंपस सलेक्शन किया है। चयनित सभी विद्यार्थियों की ज्वाइनिंग नव वर्ष के शुरुआती माह में होगी। चयनित सभी वर्ष 19/23 तथा 18/22 सत्र के विद्यार्थी है। जिनका जॉब लोकेशन झारखंड में ही होगा। संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ केपी दत्ता ने बताया कि विद्यार्थियों का चयन जेडी, पर्सनल इंटरव्यू लिखित परीक्षा के बाद हुआ है। शुरुआती दौर में विद्यार्थियों को 3.45 लाख रुपये का सालाना पैकेज मिलेगा। इनकी डिजिग्नेशन बिजनेस डेवलपमेंट इंजीनियर (ऑफ रोल) होगा। चयनित विद्यार्थियों में अब्दुल शौकीब, अभिषेक राज, अदवित्य इशान तिर्की, आलोक कुमार, अशोक महतो, चितरंजन महता, एहसान अख्तर, ज्ञानदेव कुमार, हरिओम यादव, जन्मज्य महतो, कुमारी निकिता, प्रवीण कुमार वारला, राहुल रॉय, रमन कुमार शर्मा, राजा आफरी, सुधांसु पॉल एवं सुमन कुमार का नाम शामिल है। कंपनी के डिप्टी जनरल मैनेजर गालिब अयूबी ने सफल चयनित विद्यार्थियों को लेटर ऑफ इंटेंट सौंपा। मौके पर प्राचार्य डॉ एन हरि बाबू मुख्य रूप से उपस्थित थे। कैंब्रिज ग्रुप के डायरेक्टर फाइनेंस पी के सेन ने गर्व जताते हुये विद्यार्थियों का आह्वान कर कहा कि वे मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करें। आपका भविष्य बेहतर हो संस्था इसमें कोई कसर बाकी नहीं रखेगी। जानकारी संस्था के प्रेस सचिव धर्मेंद्र तिवारी ने दी।

## पांच दिवसीय इंडक्शन सह ओरियंटेशन कार्यक्रम



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक में नवागंतुक विद्यार्थियों के लिये पांच दिवसीय इंडक्शन सह ओरिएंटेशन प्रोग्राम का उद्घाटन संस्थान के प्राचार्य डॉ रोहित शर्मा ने किया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सीआइटी के प्राचार्य डॉ एन हरि बाबू एवं विशिष्ट अतिथि निदेशक वित्त पीके सेन, शिक्षक व संस्था के मार्केटिंग प्रबंधक प्रो. अंकित कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना के बाद राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुयी। विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की गयी। विभिन्न संकायों के शिक्षक प्रो.स्नेहा शर्मा, प्रो.जयदेव, प्रो.विनीता मिंज, प्रो.हेमंत कुमारी प्रियदर्शी, प्रो.कुमार साकेत आदि शिक्षकों लेब्रोटेरी, खेल के मैदान, सांस्थानिक अनुसाशन आदि से विद्यार्थियों को अवगत कराया। मौके पर संस्थान के सचिव नवनीत सिंह एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ विजय शंकर सिंह ने कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित होकर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। उपरोक्त जानकारी कैंब्रिज ग्रुप के प्रेस सचिव धर्मेंद्र तिवारी ने दी। बताते चले की कैंब्रिज पॉलिटेक्निक की मीडिया सेल प्रभारी प्रो. ऋतु कुमारी ने बताया कि पूर्वनियोजित कार्यक्रम के अनुसार फिलहाल संस्थान में महिला के साथ भेदभाव विषय पर पखवाड़े का आयोजन साथ-साथ चल रहा है। मंच का संचालन प्रो. शैकेत कुमार ने किया।

## अनगड़ा में विश्व दिव्यांगता दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** विश्व दिव्यांगता दिवस के मौके पर शनिवार को प्रखंड मुख्यालय प्रांगण मे एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक राजेश कच्छप थे। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके बीच सहायक उपकरण, कंबल आदि वितरित किये गये साथ हीं अन्य योजना से संबंधित लाभार्थियों के बीच परिसंपति का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। बाद में प्रतियोगिता मे उत्कृष्ट प्रतिभागी पुरस्कृत किए गए। कार्यक्रम में प्रमुख दीपा उरांव, सीओ पुष्पक रजक, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, मुमताज खान, तबरेज अंसारी, लीला कुमारी आदि मौजूद थे। दिव्यांगजनों ने विधायक को मांगपत्र सौंप-दिव्यांग रोजगार अधिकार मंच अनगड़ा के अध्यक्ष तबरेज अंसारी के नेतृत्व मे विधायक राजेश कच्छप को विभिन्न मांगों से संबंधित मांगपत्र सौंपा गया। मौके पर विधायक को झारखण्ड दिव्यांग आंदोलन संघ द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर किए जा रहे अनिश्चित कालीन धरना कार्यक्रम से अवगत कराते हुए उनकी मांगों का समर्थन करने का आग्रह किया। विधायक ने आशवासन दिया कि उनकी मांगों को वे सरकार के समक्ष रखेंगे।

## नौ गो वंश को किया गया जब्त

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** ठाकुरगांव पुलिस ने शनिवार की सुबह क्रूरतापूवर्क ले जा रहे 9 गोवंश को जब्त किया। थाना प्रभारी कृष्णा कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने खखरा मोड़ के पास तस्करों द्वारा ले जा रहे पशुओं को जब्त किया। पुलिस को देखते ही तस्कर भाग खड़े हुए। विदित हो कि क्षेत्र में अवैध रूप से गोवंश की तस्करी चरम पर है। थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में गोवंशों की तस्करी किसी भी हाल में नहीं होने दिया जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से तस्करों में भय वयाप्त है।

### शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला का 28वां जन्मोत्सव मनाया गया

# सिंगरा में अब हर वर्ष लगेगा मेला : जितेंद्र

**भोजपुरी सम्राट गोलू राजा एवं अन्य ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला का 28वां जन्मोत्सव शनिवार को भव्यता के साथ मनाया गया। सिंगरा खुर्द में शहीद अनुराग शुक्ला चौक पर जन्मोत्सव के मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भोजपुरी सम्राट गोलू राजा ने सोहर गायन कर समा बांधा। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला के पिता जितेंद्र शुक्ला, भोजपुरी स्टार गोलू राजा सहित उमेश शुक्ला, पारस शुक्ला, संतोष शुक्ला, लव शुक्ला, दिलीप शुक्ला, रमेश शुक्ला, शिशिर शुक्ला, किशोर पांडेय, आशीष भारद्वाज आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। शहीद



लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला के पिता जितेंद्र शुक्ला ने सभी का स्वागत, अभिनंदन किया। इसके पूर्व सभी ने शहीद अनुराग के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं शहीद वेदी पर पुष्परिंग अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। जन्मोत्सव के मौके पर सिंगरा खुर्द स्थित लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला चौक तिरंगा से पटा था। हर वर्ष की भांति तीन दिसंबर को लेफ्टीनेंट अनुराग शुक्ला का भव्य जन्मोत्सव की तैयारी की गई थी। भोजपुरी सम्राट गोलू राजा अपने टीम के साथ सोहर एवं देशभक्ति गीतों से अनुराग के शहादत को नमन किया। गोलू राजा ने सोहर-ये राजाजी एकरे त रहल ह जरूरत... मुहूरत खुबसूरत रहल हो...। जहां-जहां डाल-डाल पर सोने की चिड़िया करते है बसेरा...। असरे में बिछी होई पिताजी के अंखिया... दुअरे पर खड़ा होई बहिनि के रखिया... आदि सोहर एवं देशभक्ति गीत से समा बांधा। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष पाण्डेय लक्की ने किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में पलामू के कलाकार शिशिर शुक्ला एवं उनकी टीम ने भोजपुरी सम्राट गोलू राजा के साथ दिया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक के अलावा रूद्र शुक्ला, किशोर पांडेय सहित कई अन्य राजनीतिज्ञ, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। शहीद अनुराग के पिता जीतेंद्र शुक्ला ने बताया कि उनके पुत्र ने देश सेवा में अपना जान न्योछावर कर किर्तिमान गढ़ा है। शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला युद्ध प्रशिक्षण के दौरान अपने तीन साथियों की जान बचाने में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। ये उनकी मानवता का परिचय पलामू के रग रग में देशभक्ति का बयार बनकर बहेगा। उन्होंने कहा शहीद अनुराग के जन्मोत्सव पर सिंगरा में हर वर्ष मेला लगेंगे।

## खुद बीमार है हुसैनाबाद का पशु अस्पताल

धनंजय कुमार

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल किसी से छिपा नहीं है। वही कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग से संचालित पशु अस्पताल भी बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहे हैं। पशु अस्पताल एक तरह से बेमानी साबित हो रहे हैं। इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय के पीछे चरवाहा बिद्यालय परिसर स्थित प्रथमवर्गीय सह मॉडल पशु चिकित्सालय का भी बुरा हाल है। विभागीय उदासीनता के चलते यह अस्पताल अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। इस अस्पताल में आने वाले पशु पालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। यहां कार्यरत कर्मचारियों को भी परेशानियों से दो-चार होना पड़ रहा है। पशु चिकित्सा केंद्र का जर्जर भवन दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहा है। जर्जर भवन में भी शौचालय, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं होने के कारण पशु अस्पताल हाथी दांत साबित हो रहा है। अस्पताल में पेयजल की कोई सुविधा नहीं है। यहां आने वाले पशुओं को पानी मिलना तो दूर, कार्यरत कर्मचारी भी प्यास बुझाने के लिए घर से बोतल में पानी लाते हैं। सरकार द्वारा पशुपालकों के लिए एक से बढ़कर एक घोषणाएं की जाती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करते हैं। दवा की कमी और अधूरी व्यवस्था के बीच डॉक्टर एवं कर्मचारी काम करते हैं।अस्पताल में समुचित सुविधा नहीं मिलने के कारण पशुपालक प्राइवेट पशु चिकित्सकों का सहारा ले रहे हैं। इधर जेएसआईए के केंद्र प्रभारी रंजीत कुमार सिंह बताते हैं कि विभाग द्वारा हम सभी जेएसआईए कार्यकताओं को बीते पांच वर्ष से मानदेय का भुगतान नही किया जा रहा है। इसके अलावे गर्भ जांच व वत्स उत्पति का भी पैसा नही मिल रहा है। इस कारण हमलोगों की स्थिति बेहद खराब होती जा रही है। पशु अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक मोहम्मद शाहिद इकबाल ने बताया कि चरवाहा बिद्यालय परिसर में बने इस पशु अस्पताल में भवन व अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी को देखते हुए विभाग को जानकारी दिया गया है। वही स्थानीय लोगों ने भी कई बार अधिकारियो से गुहार लगाई, लेकिन अबतक इस ओर ध्यान नहीं दिया। यदि गंभीरता से पहल की गई होती तो इस अस्पताल की सूरत कुछ और होती। ग्रामीण कहते हैं कि भवन, दवा, पानी आदि की समस्या दूर कर दी जाए तो बहुत हद तक यह अस्पताल उपयोगी साबित होने लगेगा।

## मध्य विद्यालय में मनायी गयी डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के मध्य विद्यालय परिसर में स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद के जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिद्यालय परिवार की ओर से उनके चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। बिद्यालय के प्रधानाचार्य यूपी सिंह ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्मस्थली बिहार के छपरा संप्रति सीवान जिले के जीरादेई गांव था। वे कुशाग्र बुद्धि के थे,विद्यार्थी जीवन में सदैव प्रथम स्थान ग्रहण किये हैं। आजादी की लड़ाई में भी बढ़-चढ़कर भाग लिये थे। कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष भी आजादी के पहले रहे थे। संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष पद को भी सुशोभित किये हैं। 26जनवरी 1950 से 14 मई 1962 तक राष्ट्रपति रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके बताये गये सिद्धांतों पर चलकर ही, उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर वरीय शिक्षक कन्हैया प्रसाद, जुबैर अंसारी, राजेश कुमार गुप्ता, जीएस चौबे, राजेश सिंहा, पुष्पा कुमारी, आशा कुमारी, सुषमा पांडेय, पूनम कुमारी व रश्मि प्रकाश थीं। बाल संसद के मंत्री गण भी श्रद्धांजलि अर्पित किये। इस अवसर पर प्रार्थना सभा में बच्चों से उनके जीवनी संबंधित दस दस प्रश्न पूछे गये। लगभग डेढ़ दर्जन बच्चों ने सही जवाब दिये। सामान्य ज्ञान आधारित क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया।

## मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल नामुदाग की टीम ने जीता



**नौडीहा बाजार/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के नौडीहा बाजार प्रखंड के सरईडीह पंचायत के हाई स्कूल के मैदान में चल रहे मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का फाइनल नामुदाग बनाम विशुनपुर पंचायत के बीच शनिवार को खेला गया। इसमें नामुदाग पंचायत में विशुनपुर पंचायत को एक गोल कर मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का विजेता बना। मैच में उपस्थित नौडीहा बाजार प्रखंड के बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, थाना प्रभारी,जिला परिषद सदस्य सुदामा पासवान विशुनपुर पंचायत के मुखिया जितु नामुदाग पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार पासवान करकटा पंचायत के मुखिया पति रामबली पासवान सरईडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार अंचल के नाजीर रंजीत कुमार कमेंटेटर सह समाजसेवी मुमताज आलम के साथ सैकड़ों ग्रामीण एवं दर्शक मौजूद थे।

## बड़ों की आज्ञा का पालन करें : हेमलता

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नारायण सेवा संस्थान के तत्वधान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के आज तृतीय दिवस में वृंदावन मथुरा से पधारे अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता देवी हेमलता शास्त्री जी के श्री मुख से सभी भक्तों ने आनंद प्राप्त किया।उन्होंने सती चरित्र की कथा के माध्यम से समझाया की अपने से बड़ों की आज्ञा का उल्लंघन नहीं करना चाहिए,मां सती ने अपने पति की आज्ञा का उल्लंघन किया मना करने पर भी अपने पिता के यहां गई तो अपने शरीर को त्यागना पड़ा अपने प्राणों को त्यागना पड़ा। इसीलिए जब भी हमें कोई हमारे बड़े वृद्ध हमको अगर मना करत हैं किसी कार्य के लिए तो वह कार्य हमको नहीं करना चाहिए। उन्होंने माताओं को सती की कथा से अनेकानेक उदाहरण के साथ ध्रुव चरित्र समझाया। कहा कि कोई उम्र नहीं होती,बाल अवस्था में ही ध्रुव जी महाराज ने भगवत प्राप्ति की ऐसे ही हमारे भागवत जी में भक्त हुए पहले प्रहलाद के चरित्र से यह ज्ञात हुआ कि व्यक्ति अगर प्रभु को पाना चाहता है तो कितनी भी समस्याएं सामने क्यों ना हो फिर भी प्रभु भक्ति प्राप्त कर सकता है। प्रहलाद जी के जीवन काल में अनेकानेक समस्याएं संकट आये पहलाद जी ने भगवान की प्राप्ति की।

## संत मरियम स्कूल में डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनी

**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** संत मरियम स्कूल के छात्रावास प्रांगण में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती शनिवार को मनाई गई। स्कूल के चेयरमैन द्वारा डॉ राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर सभी बच्चों को संबोधित करते हुए स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि आज ऐसे व्यक्ति की जयंती है जिन्होंने विषम परिस्थितियों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। छात्र जीवन से ही बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ राजेंद्र प्रसाद सभी परीक्षाओं में



उत्कृष्ट अंक हासिल करते थे। कॉलेज के दिनों में गांधी जी के आव्हान पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और कई बार जेल भी गए। अपनी बेहतरीन कर्तव्य परायणता और इमानदारी पूर्वक काम करते हुए उन्होंने संविधान सभा के अध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन किया। ओजस्वी वक्ता युगदृष्टा और दूरदर्शी सोच के कारण इन्हें गणतंत्र भारत का प्रथम राष्ट्रपति बनने का गौरव प्राप्त हुआ। 1950 से 1962 तक भारत के राष्ट्रपति के पद को सुशोभित किया तत्पश्चात सन 1962 में अवकाश प्राप्त करने पर राष्ट्र ने उन्हें भारत रत्न की सर्वश्रेष्ठ उपाधि से सम्मानित किया। यह उस भूमिपुत्र के लिये कृतज्ञता का प्रतीक था जिसने अपनी आत्मा की आवाज सुनकर आधी शताब्दी तक अपनी मातृभूमि की सेवा की थी। इस मौके पर आनंद कुमार, सुधांशु दुबे, गौरव तिवारी, जेपी सर, अर्जुन अग्रवाल , इकरार सर समेत सभी शिक्षक मौजूद रहे।

## अधिग्रहित मकान का उचित मुआवजे की मांग को लेकर रैयतों का धरना कल

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के एनएच 98 किनारे स्थित अधिग्रहित मकान का उचित मुआवजे की मांग को लेकर रैयतों ने 5 दिसंबर को धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।इस संबंध में सेमरवार, चंदा, ढाब खुर्द बिजनिवार तथा ढाब कला के रैयतों ने शनिवार को जानकारी देते हुए कहा कि विजनिवार बस स्टैंड के किनारे धरना प्रदर्शन करने के लिए छत्तरपुर अनुमंडल पदाधिकारी और प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हरिहरगंज से अनुमति मांगी है।

## भगवान शिव और हनुमान मंदिर के निर्माण को लेकर पीपरा थाना परिसर में भूमि पूजन



**हरिहरगंज/पलामू(आजाद सिपाही)।** पीपरा थाना प्रभारी सूरज चैल ने भगवान शिव तथा हनुमान मंदिर निर्माण को लेकर शनिवार को थाना परिसर में भूमि पूजन की। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी के सहयोग से थाना परिसर में भगवान भोलेनाथ और हनुमान जी का मंदिर निर्माण कराया जाएगा। भगवान शिव और पवन पुत्र के आशीष से थाना परिसर में आने वाले व पुलिस कर्मियों के बीच सुख-शांति बरकरार रहेगी।इस मौके पर एसआई पिनियस मुंडा, एएसआई छोटन राम तुरी,सुरेन्द्र सिंह, समाजसेवी कपिल देव राम, बिधेश्वर पाठक, अरुण मिश्रा के साथ ही आईआरबी-3 के कई जवान उपस्थित रहें।

## सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग हमें अपने दैनिक जीवन में पूर्णतः प्रतिबंधित कर देना चाहिए : अजीत तिवारी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय पार्यावरण बचाव और रोकथाम दिवस के अवसर पर ग्रासिम इंडस्ट्रीज रेहला द्वारा पर्यावरण में बढ़ते हुए प्रदूषण को देखते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्णतः प्रतिबंधित करने हेतु पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रभात फेरी कर जागरूकता अभियान कॉलोनी परिसर में किया गया। इस अवसर पर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारीगण, बच्चे,संविदा कर्मी सहित लगभग 150 लोगों ने भाग लिया। दो दिसंबर 1984 को भोपाल गैस त्रासदी का दंश भोपाल के लोगों ने देखा था जिसमें हजारों लोग मौत के गाल में समा गए थे। उस घटना से सबक लेते हुए रेहला परिसर में वरिष्ठ अधिकारीगणों ने उपस्थित सभी कर्मचारियों को संबोधित किया और पर्यावरण में हो रहे प्रदूषण एवं उसके बचाव तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा मापदंडों को दुरुस्त करने हेतु सजग और सतर्क रहने को लेकर लोगों के बीच एक संदेश दिया। साथ ही साथ कारखाना परिसर में सिंगल यूज



प्लास्टिक का उपयोग पूर्णता प्रतिबंधित करने हेतु साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विभिन्न समारोह एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कारखाना परिसर में समापन समारोह के अवसर पर एचआर हेड अजीत तिवारी ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूर्णतः हमें अपने दैनिक जीवन में प्रतिबंधित ही कर देना चाहिए ताकि प्रदूषण को हम नियंत्रण में ला सके। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने मोबाइल फोन को ले जाना नहीं भूलते उसी प्रकार हमें कपड़े का थैला अपने साथ रखना नहीं भूलना चाहिए तभी हम प्लास्टिक के प्रदूषण से निजात पा सकते हैं। हमारा समूह पर्यावरण संरक्षण के लिए कृत संकल्पित है इसके संरक्षण के लिए योजनाएं निरंतर क्रियान्वित हो रही है जैसे कि इस्तेमाल किए गए जल को पुनः इस्तेमाल में लेना,जल संचय के लिए प्रतिबद्ध होना,प्राकृतिक संपदा का कम से कम उपयोग करना इत्यादि। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने दैनिक कार्यों के इस्तेमाल में आने वाले चीजों के ऊपर विशेष ध्यान देने की जरूरत है जैसे पानी का जरूरत के हिसाब से प्रयोग करना, ऊर्जा की बचत के लिए पंखे इत्यादि को जरूरत के हिसाब से ही प्रयोग करें। कभी भी हम कार्यालय या घर से निकलते है तो यह सुनिश्चित कर लें कि बल्ब, पंखा बंद है इससे भी ऊर्जा की बचत कर सकते हैं। बशर्ते कि हम सभी को इसे दैनिक जीवन में अपनाना होगा और हमारे दैनिक जीवन में आने वाले जरूरतों को थोड़ा कम करके भी ज्यादा से ज्यादा ऊर्जा की बचत कर पर्यावरण को संतुलित कर सकते हैं। हम सभी ग्रासिम परिवार के सदस्यों से यही कहना चाहते हैं कि अगर हम सभी इसी तरह प्रकृति का दोहन करते रहेंगे तो अपने आने वाली पीढ़ियों को क्या संदेश देंगे। हम अपने कारखाना में पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत एवं सुरक्षा के मानकों के अनुरूप संरक्षित कर एक मिसाल कायम करें। वित्त एवं लेखा विभाग के प्रमुख शिवम पाठक ने उपस्थित कर्मचारियों से अपील किया कि पर्यावरण एवं सुरक्षा संबंधित विषयों पर सजग रहें तभी कारखाना में नियमित सुधार होते रहेंगे। पावर प्लांट प्रमुख दीपक शर्मा ने भी ऊर्जा संरक्षण एवं प्लास्टिक को पूर्णत प्रतिबंधित करने हेतु कर्मचारियों को जागरूक किया तथा अपील किया कि हमें सप्ताह में कम से कम एक दिन बिना वाहन के कार्यस्थल पर आना चाहिए जिससे पर्यावरण में कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन को थोड़ा नियंत्रित किया जा सके।

## बीपीओ ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर में बीपीओ ने पंचायत प्रतिनिधियों व मनरेगा कर्मी एवं कनीय अभियंता के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में बीपीओ बिष्णु कुमार मिश्रा ने बताया कि मनेरगा के तहत विभिन्न योजना एवं प्रधानमंत्री आवास पर चर्चा किया गया। जिसमें सभी कर्मियों से योजनाओ को ससमय पूरा करने पर बल दिया गया। बीपीओ ने पंचायत प्रतिनिधियों से कार्य में तेजी लाने को एवं मनेरगा कार्य को गुणवत्तापूर्ण कराने कार्य कराने की बात कही। मौके पर मुखिया प्रेमा देवी, आत्मेश कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह, अमरेन्द्र कुमार ठाकुर, विनोद कुमार सिंह, संजु देवी बविता देवी, विजय कुमार राम, सुदामा यादव ,आंचल देवी, अनीता देवी, पंचायत सचिव सूर्यनाथ राम प्रखंड कार्यालय सहायक मोहम्मद समिर अख्तर, उमेश कुमार चौधरी, नशीम कौशल, अशोक कुमार आदि मौजूद थे।

## आयुक्त के औचक निरीक्षण में अनुपस्थित लिपिक निलंबित

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** राजकीय बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर (केजी स्कूल) के लिपिक प्रीतम कुमार को निलंबित कर दिया गया है। आयुक्त जटा शंकर चौधरी के औचक निरीक्षण के समय बिना सूचना विद्यालय से अनुपस्थित पाए गए लिपिक प्रीतम कुमार को जिला शिक्षा पदाधिकारी ने निलंबित किया है। इससे संबंधित पत्र भी उन्होंने जारी किया है। आयुक्त के निरीक्षण के समय क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक शिव नारायण साह, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार भी थे। निरीक्षण के समय लिपिक बिना सूचना विद्यालय से अनुपस्थित पाए गए थे। अनुपस्थित लिपिक के अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पायी थी। उनके छुट्टी से संबंधित कोई आवेदन भी प्राप्त नहीं हुए थे। इसपर आयुक्त ने अनुपस्थित लिपिक के विरूद्ध कार्रवाई का निदेश दिया था।? इस संबंध में क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक के निदेश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा लिपिक से स्पष्टीकरण की मांग की गई थी। प्राप्त स्पष्टीकरण संतोषप्रद नहीं रहने के फलस्वरूप उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सदर, मेदिनीनगर के कार्यालय में निर्धारित किया गया है। जानकारी हो की स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के लिए चयनित केजी स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता जांचने के लिए आयुक्त जटा शंकर चौधरी औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। औचक निरीक्षण के समय लिपिक अनुपस्थित पाए गए थे।

# स्पोर्ट्स



**हमारी रक्षा इकाई ने अच्छा खेला तो कोई टीम हमें टक्कर नहीं दे सकती : मनप्रीत सिंह**

## फीफा विश्व कप : स्विट्जरलैंड ने सर्बिया को 3-2 से हराकर अंतिम 16 में किया प्रवेश

**दोहा।** स्विट्जरलैंड ने सर्बिया को 3-2 से हराकर फीफा विश्व कप 2022 के नॉक आउट दौर में प्रवेश किया। इस जीत के साथ ही स्विट्जरलैंड ग्रुप जी में दूसरे स्थान पर रहा। स्विस टीम ने लगातार तीसरी बार नॉकआउट चरण में जगह बनाई और अब 7 दिसंबर को राउंड ऑफ 16 मुकाबले में पुर्तगाल से भिड़ेगी। जेरडान शकीरी ने मैच के 20वें मिनट में गोल कर स्विट्जरलैंड को बढ़त दिलाई, लेकिन सर्बिया ने 26वें और 35वें मिनट में



अलेक्सांद्र मित्रोविक और दुसान व्लाहोविक के माध्यम से दो गोल कर खेल को पलट दिया। हालांकि हाफ टाइम से ठीक पहले, ब्रील एंबोलो ने गोल कर स्विटजरलैंड को बराबरी पर लाकर मैच को एक नया मोड़ दे दिया। इसके बाद दूसरे हाफ के शुरू होने के तीन मिनट बाद ही रेमो फ्रीलर ने गोल कर स्विट्जरलैंड को फिर से बढ़त दिला दी। बता दें कि 2014 के बाद से, स्विट्जरलैंड हर विश्व कप और यूरोपीय चैम्पियनशिप के नॉक आउट के दौर में पहुंच गया है। ग्रुप जी में छह अंकों के साथ स्विट्जरलैंड की टीम ब्राजील के साथ संयुक्त रुप से दूसरे स्थान पर रही। ब्राजील को कैमरून ने 1-0 से हराया था, हालांकि इस हार के बाद भी ब्राजील की टीम अंतिम 16 में प्रवेश कर चुकी है।

## धनवार के पुनीत राय स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनवार।** भाजपा के वारिष्ठ नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने खेल महोत्सव का उद्घाटन किया। राष्ट्रीय गान के साथ सुरु हुई चालीस मिनट के इस फुटबॉल टूर्नामेंट के सांसद खेल महोत्सव प्रथम पारी में जमुआ व धनवार बीच खेले गए मैच में जमुआ की टीम 0-1 से आगे रही। सेकेण्ड हाफ में एक दूसरे को मात देने व बराबरी पर रहने के लिए काफी जद्दोजहद की। लेकिन उससे आगे एक भी टीम सफल को सफलता नहीं मिल पाइ।धनवार को हराकर 0-1 से ही संतोष करना पड़ा। जमुआ को विजेता व धनवार को उप



विजेता घोषित किया गया। दोनों तीनो को नगद राशि व चेक देकर भाजपाइयो ने पुरस्कृत भी किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए लक्ष्मण सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल, खेल की भावना से खेले। खेल में हार जीत तो होती है। इससे हताहत होना नहीं चाहिए। अपना हौसला बनाये रखिये सफलता जरूर मिलेगी। मौके पर धनवार सीओ नरेश कुमार वर्मा उदय सिंह, सुनील अग्रवाल, उपेंद्र सिंह, जय प्रकाश साहा, राजेंद्र प्रसाद यादव, ओम प्रकाश गुप्ता, कृष्णदेव रजक, अजय रंजन, उत्तम गुप्ता, पवन साव, अजित रजक समेत दर्जनों भाजपाई उपस्थित थे। लक्ष्मण सिंह ने राष्ट्रीय गान गाकर व किक मारकर मैच का उद्घाटन किया।

मैच समापन होने के आधे फटे बाद सांसद अन्नपूर्णा देवी व धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी पहुंचे ओर विजेता व उप विजेता टीम को सांसद व विधायक ने पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### डीएवी सेक्टर-6 में गूंज का आयोजन



बोकारो (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 में एलकेजी से कक्षा दूसरी तक के बच्चों के लिए शिक्षण कौशल से संबंधित विभिन्न गतिविधियों पर आधारित क्रियाकलापों का आयोजन किया गया। कक्षा दूसरी के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के आसनों को दिखाया। साथ ही उससे होने वाले लाभों को बताया। कक्षा प्रथम के छात्रों ने वृक्ष के कटने से होने वाले विनाश को नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया। एलकेजी एवं यूकेजी के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल सीआइएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट बसंत कुमार ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को विकसित करने में शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों का भी योगदान रहता है। इस तरह के प्रतियोगिताओं में भाग लेने से उनका विकास तो होता ही है साथ में देश का भी विकास होता है। इस अवसर पर प्राचार्य ने एसके मिश्न ने बच्चों की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही सभी बच्चों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। वहीं, एलकेजी, यूकेजी के बच्चों के लिए भाषण प्रतियोगिता में आव्या रिशू, काव्या, समर्थ, कृशांत, सृष्टि, प्रिया, लेखन प्रतियोगिता में आरव महतो, अलिसा, पल्लवी, शिवांजय, कौस्तुभ, ड्राइंग प्रतियोगिता में अयांश, अद्दज, रूद्र, अमन, कक्षा प्रथम एवं द्वितीय में योगा प्रतियोगिता में अनिरूद्ध, प्रिंस, प्रांजना, अंजू प्रिया, शताक्षी झा, आदर्शी, आजम, अदिर्शा लेखन प्रतियोगिता में ओम प्रभास, आर्यण, अंकुश, मुकुंद, आद्या, कुसुम, सुमन, प्रियांशु, रचित प्रसाद, प्रेरणा, अविका, प्रिया, फैज, सक्षम, स्पोट पेंटिंग में पियूष पटेल, देवाशीष, अलिसा, स्नेहा, चित्राक्षी, अनुभव, दिशा कोमल मुकुंद, कुसुम, ओजेस ओम कश्यप, ओम प्रभास, शायना, अर्णव, शुभम, अनुभव और वाणी सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर टाटा स्टील जामाडोबा चीफ ने 36 दिव्यांगों में वितरित किया प्रमाण पत्र



महुदा (आजाद सिपाही)। सिजुआ टाटा स्टील सामुदायिक भवन में विश्व दिव्यांग दिवस पर टाटा स्टील की ओर से शिविर आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए टाटा स्टील जामाडूबा चीफ नरेंद्र गुप्ता ने 36 दिव्यांगों के बीच दिव्यांग प्रमाण पत्र का वितरण किया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले हमलोगों ने टाटा स्टील फाउंडेशन के वोलेंट्रीयल के माध्यम से ऐसे दिव्यांगों का पता लगाया जो जानकारी के अभाव में उनके पास प्रमाण पत्र नहीं है। उनलोगों को किसी प्रकार के सरकारी लाभ नहीं मिल रहा है। इसके बाद सरकार से बातचीत कर उनलोगों को दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान कराया। ताकि उनलोगों को सरकारी दिव्यांग पेंशन मिल सके।

### डॉ राजेंद्र प्रसाद के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज एवं देश को ले जा सकते हैं आगे : अमरेंदु प्रकाश



बोकारो (आजाद सिपाही)। भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर शनिवार को बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कुमार, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) अमिताभ श्रीवास्तव, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) चितरंजन महापात्रा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने इस्पात भवन के समीपस्थ स्वर्गीय डॉ राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अमरेन्दु प्रकाश ने कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद के जीवन से प्रेरणा लेकर हम अपने समाज एवं देश को आगे ले जा सकते हैं।

## गैरेज में खड़ी हाइवा को चोरी कर भागने के क्रम में पुलिस ने दबोचा

# चोरी का हाइवा बरामद, तीन गिरफ्तार, गये जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** थाना क्षेत्र के महुदा मोड़ पर स्थित एक गैरेज से विगत गुरुवार की रात एक बजे तेलमच्चो निवासी राजेंद्र साव की हाइवा चोरी हो गई थी। हालांकि महुदा थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह के त्वरित कार्रवाई से पुलिस ने चोरी के हाइवा के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। शनिवार को केस कर तीनों को न्यायिक हिरासत में धनबाद जेल भेज दिया। महुदा पुलिस की सक्रियता से घटना की सूचना के एक घंटे के बाद ही कार्रवाई के दौरान सोनारडीह फाटक के पास से चोरी हुआ हाइवा बरामद हो गया।

जानकारी के मुताबिक उक्त हाइवा को अपराधियों द्वारा चोरी कर भागने की कोशिश की जा रही थी। हालांकि इसकी सूचना पाकर महुदा थाना प्रभारी ने अंचल के सभी थानों को घटना की जानकारी दे दी। वहीं सभी थानों की पुलिस घटना को लेकर सक्रिय हो गई और पुलिस ने अपराधियों का पीछा किया। इस बीच अपराधियों ने पुलिस को देख चोरी कर ले जा रहे हाइवा को सोनारडीह फाटक के पास छोड़कर भाग निकले। वहीं, महुदा थाना प्रभारी ने आसपास के थाना क्षेत्र में नाकाबंदी कर वाहन जांच की। इस दौरान पुलिस को सफलता भी मिली। जांच के दौरान पुलिस एक बाइक में सवार तीन युवकों को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए युवकों से कड़ाई से पूछताछ के दौरान उन लोगों ने अपना अपराध कबूल करते हुए घटना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उनकी पहचान सूरज सिंह, शुभम और पंकज कुमार के रूप में हुई है। सूरज पुटकी 10 नंबर का रहने वाला है। जबकि शुभम पुटकी 10 नंबर खटाल और पंकज शिवमंदिर लोयाबाद कोकप्लांट बांसजोड़ा का रहने वाला है। वहीं इस घटना के संबंध में भुक्तभोगी राजेंद्र साव ने महुदा पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि वाहन चंदन सिंह के नाम से रजिस्टर्ड है। जिसे राजेंद्र ने खरीदकर अपने नाम ट्रांसफर के लिए दिया था। जो महुदा मोड़ के एक गैराज में खड़ी थी। आधी रात में अपराधी उक्त वाहन को चोरी कर भाग निकले। दूसरी ओर, बाघमारा डीएसपी निशा मुर्मू ने पत्रकारों को बताया कि चोरी कर भाग रहे हाइवा सहित पकड़े गये तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा हैं। पूछताछ में तीनों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। अंतरप्रांतीय वाहन चोर गिरोह एवं स्थानीय लोगों की संलिप्त होने के सवाल पर कहा कि मामले में जांच की जा रही है। कई लोगों के नाम सामने आ सकते हैं।



हाइवा चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार युवक व जब्त हाइवा।

### खरखरी बस्ती हिंसक झड़प मामले में आरोपित रॉकी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

महुदा (आजाद सिपाही)। मधुबन थाना क्षेत्र के खरखरी बस्ती में पानी भरने को लेकर दो पक्षों के बीच मामूली विवाद को लेकर हुए हिंसक झड़प के बाद बम व गोलीबारी कांड में संलिप्त फरार आरोपी रॉकी मोदक को पुलिस ने गिरफ़्तार कर लिया है। उसके विरुद्ध 55/22 के धारा 147, 148, 149,153,153 अ, 341, 342, 323, 307, 337, 338, 427, 353, 120 इ आईपीसी 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में शनिवार को जेल भेज दिया। बतातें चलें कि छह अगस्त को मधुबन थाना क्षेत्र के खरखरी बस्ती में पानी भरने को लेकर दो पक्षों के बीच मामूली विवाद में हिंसक झड़प हो गई थी। जमकर पत्थरबाजी हुई थी। झड़प के दौरान फायरिंग और बमबाजी में कई घर, दुकान, चार व दुपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गये थे। वहीं दोनों पक्षों से डेढ़ दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये थे। जिसके बाद एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के एक किशोर को उठाकर जंगल ले गया। किशोर के परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद जब किशोर मिला तो उसने परिजनों को आपबीती सुनाई थी। परिजनों ने जब इसको लेकर दूसरे पक्ष के लोगों पूछताछ की तो वे लोग आगबबूला हो गए और किशोर के परिजनों के साथ मारपीट करने लगे। जिसके बाद दूसरे पक्ष के दर्जनों लोग मौके पर पहुंच गए। फिर दोनों तरफ से मारपीट शुरू हो गयी। दोनों ओर से हवाई फायरिंग के साथ-साथ बम भी चलाये गये थे। इस संबंध में मधुबन थाना प्रभारी बिनोद महतो ने बताया कि खरखरी में हुई हिंसक झड़प व गोलीबारी की घटना में संलिप्त रॉकी मोदक के ऊपर मामला दर्ज हुआ था, तब से वो फरार था। जिसे शुक्रवार को छापामारी के दौरान गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में धनबाद जेल भेज दिया गया।

### बाघमारा प्रखंड कार्यालय सभागार कक्ष में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम संपन्न



कतरास (आजाद सिपाही)। बाघमारा प्रखंड कार्यालय सभागार कक्ष में शनिवार को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति और सीओ कमल किशोर सिंह की उपस्थिति में विभिन्न दल के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श किया गया। आजसू के जिला प्रधान सचिव सह गिरिडीह लोकसभा के जिला सांसद प्रतिनिधि रामा शंकर तिवारी ने मतदाता सूची पुनरीक्षण विषय पर महत्वपूर्ण सुझाव भी दिया। मौके पर गौतम गोप, बच्चू राय, अजित पांडेय, राजेश राम, जीतेश रजवार, सुरेश रजक, बैजनाथ साव आदि शामिल थे।

## आधुनिक भारत के निर्माता थे डॉ राजेंद्र बाबू: ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में शनिवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में महान स्वतंत्रता सेनानी, भारत के प्रथम राष्ट्रपति, भारतरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के तैल-चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर उनके विशुद्ध व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन-चरित्र से सीख लेने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि डॉ राजेंद्र बाबू आधुनिक भारत के निमार्ता थे। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और संविधान निर्माण में उन्होंने अतुलनीय भूमिका निभाई। वे देश के प्रति सदा समर्पित रहे और उनकी सोच भारत को मजबूत बनाने स्वतंत्र और पूरी दुनिया के देशों में भारत सबसे आगे हो, देशहित में इनका कार्य उल्लेखनीय एवं महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके देश को एकता और भाईचारे के सूत्र में बांधने का प्रयास काफी अनुकरणीय रहा है। उनका सादा जीवन और उच्च विचार के सिद्धांत पर आधारित उनका जीवन देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। हम सभी को उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेने की दरकार है। इस मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस डेलिगेट वैभव सिन्हा, योगेंद्र सिंह योगी, राजेश्वर सिंह यादव, बीके सिंह, नवनीत नीरज, दिनेश सिंह, गोपाल कृष्ण चौधरी, पप्पू कुमार तिवारी, कामता पासवान, रवि रंजन सिंह, रमेश राय, सिकंदर-ए-आजम, अरविंद सैनी, पवन महतो, अमन प्रसाद आदि मौजूद थे।


भारतरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद सिंह को माल्यार्पण कर नमन करते कांग्रेसी।

## दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेल-बोकारो स्टील प्लांट ने अपने सीएसआर के तहत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के साथ हाथ मिलाया है, जो सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, भारत सरकार के तहत एक मिनीरत्न कंपनी है। दिव्यांगज अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर आशा लता विकलांग विकास केंद्र में शनिवार को एक शिविर आयोजित कर एलिम्को और बोकारो जिला प्रशासन के सहयोग से इस अभियान को शुरू किया गया। इस मौके पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश, बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी, डीडीसी श्रीमती कीर्ति श्री, एसडीएम चास दिलीप सिंह शेखावत, बीएसएल के अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कुमार, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) ए श्रीवास्तव, अधिशासी निदेशक (प्रोजेक्ट्स) सीआर महापात्रा, महाप्रबंधक (सीएसआर) बीएसएल सीआरके सुधांशु, वरीय प्रबंधक एलिम्को अनुपम प्रकाश, आशा लता केंद्र के निदेशक बीएस जायसवाल, बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक और अन्य वरीय अधिकारी आदि उपस्थित थे। इस दौरान विभिन्न प्रकार की विकलांगताओं के लिए दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण निःशुल्क वितरित किए गए, जिनमें 11-मोटर चालित ट्राइसाइकिल और 99- व्हीलचेयर, 188- पारंपरिक ट्राइसाइकिल, 462- श्रवण यंत्र (बीटीई), मानसिक रूप से दिवयांग बच्चों के लिए 108-एमएसआईईडी किट, 3 स्मार्ट फोन, 39 स्मार्ट केन, 140 बैसाखी, 23-रोलेटर्स, ब्रेल केन/स्लेट, वॉकर तथा प्रोस्थेसिस और ऑर्थोसिस शामिल हैं. इस आयोजन से पूर्व बोकारो जिला प्रशासन की मदद से जरीडीह, चंदनकियारी, चास और आशा लता केंद्र में बोकारो जिले के जरूरतमंद दिव्यांगजनों को इन उपकरणों के वितरण के लिए चिन्हित करने के उद्देश्य से स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किए गए थे। लगभग 70 लाख रुपये मूल्य के 1487 प्रकार के सहायक उपकरणों के वितरण के लिए कुल 714 लाभार्थियों की पहचान की गई।आशा लता केंद्र में आयोजित इस अभियान के प्रथम शिविर में 262 दिव्यांगजनों को लगभग 23 लाख रुपये मूल्य के सहायक उपकरण वितरित किए गए। बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि समावेशी विकास के लिए सेल-बीएसएल अपने सीएसआर के तहत दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। उनके जीवन में सार्थक बदलाव लाने को लगातार प्रयासरत रहेगा। वहीं, डीसी कुलदीप चौधरी ने दिव्यांगजनों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए बीएसएल के इस पहल की सराहना की। साथ ही इस पूरे अभियान से जुड़े एलिम्को और जिला प्रशासन की टीम के योगदान को भी रेखांकित किया। उल्लेखनीय है कि बीएसएल ने दिव्यांगजनों के बीच एक करोड़ रुपये मूल्य के सहायक उपकरणों के वितरण के लिए हाल ही में एलिम्को के साथ एक समझौता ज्ञापन किया है। इस अभियान के अगले चरण में प्रोस्थेटिक्स सहित दिव्यांगजनों के बीच सहायक उपकरणों के वितरण के लिए ऐसे शिविरों का आयोजन जारी रहेगा।



## जमीन अतिक्रमण कर बनायी जा रही दुकान को डीवीसी प्रबंधन ने रोका

**बोकारो थर्मल (आजाद सिपाही)।** बोकारो थर्मल स्थित लाल चौक में डीवीसी की जमीन पर अतिक्रमण कर अवैध तरीका से बनाए जा रहे दुकान निर्माण कार्य पर प्रबंधन ने शनिवार को रोक लगा दिया। यह दुकान डीवीसी के सेवानिवृत्त कर्मी कुलदीप राम बनाई जा रहीं थी। जिसका निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया हैं। जमीन का फर्श बनाना ही बाकी रह गया था। दुकान के नीचे से डीवीसी का (ट्रेसर लाइन) ऐश पौंड तक जाने वाली छाई पाइप लाइन गुजरा हुआ हैं। जिसके एंगल के ऊपर दुकान बनाया जा रहा है। इसकी जानकारी मिलते ही डीवीसी के प्रधान मुख्य अभियंता सह परियोजना प्रधान सुशांत सनिग्रही के निर्देश एवं उप महा प्रबंधक नीरज कुमार सिन्हा के नेतृत्व में पहुंचे और अवैध दुकान को दुकान हटाने के लिए चार दिनों तक का समय दिया गया।

## धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में 10 दिवसीय ट्रेड फेयर का हुआ शुभारंभ, उमड़ी भीड़

# धनबाद के विकास के लिए सभी को पॉजिटिव सोच के साथ आगे आना होगा : समीरण दत्ता

**बीसीसीएल सीएमडी और एसएसपी ने संयुक्त रूप से किया उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड इंडस्ट्रीज एंड ट्रेड एसोसिएशन एवं सीसीजी मार्केटिंग एंड सर्विस (कोलकाता) व इंडिया इंटरनेशनल द्वारा संयुक्त रूप से धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में 10 दिवसीय ग्रैंड ट्रेड फेयर का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता व धनबाद के एसएसपी संजीव कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर मलय चंदन चक्रवर्ती (जुट कमिशनर एंड सेकरेटरी - एनजेबी), डीपीएस स्कूल की प्राचार्या सरिता सिन्हा, जीटा के अध्यक्ष अमितेश सहाय, महासचिव राजीव शर्मा, सीसीजी मार्केटिंग के चंदन बनर्जी और प्रमोद पाठक मुख्य रूप से उपस्थित थे। मंच का संचालन प्रमोद पाठक ने किया।


गोल्फ ग्राउंड में ट्रेड फेयर का उद्घाटन करते बीसीसीएल के सीएमडी व अन्य।

**उद्योग एवं व्यवसाय को सुगम बनाने के लिए जीटा कृत संकल्पित : राजीव शर्मा**

जीटा के महासचिव राजीव शर्मा ने कहा कि झारखंड इंडस्ट्रीज एंड ट्रेड एसोसिएशन, कोयलांचल में उद्योग एवं व्यवसाय के विकास को लेकर कृत संकल्पित है। उद्योगों एवं व्यवसाय को सुगम बनाने के प्रयासों में जीटा लगातार अग्रसर भूमिका निभा रहा है। वहीं जीटा के अध्यक्ष अमितेश सहाय ने कहा कि जीटा और सीसीजी मार्केटिंग के साथ संयुक्त रूप से 12 दिसंबर तक यह ट्रेड फेयर आयोजित किया गया है। धनबाद में अपनी तरह का यह पहला ट्रेड फेयर है। इसमें सात देशों थाईलैंड, मलेशिया, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, दुबई, सिंगापुर और स्विजरलेंड के अलावे देश के लगभग 15 राज्यों के स्टाल लगे हैं। इसमें धनबाद के उद्योग यहां के व्यापार से भी जुड़े मैथन सेरामिक और अन्य कई स्टाल लगे हैं। जीटा का यह सफर यही नहीं थमेगा। धनबाद के विकास को गति देने का यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

### धनबाद खुद अपनी विशेषता को प्रदर्शित करता है : सीएमडी

बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता ने कहा कि धनबाद विकास की तरफ बढ़ता दिख रहा है। धनबाद खुद में अपनी विशेषता को प्रदर्शित करता है। धनबाद स्वच्छ शहरों में देशभर में 50वें स्थान पर है और स्मार्ट सिटी में भी धनबाद का नाम है। धनबाद आने वाले समय में भारत में कोकिंग कोल के उत्पादन में सबसे ऊपर होगा। कोकिंग कोल माइंस के लिए टेंडर भी हो चुका है। भारत दुनिया में इकोनॉमी में पांचवे स्थान पर है और 2030 तक तीसरे या चौथे स्थान पर जरूर पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि धनबाद के विकास में सभी को एक सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है।

### शहर के विकास को प्रदर्शित करता है ट्रेड फेयर : संजीव

एसएसपी संजीव कुमार ने कहा कि इस ट्रेड फेयर में विदेशों से भी लोग अपने उत्पादों की बिक्री सह प्रदर्शनी कर रहे है। देश के अलग-अलग कई राज्यों से भी उत्पाद लेकर लोग आये हैं। धनबाद वासियों के लिए यह एक अच्छा मौका है। इस तरह का ट्रेड फेयर जहां भी होता है वह शहर के विकास को प्रदर्ष करता है शहर बड़ा तब होगा जब उस शहर की इकोनॉमी बढ़ेगी।

**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Municipal Corporation, Hazaribag**

**e- Procurement**
**Short Notice Inviting Tender**

1. Detail of work — **Reference No. - UDD/HMC/HZB/ 27/2022-23 (2nd Call)**

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of R.C.C Drain with cover slab from the H/o of Ashis Sinha to H/o Sita Ram Soni via Modi in Mugma Bagicha, from H/o Pradeep Kumar to H/o Suman Singh, both side beyond K.D Children School and repair of P.C.C Road in Ward No. 27 under Municipal Corporation, Hazaribag. | 41,05,000/- | 84,000/- | 10,000/- | 06 Month (180 days) |
| 2. | Construction of P.C.C road from new colony Shiv Mandir to Nilu Mehta and in LIC gali, HIG 25 to the house of Dhirendra Pandey in housing Board Colony, NH 33 to the house of Bhim Mehta in Saurav Nagar, Gali of Baldeo Mehta, Laldhari Gope and Geeta Devi Vikas Nagar, H/o Pankaj Mehta t o the H/o Ashok Mehta in cooperative colony, Mariyam Tola main road to the H/o Pappu Ram, gali no. 08 to the H/o Katariyar in Canary Hills colony, the H/o Sanjay Mehta before Sichai colony & LIC 71 to Yaswant Singh via Anupam Sinha, Mehta ji, Balram Sahu in Housing Colony in Ward No. 05 (Five) under Municipal Corporation, Hazaribag. | 95,00,000/- | 1,90,000/- | 10,000/- | 06 Month (180 days) |
| 3. | Renovation and construction of Chhath Ghat near Gandhi Smarak. | 44,17,000/- | 90,000/- | 10,000/- | 04 Month (120 days) |
| 4. | Laying of paver block from Babu Gaon Multi Gym to H/o Engineer Sahab, from Jabra road pond to NH-100 via Nusan Saw gali, from Brambey Aawas dusaha samsan ghat to survey road in ward no. 08 (Eight) Under Municipal Corporation, Hazaribag. | 94,97,000/- | 1,90,000/- | 10,000/- | 06 Month (180 days) |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | Date of Publication of Tender on website | **05.12.2022 at 11:00 A.M.** |
| | | |
| 3 | Last Date/Time of receipt of bids online | **12.12.2022 up to 2:00 P.M.** |
| 4 | Hardcopy Submission date | **13.12.2022 11:00 am to up to 2:00 P.M.** |
| 5 | Bid Opening date | **13.12.2022 at 02:00 P.M.** |
| 6 | Name & Address of office inviting tender | Executive Engineer Municipal Corporation, Hazaribag. |
| 7 | Contact No. of Procurement officer | 9431797115 |

**NOTE :**
- Only e-Tenders will be accepted.
- No Hard Copy will be accepted after 13-12-2022 up to 2.00 PM.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Engineer
Municipal Corporation, Hazaribag

PR 284128 (Urban Development and Housing) 22-23 (D)

## महिला उद्योग सत्र में शामिल हुए ओड़िशा के मुख्यमंत्री

# 70 लाख माताओं की महाशक्ति बन गया है मिशन शक्ति : नवीन पटनायक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** महिला उद्योग सत्र शनिवार को भुवनेश्वर में मेक-इन ओडिशा कॉन्क्लेव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक शामिल हुए। उन्होंने कहा कि 2001 में शुरू हुआ मिशन शक्ति आज ओड़िशा की 70 लाख सशक्त माताओं की महाशक्ति बन गया है। मेरी सरकार के लिए महिला सशक्तिकरण सिर्फ एक नारा नहीं है, वे समझोता संहिता है। यह एक पवित्र जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि माताओं को सशक्त किए बिना कोई भी परिवार, कोई समाज, कोई राज्य या कोई भी देश प्रगति नहीं कर सकता है। यह बताते हुए कि हमारे पास ओडिशा में छह लाख स्वयं सहायता समूह काम कर रहे हैं, मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य एसएचजी को एसएमई में बदलना है। हम ऐसा करने के लिए अतिरिक्त मील दौड़ने के लिए तैयार हैं। श्री पटनायक ने कहा कि हम इसके लिए सब कुछ करने को तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मिशन शक्ति माताओं को पांच लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने के निर्णय से ओडिशा की लाखों माताओं को लाभ होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडिशा कैबिनेट ने पांच साल में माताओं को पांच हजार करोड़ का काम देने का फैसला किया है और इससे करीब एक लाख स्वयं सहायता समूह लाभान्वित हो रहे हैं। यह कहते हुए कि हमारा उद्देश्य मिशन शक्ति संघों को और मजबूत करना है और उन्हें सक्रिय आर्थिक केंद्रों में बदलना है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रत्येक जिला संघ को एक



करोड़ रुपये का रिवॉल्विंग फंड और प्रत्येक ब्लॉक स्तरीय महासंघ को 50 लाख रुपये का रिवॉल्विंग फंड दिया जायेगा।

इसी प्रकार मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि पंचायत स्तर पर फेडरेशन के लिए बाजार परिसर के साथ एक विशेष कार्यालय भवन बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि महिला उद्यमी बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी 30 जिलों में सूक्ष्म और मिनी उद्योग पार्क लगाये जायेंगे। महिला उद्यमी ओडिशा के परिवर्तन में महिलाओं की प्रमुख भूमिका बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह महिलाओं के समग्र सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एक कॉफी टेबल बुक, मिशन शक्ति मिशन ऊर्जा विभाग की स्केलिंग अप का उन्मोचन किया और मां तारणी एसएचजी कटक की कविता साहू, सुंदरगड दिव्यज्योत एसएचजी की प्रेमा दास और नुआपड़ा बंनदुर्गा एसएचजी की गायत्री सुनाई को सम्मानित किया। इसी तरह स्वयं सहायता समूहों को ऋण उपलब्ध कराने में अच्छा काम करने वाले ओड़िशा ग्रामीण बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और यूको बैंक को संबर्धित किये। मिशन शक्ति मंत्री बासंती हेंब्रम ने अपने भाषण में महिलाओं के विकास के लिए की गई पहलों पर प्रकाश डाला। मिशन शक्ति सचिव सुजाता कार्तिकेय ने स्वागत भाषण दिया। विभागीय निर्देशक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मां सरस्वती पुस्तकालय सह अध्ययन केंद्र का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनवार।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर धनवार प्रखंड परिसर में मां सरस्वती पुस्तकालय सह अध्ययन केंद्र का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह, एसडीएम धीरेंद्र कुमार सिंह,एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, प्रमुख गौतम कुमार सिंह, समाज सेवी अनूप संथालिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर



और फीता काटकर किया। सर्वप्रथम सभी ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर ही स्वीप कार्यक्रम के तहत खोरीमहुआ अनुमंडल क्षेत्र के 22 सरकारी व निजी विधालयों के बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सही उतर देने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर धनवार बीडीओ रामगोपाल पांडेय, सीओ नरेश कुमार वर्मा, भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष शफीक अंसारी, सुबोध कुमार राय, बसंत भोक्ता, उदय सिंह, श्रीकांत राय, जयप्रकाश साहा, विकेन्द्र साहा और रामेश्वर चौधरी आदि मौजूद थे।

# मेक इन ओड़िशा कॉनक्लेव 2022 में गुप्ता पावर्स इंफ्रास्ट्रक्चर के सीएमडी महेंद्र गुप्ता सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर जनता मैदान में मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव-2022 के दूसरे दिन दो दिसंबर को पहले सत्र में भुवनेश्वर गुप्ता पावर्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के चेयरमैन सह प्रबंधनिदेशक (सीएमडी) महेंद्र कुमार गुप्ता को ओडिशा सरकार के एमएसएमइ तथा ऊजार्मंत्री प्रताप केशरी देव द्वारा सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि यह एवार्ड : 2019-20 में (वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण काल के बावजूद) भुवनेश्वर गुप्ता पावर्स इन्फ्रास्ट्रक्चर द्वारा असाधारण एसीएसआर तथा एएएसी कंडक्टर उत्पादक तथा निर्यात कंपनी के रूप में कुल 54 उद्योगों के प्रमुखों तथा 12 हजार उद्योगपतियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। देश-विदेश के अनेक सरकारी तथा गैरसरकारी संगठनों तथा संस्थाओं से जुडे महेंद्र कुमार गुप्ता एक सफल तथा संवेदनशील उद्योगपति हैं, जो अपने कंपनी-समूह के माध्यम से डिजिटल इंडिया को आत्मनिर्भर भारत योजना को तथा ओडिशा प्रदेश सरकार की सभी महात्वाकांक्षी योजनाओं को सतत बढावा देते आ रहे हैं।

बता दें कि महेंद्र कुमार गुप्ता 2017 में आप्टीकल फाईवर केबुल निर्माण की दुनिया में प्रवेश किये। अपने आभार प्रदर्शन में महेंद्र कुमार गुप्ता ने ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक तथा उनके समस्त सहयोगियों के प्रति आभार जताया। भुवनेश्वर गुप्ता पावर्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के सीएमडी महेन्द्र कुमार गुप्ता को मिले एवार्ड के लिए बहुत-बहुत बधाई।

# 8वें केआइआइटी इंटरनेशनल स्कूल में साहित्य उत्सव की हुई शुरुआत

### अभिनेत्री नंदिता दास, लेखक जीवा रघुनाथ और रविंदर सिंह हुई शामिल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** किट इंटरनेशनल स्कूल का 8वां राष्ट्रीय नेसनल चिल्ड्रन लिटालरी फेस्टिवल 2022 शनिवार को अभिनेत्रि और निर्देशक नंदिता दास, प्रसिद्ध लेखक और कथाकार जीवा रघुनाथ और लेखक रविंदर सिंह की उपस्थिति में शुरू हुआ। किट इंटरनेशनल स्कूल की चेयरपर्सन डॉ मोनालिसा बल ने कहा कि फेस्टिवल की कल्पना रुस्किन बॉन्ड ने की थी, जो वर्चुअल मोड के जरिए फेस्टिवल में शामिल होंगे क्योंकि उनकी तबीयत ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि हम पढ़ने पर बहुत अधिक महत्व दे रहे हैं जो जीवन का सार है। स्कूल के निदेशक डॉ संजय सुअर ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया और के9 क्लाउड को विशेष धन्यवाद दिया, जो इस आयोजन को संचालन कर रहा है।

## भीमसेन प्रधान नालको के नये कार्यकारी निदेशक बने



**भुवनेश्वर।** अंगुल नालको के नये कार्यकारी निदेशक के रूप में भीमसेन प्रधान को नियुक्त किया गया है। अंगुल प्रधान ने शुक्रवार स्मेल्टर और पावर कॉम्प्लेक्स में कार्यभार संभाला है। इस अवसर पर एस एंड पी कॉम्प्लेक्स के कर्मचारी, यूनियन के सभी सदस्य, यूनियन के कार्यकर्ताओं ने नये कार्यकारी निदेशक का स्वागत किया। इससे पहले श्री प्रधान नालको दामनजोडी में महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे।

## वरिष्ठ पत्रकार वैष्णव चरण जेना का निधन



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार वैष्णव चरण जेना का शनिवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 68 वर्ष के थे। जाजपुर जिले के मूल निवासी जेना ने हमेशा पत्रकारिता की गरिमा को बनाए रखा था। उन्होंने मातृभाषा, न्यायबती और श्रुति जैसे प्रमुख अखबारों में पत्रकारिता की है। हालांकि विधानसभा के पत्रकार के रूप में वे काफी लोकप्रिय थे। क्योंकि विधानसभा की तकनीकी खबरों को एकत्र करने में उनकी विशेष रुचि थी। उनके हस्तलिखित विधानसभा समाचार को अन्य पत्रकारों ने भी अपने समाचार पत्रों में भेज रहे थे। उनके निधन से ओड़िशा के मीडिया जगत में शोक है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा सं. : 02-GS-DHN-2022-23. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : पूर्व मध्य रेलवे धनबाद मंडल के हजारीबाग टाउन स्टेशन पर कोच अनुरक्षण डेपो (फेज-1) से संबंधित समग्र कार्य (सिविल एवं इलेक्ट्रिकल (जी)) जिसमें क्रेन के लिए गैन्ट्री के साथ कवर्ड शेड का प्रावधान एवं निर्माण (प्री-इंजीनियरड बिल्डिग पी ई बी), कोचिंग सिक लाइन पिट, कैटवॉक के साथ वाशिंग पिट, सर्विस बिल्डिग, इलेक्ट्रिक सब-स्टेशन, बाउंड्री वॉल एवं ड्रेन के साथ-साथ विद्युतीकरण एवं इलूमिनेशन का कार्य। 18 (महीना)। कार्य की लगभग लागत (₹ में) : ₹13,02,14,240.09, बयाने की राशि (₹ में) : ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in. पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय : ई-निविदा बंद होने की तारीख 26.12.2022 को 17:00 बजे तक। ई-निविदा खुलने की तारीख 27.12.2022 को 12:00 बजे से। वेबसाइट का विवरण : http://www.ireps.gov.in.ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) / पूमरे/धनबाद

पीआर/01611/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/22-23/32

## सासाराम में कपलिंग खुलने के बाद महाबोधि ट्रेन की बोगी अलग हुई

**सासाराम।** सासाराम में रेल कर्मियों की तत्परता से शनिवार को एक ट्रेन हादसा होने से बच गया। दरअसल नई-दिल्ली जाने वाली 12397 अप महाबोधि एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त के कुछ बोगियों की कपलिंग खुलने से यह घटना हुई। बताया जा रहा है कि सासाराम से लगभग तीन किलोमीटर पूर्व पायलट बाबा धाम के पास कपलिंग खुलने से ट्रेन की बोगी अलग-अलग हो गयीं। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे रेलवे के स्थानीय अधिकारियों और कर्मियों ने खामियों को दूर कर ट्रेन को गंतव्य की ओर रवाना किया।




























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**